सत्यमेव जयते

Lokayukta Rajasthan

Annual Report 2022

Verge of completing Half Century

1st January, 2022 to 31st December, 2022

सत्यमेव जयते

लोकायुक्त राजस्थान

34वाँ वार्षिक प्रतिवेदन

अन्तर्गत धारा 12(4) राजस्थान लोकायुक्त तथा
उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973

01.01.2022 से 31.12.2022

पी.के.लोहरा
लोकायुक्त, राजस्थान

स्पष्टीकारक ज्ञापन

लोकायुक्त द्वारा राजस्थान लोकायुक्त और उप लोकायुक्त अधिनियम, 1973 के अधीन अपने कृत्यों का 34वॉ वार्षिक समेकित प्रतिवेदन राज्यपाल महोदय को प्रस्तुत किया गया हैं। इस प्रतिवेदन में दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक की कालावधि सम्मिलित है।

प्रतिवेदित कालावधि के दौरान कालावधि के प्रारम्भ में अर्थात दिनांक 01.01.2022 को कुल 4,767 परिवाद कार्यवाही हेतु लम्बित थे एवं उक्त दिनांक से 31.12.2022 की अवधि में 2,200 परिवाद और प्राप्त हुए। इस प्रकार प्रतिवेदन की कालावधि के दौरान अर्थात दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक कुल 6,967 परिवाद प्राप्त हुए।

परिवादों का कुल योग 6,967 हुआ। कुल 6,967 परिवादों में से 3,031 परिवादों का निस्तारण किया जाकर दिनांक 31.12.2022 को 3,936 परिवाद लम्बित रहे, जो परिशिष्ट 1.1 में प्रदर्शित है।

प्रतिवेदित कालावधि के दौरान कालावधि के प्रारम्भ में अर्थात दिनांक 01.01.2022 को 28 प्रकरणों में अन्वेषण प्रकरण लम्बित थे। दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक की कालावधि में 22 और प्रकरणों में अन्वेषण प्रारम्भ किया गया। कुल 50 अन्वेषण प्रकरणों में से उक्त कालावधि में 03 प्रकरण नस्तीबद्व किये गये, 15 प्रकरणों में अन्वेषण पश्चात सक्षम प्राधिकारी को धारा 12(1) के अन्तर्गत अनुशंषा प्रतिवेदन प्रेषित किये गये।

इस प्रकार प्रतिवेदनाधीन कालावधि में कुल 18 अन्वेषण प्रकरणों का निस्तारण किये जाने के पश्चात दिनांक 31.12.2022 को 32 प्रकरणों में अन्वेषण लम्बित रहा, परिशिष्ट–1.2 एवं 1.3 में प्रदर्शित है।

प्रतिवेदन कालावधि के प्रारम्भ मे अर्थात दिनांक 01.01.2022 को 25 प्रकरणों में प्रारम्भिक जांच लम्बित थी। दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक की कालावधि में 02 और प्रारम्भिक जांच संस्थित की गई। उक्त कालावधि में प्रारम्भिक जांच के कुल 27 प्रकरणों में से 06 प्रकरण नस्तीबद्व किये गये, 01 प्रकरण अन्वेषण प्रारम्भ कर दिये जाने के कारण अन्वेषण प्रकरण के शीर्ष में अन्तरित किये गये

इस प्रकार उक्त अवधि में कुल 07 प्रारम्भिक जांच प्रकरणों का निस्तारण किये जाने के उपरांत दिनांक 31.12.2022 को 20 प्रारम्भिक जांच लम्बित थी, जो परिशिष्ट–1.4 में प्रदर्शित है।

प्रतिवेदन की कालावधि में 161 विभिन्न दोषी लोकसेवकगण के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाहियां की गई, जो परिशिष्ट 1.7 में प्रदर्शित है।

प्रतिवेदन कालावधि के दौरान 378 मामलों में परिवादियों को उनकी संतुष्टि के अनुरूप अनुतोष प्रदान किया गया, जो परिशिष्ट 1.8 में दर्शाया गया है।

प्रतिवेदन के अन्तिम भाग में लोकायुक्त एवं उप–लोकायुक्त एवं सचिवगणों की पदस्थापन अवधि का विवरण, लोकायुक्त सचिवालय का संगठनात्मक ढांचा, परिवादीगणों द्वारा प्रेषित आभार पत्र एवं कतिपय छाया चित्र को उद्धृत किया गया है।

प्रमुख शासन सचिव
कार्मिक विभाग

PREFACE

I feel honoured to present my 2nd Annual Report as Lokayukta, Rajasthan to the Hon'ble Governor of Rajasthan in adherence of sub-section(4) of section 12 of the Rajasthan Lokayukta and Up-Lokayuktas Act, 1973. As per mandate of sub-section (4) of section 12 of the Act, the Lokayukta is required to submit a consolidated report every year indicating his performance and functions to Hon'ble the Governor. This report covers the activities of the Lokayukta Institution from 1st January, 2022 to 31st December, 2022.

It is indeed a matter of great pleasure that Lokayukta Institution in Rajasthan is completing 50 years in the forthcoming year. The Institution was established on 3rd February, 1973 and since then, it is making sincere endeavour to fulfill the aspirations of the residents of the State as well as print and electronic media. Since its inception, the Institution had taken a vow to carry-out its obligations in the best interest of the public at large. This year, out of 6967 complaints registered with the Institution, 3031 are decided with an affirmative result.

It is also noteworthy that while resolving disputes and deciding complaints, the Institution proposed recovery for embezzled public money from the delinquent public servants. The aforesaid action was proposed by the Institution after threadbare examination of the complaints with objectivity.

Yet another milestone is that proposal of the Institution has yielded encouraging results in as much as a whopping sum of **Rs. 4.03 crores** (Rupees Four Crore Three Lacs) approx. is recovered from the indicted public servants. The recovery of this huge amount has enriched public exchequer. Furthermore, during the course of the year, the Institution has indicted 161 public servants for their lapses in discharge of duties and proposed appropriate action against 48 delinquent public servants u/s 12(1) of the Rajasthan Lokayukta and Up-Lokayuktas Act, 1973. As an Institution, we are driven to build confidence that the public of Rajasthan reposed in us and ensure that the work undertaken by us would reflect our intentions.

Besides taking prompt and effective actions to redress the afflictions of the complainants regarding corruption, misuse of powers or inaction on the part of public servants, the Institution has also made sincere endeavour to act on humanitarian considerations. In the yesteryears, the Institution received many complaints from the victims of Silicosis disease. Out of these complaints, some were from the dependents of a deceased person and some by sufferers of the silicosis disease. In the respective complaints, the complainants craved for grant of compensation/ex-gratia payments. Giving priority to these complaints, the Institution made all efforts to gauge the wounds of the complainants. Eventually, persistent efforts by this Sachivalaya resulted in affirmative results paving the way for disbursement of substantial

amount of **Rs. 28 crores** approx. as compensation/ex-gratia to the victims.

Along with this report the history and background of the Institution of Lokayukta, jurisdiction of investigation, process of investigation and summary of such cases, is also included. In these reports, special reports numerous recommendations have been sent to the competent authority under various sections of the Act.

I appreciate all of the Lokayukta staff members, as well as the Secretary, Deputy Secretary, OSD(J), OSD(R) and other officials for working hard with full dedication to improve the quality of work disposed of by this Institution and handling complaints relating to investigation at the same time.

It is my firm belief that this Institution will achieve the cherished object of combating corruption, high-handed actions and deliberate inactions on the part of public servants/administration, paving the way for citizen's access to good governance and to ensure improvement in their standard of living. The Institution is committed to make efforts for ensuring an egalitarian society within the State.

Without the assistance of various government departments, it would not have been possible for this Institution to carry out its onerous and demanding duties in a healthy and efficient manner. With very few exceptions, several officers and authorities of the State Government have been cooperative in resolving/redressing

the complaints /grievances of the aggrieved complainants. I want to use this occasion to express my gratitude for all the help/assistance offered by them. Given that the goal of this Institution is to support and contribute towards eradication of corruption and the State's excellent governance, it is just and reasonable to assume that all of these authorities/establishments will provide their full cooperation to this Institution whenever necessary in the future as well.

Before parting, I must say that without the unwavering support of the disciplined staff members of this Institution, despite their proportionate paucity, it would not have been possible for me to fulfill objectives of this Institution. My mission to fulfill the objectives of this Institution and duties in line would not have been simpler without their commitment/dedication in discharging duties effectively and efficiently. The Institution should be able to succeed in performing its duties in the upcoming year(s) with staff members' sustained collaboration and the cooperation of the Government authorities/establishments.

Place : Jaipur
Date : January 02, 2023

(P.K. Lohra)
Lokayukta, Rajasthan

अनुक्रमणिका

	विवरण		पृष्ठ संख्या
लोकायुक्त संस्था का परिचय			1–20
	इतिहास एवं पृष्ठभूमि		1
	अन्वेषण की अधिकारिता एवं शक्तियाँ		4
	जाँच एवं अन्वेषण की प्रक्रिया		5
	प्रशासनिक स्थिति एंव बजट		9
	आलोच्य वर्ष की विशेष पहल एवं उपलब्धियाँ		11
	तुलनात्मक विवरण		12
	वर्तमान परिप्रेक्ष्य में लोकायुक्त संस्था के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकताएं व अपेक्षाएं		14
अध्याय–1	सम्पादित कार्य		21–50
		सम्पादित कार्य	21
	1.1	लम्बित, संस्थित और निस्तारित परिवादों का विवरण	24
	1.2	धारा 12(1) के प्रकरणों का विवरण	26
	1.3	अन्वेषण प्रकरणों का विवरण	27
	1.4	प्रारिम्भक जाँच प्रकरणों का विवरण	28
	1.5	विभागवार अनुशासनिक कार्यवाही के प्रकरणों की संख्या	29
	1.6	धारा 12(1) में दोषी पाये गये लोकसेवकों की सूची	31
	1.7	दोषी लोकसेवकों के विरुद्ध विभागीय स्तर पर की गई अनुशासनिक कार्यवाही की सूची	35

	1.8	विभागवार अनुतोष प्रकरणों की संख्या	46
	1.9	इस सचिवालय द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप आरोपी लोकसेवकगण से वसूल करवाई गई राशि का विवरण	48
	1.10	इस सचिवालय द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप सिलिकोसिस पीड़ितो को भुगतान की गई राशि का विवरण	50
अध्याय–2	अन्वेषण पश्चात् सक्षम प्राधिकारी को धारा 12(1) राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 के अन्तर्गतं प्रेषित अनुशंषा के प्रकरण		**51–66**
अध्याय–3	इस सचिवालय द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप विभागों द्वारा विभागीय स्तर पर लोकसेवकों के विरुद्ध की गई अनुशासनिक कार्यवाही के प्रकरण		**67–94**
अध्याय–4	अनुतोष के प्रकरण		**95–262**
विविध			**263–272**
	लोकायुक्त एवं उप–लोकायुक्त की पदस्थापन अवधि		263
	सचिव की पदस्थापन अवधि		266
	लोकायुक्त सचिवालय का संगठनात्मक ढांचा		267
	परिवादीगण से प्राप्त आभार पत्र		268–272

लोकायुक्त
संस्था
का परिचय

- इतिहास एवं पृष्ठभूमि
- अन्वेषण की अधिकारिता एवं शक्तियाँ
- जांच एवं अन्वेषण की प्रक्रिया
- प्रशासनिक स्थिति एवं बजट
- आलोच्य वर्ष की विशेष पहल एवं उपलब्धियाँ
- तुलनात्मक विवरण
- वर्तमान परिप्रेक्ष्य में लोकायुक्त संस्था के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकताएं व अपेक्षाएं

लोकायुक्त संस्था का परिचय

इतिहास एवं पृष्ठभूमि

विश्व के अधिकांश देशों में जिस संस्था को 'ऑम्बुड्समैन' कहा जाता है, उसे भारत में लोकपाल या लोकायुक्त के नाम से जाना जाता है। इस संस्था को लोकपाल या लोकायुक्त नाम मशहूर कानूनविद् डॉ.एल.एम. सिंघवी ने वर्ष 1963 में दिया था। लोकपाल शब्द संस्कृत भाषा के शब्द लोक (लोगों) और पाल (संरक्षक) से बना है।

लोकपाल या ऑम्बुड्समैन नामक संस्था ने प्रशासन के प्रहरी बने रहने में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर सफलता प्राप्त की है। सर्वप्रथम इस संस्था की अवधारणा स्वीडन में की गई जहाँ वर्ष 1713 में किंग चार्ल्स XII ने कानून का उल्लंघन करने वाले अधिकारियों को दण्डित करने के लिए अपने एक सभासद को नियुक्त किया। स्वीडन में जब नया संविधान बना तो इस हेतु गठित संविधान सभा के सदस्यों का आग्रह रहा कि इस सम्बन्ध में पूर्व व्यवस्था से भिन्न उनका ही एक अधिकारी जाँच का कार्य करे जो किसी भी स्थिति में सरकारी अधिकारी नहीं होना चाहिए। इस पर वर्ष 1809 में स्वीडन के संविधान में 'ऑम्बुड्समैन फॉर जस्टिस' के रूप में सर्वप्रथम इस संस्था की व्यवस्था की गयी। इस संस्था का मुख्य कार्य लोक सेवकों द्वारा विधि, नियमों तथा विनियमों के उल्लंघन तथा अपालना से सम्बन्धित प्रकरणों की जाँच करना था।

स्वीडन के बाद धीरे–धीरे आस्ट्रिया, डेनमार्क तथा अन्य स्केण्डीनेवियन देशों और फिर अफ्रीका, एशिया, ऑस्ट्रेलिया, अमेरिका एवं यूरोप के कई देशों में भी 'ऑम्बुड्समैन' संस्था का गठन किया गया। संस्था की लोकप्रियता दिनों–दिन बढ़ते जाने पर फिनलैण्ड में वर्ष 1919, डेनमार्क में 1954, नार्वे में 1961 व ब्रिटेन में 1967 में भ्रष्टाचार समाप्त करने के उद्देश्य से ऑम्बुड्समैन संस्था की स्थापना की गई। अब तक 135 से अधिक देशों में 'ऑम्बुड्समैन' की नियुक्ति की जा चुकी है।

'ऑम्बुड्समैन' स्वीडिश भाषा का शब्द है जिसका शाब्दिक अर्थ लोगों का प्रतिनिधि या एजेन्ट होता है। वस्तुतः 'ऑम्बुड्समैन' का अर्थ एक ऐसे व्यक्ति से है जिसे पारदर्शिता के साथ कुप्रशासन, भ्रष्टाचार, विलम्ब, अकुशलता, अकर्मण्यता एवं पद के

दुरूपयोग से नागरिक अधिकारों की रक्षा हेतु नियुक्त किया जाता है। 'ऑम्बुड्समैन' को ब्रिटेनिका–विश्वकोश में नागरिकों द्वारा नौकरशाही की शक्तियों के दुरूपयोग के सम्बन्ध में की गयी शिकायतों की जाँच करने हेतु व्यवस्थापिका द्वारा नियुक्त 'आयुक्त' बताया गया है।

विभिन्न देशों में 'ऑम्बुड्समैन' को भिन्न–भिन्न नामों से जाना जाता है। उदाहरणार्थ–ब्रिटेन, डेनमार्क एवं न्यूजीलैण्ड में यह संस्था 'संसदीय आयुक्त' (Parliamentary Commissioner) के नाम से जानी जाती है। रूस में इसे वक्ता अथवा प्रोसिक्यूटर के नाम से जाना जाता है।

इस संस्था की आवश्यकता व उपादेयता के बारे में देश के कई न्यायाधीशगण व चिन्तकों ने अपने विचार व्यक्त किये हैं। उदाहरण के तौर पर सर्वोच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश श्री गजेन्द्र गड़कर ने अपनी पुस्तक ''लॉ, लिबर्टी एण्ड सोशियल जस्टिस'' में यह उल्लेख किया कि जब तक हम भारत में 'ऑम्बुड्समैन' जैसी संस्था का विकास नहीं करते और संविधान में संशोधन करके अथवा विधायी प्रक्रिया के माध्यम से इस संस्था को सांविधिक दर्जा प्रदान नहीं करते, तब तक देश में व्याप्त भ्रष्टाचार पर प्रभावी नियंत्रण नहीं हो सकेगा।

भ्रष्टाचार राष्ट्र का कोढ़ है और आज प्रशासन की एक प्रमुख समस्या बन गया है। इसे समाप्त करने के लिए समय–समय पर अनेक प्रयास किये गये हैं। राजस्थान में वर्ष 1963 में प्रशासनिक सुधार समिति ने अपने प्रतिवेदन में 'ऑम्बुड्समैन' जैसी एक कानूनी संस्था के गठन की सिफारिश की थी, जिसका कार्य, कार्यपालिका की कार्यवाहियों पर नजर रखना तथा ऐसे मामलों, जिनमें सरकार की किसी भी एजेन्सी द्वारा की गई कार्यवाही जो अवैध, अन्यायपूर्ण या मनमानी हो, विद्यमान नियमों या स्थापित प्रक्रिया से विपरीत या इनके उल्लंघन में हो, पर कार्यवाही करते हुए उन शिकायतों जिनमें भ्रष्टाचार का स्पष्ट आरोप लगाया गया हो, के सम्बन्ध में समुचित अन्वेषण करना हो।

हमारे देश में 5 जनवरी, 1966 को श्री मोरारजी देसाई की अध्यक्षता में प्रथम प्रशासनिक सुधार आयोग का गठन किया गया। इस आयोग ने ''प्रॉब्लम ऑफ रिड्रेसल

ऑफ सिटीजन्स ग्रीवन्सेज'' से सम्बन्धित अपने प्रतिवेदन में व्यवस्था में व्याप्त भ्रष्टाचार, अकर्मण्यता, चारों ओर फैली अकुशलता तथा जन आकांक्षाओं के प्रति प्रशासन की संवेदनशून्यता के विरूद्ध प्रायः उभरने वाले आक्रोश पर विचार कर यह सिफारिश की थी कि जन अभियोग निवारण हेतु तथा दुराचारपूर्ण व्यवस्था से उत्पन्न भ्रष्टाचार और अन्याय का अभिकथन करने वाली शिकायतों की जाँच के लिए केन्द्र में लोकपाल तथा राज्यों में लोकायुक्त नामक सांविधिक संस्था की स्थापना की जाये किन्तु इस सिफारिश को लम्बे समय तक स्वीकार नहीं किया गया। अब इसे स्वीकार तो किया गया है किन्तु वस्तुतः इसकी क्रियान्विति अभी मूर्त रूप नहीं ले सकी है।

जहाँ तक हमारे देश में लोकायुक्त संस्था का प्रश्न है, सर्वप्रथम ओडिशा में वर्ष 1971 में लोकायुक्त की स्थापना हुई, जहाँ वर्ष 1995 में पुनः नया 'लोकायुक्त अधिनियम' बना और तदुपरान्त ओडिशा विधानसभा ने अनेक महत्वपूर्ण और प्रभावी प्रावधानों को समाहित करते हुए ओडिशा लोकायुक्त बिल 2014 पारित कर दिया है। वर्ष 1971 में महाराष्ट्र और वर्ष 1973 में राजस्थान में लोकायुक्त संस्था का गठन किया गया। इसके उपरान्त लगभग 20 से अधिक राज्यों में लोकायुक्त संस्था की स्थापना हुई। इसके पूर्व भी राजस्थान में जन अभियोगों की निगरानी के लिए जन अभाव अभियोग निराकरण विभाग कार्यरत था, किन्तु सरकार के इस तन्त्र में किसी ऐसी संस्था का समावेश नहीं था जिसके माध्यम से मंत्रियों, सचिवों और लोक सेवकों के विरूद्ध पद के दुरूपयोग, भ्रष्टाचार और निष्क्रियता की शिकायतों की जांच तथा अन्वेषण किया जा सके। फलस्वरूप जनता में विश्वास और सन्तोष की भावना की अभिवृद्धि करने के लिये तथा स्वच्छ, ईमानदार, सक्षम और संवेदनशील प्रशासन प्रदान करने हेतु मंत्रियों, सचिवों और लोक सेवकों के विरूद्ध पद के दुरूपयोग, भ्रष्टाचार एवं अकर्मण्यता आदि की शिकायतों को देखने एवं उनमें अन्वेषण करने के लिए एक स्वतंत्र एजेन्सी का सृजन करना तुरन्त आवश्यक समझा गया और इस उद्देश्य की अभिप्राप्ति हेतु वर्ष 1973 में राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अध्यादेश 3 फरवरी, 1973 से प्रभाव में लाया गया। इसे 26 मार्च, 1973 को माननीय राष्ट्रपति की स्वीकृति प्राप्त हुई और तब से यह 'लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973' के रूप में प्रदेश में प्रभावी है।

अन्वेषण की अधिकारिता एवं शक्तियाँ

राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 7 के अन्तर्गत लोकायुक्त को राज्य–सरकार के मंत्रियों, सचिवों, अधिकारियों तथा अन्य लोकसेवकों के विरूद्ध निम्न अभिकथनों के अन्वेषण की शक्तियाँ प्रदान की गई हैं :

1. लोकसेवक ने अपने लिए या किसी अन्य व्यक्ति के लिए कोई अभिलाभ या अनुग्रह अभिप्राप्त करने या किसी अन्य व्यक्ति को अनुचित अपहानि या कष्ट पहुँचाने के लिए ऐसे लोकसेवक के रूप में अपनी स्थिति का दुरूपयोग किया है;
2. लोकसेवक अपनी पदीय हैसियत में कर्त्तव्यों का निर्वहन करने में व्यक्तिगत हित अथवा अनुचित या भ्रष्ट हेतुओं से प्रेरित था;
3. लोकसेवक अपनी पदीय हैसियत में भ्रष्टाचार या सच्चरित्रता की कमी का दोषी है;

उपर्युक्त अधिनियम की धारा 2 में ''मंत्री'', ''सचिव'', ''अधिकारी'' एवं ''लोकसेवक'' को परिभाषित किया गया है।

"मंत्री'' से राजस्थान राज्य की मंत्री परिषद का कोई सदस्य (मुख्यमंत्री के अतिरिक्त) अभिप्रेत है, जो चाहे किसी भी नाम से ज्ञात हो, अर्थात् मंत्री, राज्य–मंत्री या उप–मंत्री;

"सचिव'' से राजस्थान सरकार का सचिव अभिप्रेत है और इसमें विशेष सचिव, अतिरिक्त सचिव एवं संयुक्त सचिव सम्मिलित हैं।

"अधिकारी'' से राजस्थान राज्य के कार्यकलापों के सम्बन्ध में किसी लोक सेवा में या लोक पद पर नियुक्त व्यक्ति अभिप्रेत है।

"लोकसेवक'' से तात्पर्य निम्न में से किसी भी प्रकार के व्यक्ति से है:–

1. प्रत्येक मंत्री;
2. प्रत्येक सचिव एवं अधिकारी;
3. जिला परिषद का प्रत्येक प्रमुख/उप–प्रमुख, पंचायत समिति का प्रधान/उप–प्रधान एवं पंचायती राज अधिनियम के अधीन या उसके द्वारा गठित किसी भी स्थाई समिति का अध्यक्ष;

4. नगर निगम का प्रत्येक महापौर/उप–महापौर, नगर परिषद का अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, नगरपालिका बोर्ड का अध्यक्ष/उपाध्यक्ष एवं राजस्थान नगरपालिका अधिनियम के अधीन या उसके द्वारा गठित किसी समिति का अध्यक्ष।
5. निम्नलिखित की सेवा में या वेतनभोगी के रूप में कार्यरत प्रत्येक व्यक्ति :–
   (i) राजस्थान राज्य में कोई भी स्थानीय प्राधिकरण, जिसे राजस्थान सरकार द्वारा राजपत्र में अधिसूचित किया गया है;
   (ii) किसी राज्य अधिनियम के अधीन या द्वारा स्थापित एवं राज्य सरकार के स्वामित्वाधीन या उसके द्वारा नियंत्रित कोई भी निगम (जो स्थानीय प्राधिकरण न हो);
   (iii) कम्पनी अधिनियम, 1956 की धारा 617 के अर्थ के अन्तर्गत कोई भी सरकारी कम्पनी, जिसमें समादत्त अंशपूजी का इक्यावन प्रतिशत से अन्यून राज्य सरकार द्वारा धारित है, या कोई भी कम्पनी जो किसी भी ऐसी कम्पनी की सहायक है जिसमें समादत्त अंशपूंजी का इक्यावन प्रतिशत से अन्यून राज्य सरकार द्वारा धारित है;
   (iv) राजस्थान सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1958 के अधीन रजिस्ट्रीकृत कोई भी सोसाइटी, जो राज्य सरकार के नियंत्रण के अधीन है और जिसे राज–पत्र में सरकार द्वारा इस निमित्त अधिसूचित किया गया है।

जाँच एवं अन्वेषण की प्रक्रिया

इस सचिवालय में विहित प्रारूप में सत्यापित शपथ–पत्र सहित प्राप्त प्रत्येक परिवाद पर सम्बन्धित विभाग के उच्च/उच्चतर अधिकारी से तथ्यात्मक रिपोर्ट/टिप्पणी आवश्यक अभिलेख सहित मँगवाई जाती है। इसके बाद उसका गहन परीक्षण करने पर यदि यह पाया जाता है कि रिपोर्ट/टिप्पणी अधूरी है या अन्य सुसंगत दस्तावेज भी आवश्यक हो तो पुनः पूर्ण रिपोर्ट/टिप्पणी मय सुसंगत

दस्तावेज/अभिलेख मँगवाई जाती है। तदुपरान्त परिवाद के सन्दर्भ में प्राप्त रिपोर्ट/टिप्पणी व अभिलेख/दस्तावेज आदि का पुनः परीक्षण किया जाता है तथा आवश्यक होने पर विभाग से प्राप्त रिपोर्ट/टिप्पणी के परिप्रेक्ष्य में परिवादी से उसकी टिप्पणी/आपत्ति माँगी जाती है।

यदि विभाग द्वारा किन्हीं लोकसेवकों को दोषी पाया जाना सूचित किया जाता है तो उनके विरूद्ध की गई/प्रस्तावित कार्यवाही से अवगत करवाने हेतु लिखा जाता है। यदि इस सचिवालय द्वारा पाया जाता है कि परिवाद में लगाए गए आरोप परीक्षणोपरान्त प्रमाणित नहीं हो या कोई कार्यवाही अपेक्षित नहीं है तो परिवादी को सूचित करते हुए परिवाद नस्तीबद्ध करने के आदेश दिए जाते हैं। यदि प्रथमदृष्ट्या यह पाया जाता है कि किसी लोकसेवक द्वारा अपने पद का दुरूपयोग अथवा भ्रष्टाचार का कोई कृत्य या कार्यवाही की गई है या अकर्मण्यता की गई है तो इस हेतु प्रारम्भिक जाँच की जाती है। प्रारम्भिक जाँच में परिवादी व अन्य आवश्यक समझे जाने वाले व्यक्तियों को साक्ष्य के लिए बुलाया जाता है तथा उनसे आवश्यक अभिलेख या दस्तावेज भी मँगवाये जाते हैं।

लोकायुक्त अधिनियम की धारा 11 के अन्तर्गत जाँच/अन्वेषण के प्रयोजनार्थ निम्नलिखित मामलों के सम्बन्ध में सिविल प्रक्रिया संहिता के अन्तर्गत किसी सिविल न्यायालय को प्राप्त समस्त शक्तियाँ लोकायुक्त को प्राप्त है जैसेः–

1. किसी भी व्यक्ति को सम्मन करना और उसे हाजिर करना और उसकी शपथ पर परीक्षा करना;
2. किसी दस्तावेज के प्रकटन और प्रस्तुतीकरण की अपेक्षा करना;
3. शपथ–पत्रों पर साक्ष्य प्राप्त करना;
4. किसी भी न्यायालय या कार्यालय से किसी लोक–अभिलेख की या उसकी प्रतिलिपि की अध्यपेक्षा करना;
5. साक्षियों या अभिलेखों की परीक्षा के लिए कमीशन जारी करना;
6. अन्य ऐसे मामले, जो विहित किये जायें।

प्रारम्भिक जाँच के परिणामस्वरूप यदि किसी लोकसेवक के विरूद्ध आरोप के सम्बन्ध में पर्याप्त साक्ष्य पाई जाती है तो लोकायुक्त अधिनियम की धारा 10 के अन्तर्गत उनके विरूद्ध अन्वेषण की कार्यवाही प्रारम्भ की जाती है। इस कार्यवाही में उस अपचारी लोकसेवक/लोकसेवकों एवं सम्बन्धित सक्षम प्राधिकारी को परिवाद/प्रारम्भिक जाँच की रिपोर्ट व अन्वेषण के आधारों का विवरण भेजा जाता है। अपचारी लोकसेवक/लोकसेवकों को इन पर अपना प्रतिवाद/स्पष्टीकरण मय शपथ–पत्र प्रस्तुत करने हेतु कहा जाता है। तत्पश्चात् अन्वेषण की कार्यवाही में ऐसे अपचारी लोकसेवक को, अपने बचाव में स्वयं की साक्ष्य के अतिरिक्त अन्य वह साक्ष्य जिसे वह अपने बचाव में प्रस्तुत करना चाहता है, प्रस्तुत करने व परिवादी व उसके साक्षियों से प्रतिपरीक्षण करने का अवसर भी दिया जाता है।

इसके पश्चात् दोनों पक्षों को व्यक्तिशः सुनवाई का अवसर भी दिया जाता है एवं अन्वेषण की इस समस्त कार्यवाही के पूर्ण होने पर उपलब्ध समस्त रिकॉर्ड/साक्ष्य/अभिलेख का परिशीलन के उपरान्त विश्लेषण एवं विवेचन करते हुए अन्वेषण की रिपोर्ट तैयार की जाती है। इस रिपोर्ट के आधार पर यदि कोई आरोप प्रमाणित नहीं होता है तो परिवादी को सूचित करते हुए प्रकरण नस्तीबद्ध करने का आदेश दिया जाता है। यदि किसी आरोप के सम्बन्ध में अन्वेषण के पश्चात् यह समाधान हो जाये कि ऐसे आरोप को पूर्णतः या अंशतः सिद्ध किया जा सकता है तो धारा 12 की उप–धारा (1) के अन्तर्गत सुसंगत दस्तावेजों, सामग्री तथा अन्य साक्ष्य के सहित लिखित प्रतिवेदन द्वारा अपना निष्कर्ष तथा सिफारिश सक्षम प्राधिकारी को प्रेषित की जाती है। प्रतिवेदन प्राप्ति के दिवस से 03 माह के भीतर प्रतिवेदन के आधार पर की गई अथवा प्रस्तावित कार्यवाही की रिपोर्ट सक्षम प्राधिकारी से माँगी जाती है। यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा की गई अथवा प्रस्तावित कार्यवाही की गई सिफारिश के अनुरुप है तो प्रकरण नस्तीबद्ध करने के आदेश दिए जाते हैं और इसकी सूचना परिवादी, सम्बन्धित लोकसेवक एवं सक्षम प्राधिकारी को दी जाती है। यदि सक्षम प्राधिकारी द्वारा की गई कार्यवाही की गई सिफारिश के अनुरुप/सन्तोषजनक नहीं पाई जाती है तो धारा 12 की उप–धारा (3) के अन्तर्गत प्रकरण में माननीय राज्यपाल महोदय को

''**विशेष प्रतिवेदन**'' भेजा जाता है। इसकी सूचना सम्बन्धित परिवादी को भी दिये जाने का प्रावधान है।

लोकायुक्त अधिनियम की धारा 12 की उप–धारा (4) के अन्तर्गत लोकायुक्त द्वारा सम्पादित कार्यों के सम्पादन के सम्बन्ध में माननीय राज्यपाल महोदय को ''**वार्षिक प्रतिवेदन**'' प्रस्तुत किया जाता है। धारा 12 की उप–धारा (5) के अन्तर्गत माननीय राज्यपाल महोदय द्वारा उप–धारा (3) के अधीन ''**विशेष प्रतिवेदन**'' एवं उप–धारा (4) के अधीन प्राप्त ''**वार्षिक प्रतिवेदन**'' की एक प्रतिलिपि को स्पष्टीकारक ज्ञापन सहित राज्य विधान मण्डल के सदन के समक्ष रखवाये जाने का प्रावधान है।

यह भी उल्लेखनीय है कि लोकायुक्त अधिनियम की धारा 11(3) के अन्तर्गत उनके समक्ष होने वाली कोई भी कार्यवाही भारतीय दण्ड संहिता की धारा 193 के अन्तर्गत एक न्यायिक कार्यवाही मानी गई है।

प्रशासनिक स्थिति एवं बजट

लोकायुक्त सचिवालय में प्रतिवेदनाधीन अवधि में स्वीकृत, कार्यरत एवं रिक्त अधिकारियों/कर्मचारियों के पदों की संख्या का विवरण निम्नानुसार है :–

कालावधि दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022

क्र.सं.	पदनाम	स्वीकृत पद	कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी	रिक्त पद
1	सचिव	01	01	00
2	उप सचिव	01	01	00
3	संयुक्त विधि परामर्शी	01	01	00
4	सहायक सचिव	01	01	00
5	निजी सचिव	02	02	00
6	पुस्तकालयाध्यक्ष	01	01	00
7	सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–प्रथम	01	01	00
8	अतिरिक्त निजी सचिव	03	03	00
9	अनुभाग अधिकारी	04	00	04
10	सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–द्वितीय	01	01	00
11	जन सम्पर्क अधिकारी	01	00	01
12	कनिष्ठ लेखाकार	01	01	00
13	सहायक अनुभागाधिकारी	04	04	00
14	निजी सहायक	03	03	00
15	आशुलिपिक	03	03	00
16	सहायक प्रोग्रामर	03	03	00
17	सूचना सहायक	05	01	04
18	लिपिक ग्रेड–प्रथम	07	07	00
19	लिपिक ग्रेड–द्वितीय	17	15	02
20	वाहन चालक	06	06	00
21	जमादार	02	02	00
22	चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	21	19	02
23	प्रोसेस सर्वर	04	04	00
कुल		93	80	13

वित्तीय वर्ष 2022—2023 में लोकायुक्त सचिवालय हेतु मूल आवंटित/संशोधित बजट एवं इसके मुकाबले 01.01.2022 से 31.12.2022 तक हुए वास्तविक व्यय का मदवार विवरण नीचे दिया जा रहा हैः—

क्र.सं.	बजट शीर्ष	मूल आवंटन	संशोधित आवंटन	दिनांक 01.01.2022 से 31.03.2022 तक व्यय	दिनांक 01.04.2022 से 31.12.2022 तक व्यय
1	01—संवेतन	6,60,00,000	6,65,00,000	1,50,37,654	4,98,72,545
2	03—यात्रा भत्ता	1,00,000	3,00,000	5,500	47,550
3	04—चिकित्सा भत्ता	4,00,000	3,50,000	35,944	2,31,630
4	05—कार्यालय व्यय	13,21,000	15,50,000	4,14,260	10,67,093
5	06—वाहनों का क्रय	1000	1000	00	00
6	07—कार्यालय वाहनों का संचालन एवं संधारण	1,20,000	3,20,000	1,21,287	2,69,532
7	08—वृतिक एवं विशिष्ट सेवाएँ	1,00,000	50,000	00	4,000
8	11—विज्ञापन, विक्रय, प्रचार और प्रसार व्यय	25,000	10,000	7,982	2,172
9	14—सत्कार/आतिथ्य/उपहार व्यय आदि	10,000	30,000	6,854	18,903
10	20—कार्यकलाप सम्बन्धी वाहनों का संचालन एवं संधारण	1,20,000	2,50,000	29,730	1,12,663
11	21—अनुरक्षण एवं मरम्मत	2,00,000	4,00,000	00	00
12	31—पुस्तकालय एवं पत्र पत्रिकाओं पर व्यय	50,000	50,000	28,672	11,918
13	36—वाहनों का किराया	1,000	1,000	4,800	00
14	37—वर्दियां तथा अन्य सुविधाएँ	51,000	51,000	00	50,550
15	41—संविदा व्यय	6,00,000	15,10,000	00	10,56,720
16	62—कम्प्यूटराइजेशन एवं तत्सम्बंधी संचार व्यय	1,000	1,000	00	00
	कुल राशि	**6,91,00,000**	**7,13,74,000**	**1,56,92,683**	**5,27,45,276**

आलोच्य वर्ष की विशेष पहल एवं उपलब्धियाँ

1. **संविधान की प्रस्तावना पट्टिका का लोकापर्ण** : लोकायुक्त सचिवालय के 50 वें वर्ष में प्रवेश के उपलब्ध में दिनांक 24 मार्च, 2022 को माननीय न्यायाधिपति श्रीमान् प्रतापकृष्ण लोहरा, लोकायुक्त, राजस्थान की गरिमामयी उपस्थिति में माननीय न्यायाधिपति श्रीमान् अशोक कुमार गौड़ के कर कमलों द्वारा किया गया।
2. वर्ष 2022 से प्रत्येक 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के पावन देशपर्व पर लोकायुक्त सचिवालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण को पूरे वर्ष के दौरान किये गये उल्लेखनीय कार्य के लिए विशिष्ट योग्यता प्रशस्ति–पत्र देकर माननीय लोकायुक्त महोदय के कर कमलों द्वारा सम्मानित किया जाना। इस वर्ष लोकायुक्त सचिवालय के 11 कार्मिकों (अधिकारी व कर्मचारीगण) को माननीय लोकायुक्त महोदय के कर कमलों से विशिष्ट योग्यता प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।
3. गणतंत्र दिवस एवं स्वतंत्रता दिवस का देशपर्व समारोह सभी अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण की उपस्थिति में माननीय लोकायुक्त महोदय द्वारा उनके निवास पर झंडारोहण कर सामूहिक रूप से मनाया जाना।
4. लोकायुक्त सचिवालय के चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लिपिक पद पर पदोन्नति का कोटा 10 प्रतिशत से 15 प्रतिशत किया गया। जो कि पूर्व के नियम में 10 प्रतिशत था।
5. **आगंतुक पंजिका की शुरूआत** : इस वर्ष बाहर से आने वाले सभी आगंतुकों के लिए आगंतुक पंजिका की शुरूआत की गई है जिसमें उनका नाम, पूर्ण पता एवं अधिकारी से मिलने का उद्‌देश्य, हस्ताक्षर आदि अंकित किये जाते हैं। इसके बाद परिवादी को अपने परिवाद के सम्बन्ध में आवश्यक जानकारी हेतु सम्बन्धित अधिकारी से मिलवाया जाता है।
6. लोकायुक्त सचिवालय के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण की उपस्थिति के सम्बन्ध में उपस्थिति पंजिका के अलावा प्रातः एवं सायं नियमित चैकिंग हेतु प्रपत्र तैयार कर सम्बन्धित कर्मचारी द्वारा कार्यालयाध्यक्ष एवं विभागाध्यक्ष के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है जिससे उपस्थिति लगभग शत–प्रतिशत बनी रहती है।

तुलनात्मक विवरण

	दिनांक 8.3.2019 से 31.12.2021	दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022
परिवाद का विवरण	दिनांक 08.03.2019 को 3814 परिवाद कार्यवाही हेतु लम्बित थे एवं उक्त दिनांक से 31.12.2021 की अवधि में 5996 परिवाद और प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 9810 परिवादों में से 5043 परिवादों का निस्तारण करने पर दिनांक 31.12.2021 को 4767 परिवाद लम्बित रहे।	दिनांक 01.01.2022 को 4767 परिवाद कार्यवाही हेतु लम्बित थे एवं उक्त दिनांक से 31.12.2022 की अवधि में 2200 नवीन परिवाद प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल 6967 परिवादों में से 3031 परिवादों का निस्तारण करने पर दिनांक 31.12.2022 को 3936 परिवाद लम्बित रहे।
अनुतोष के प्रकरण	दिनांक 08.03.2019 से 31.12.2021 तक की कालावधि में 192 प्रकरणों में परिवादीगणों को अनुतोष दिलाया गया।	दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक की कालावधि में 378 प्रकरणों में परिवादीगणों को अनुतोष दिलाया गया।
प्रारम्भिक जाँच प्रकरण	दिनांक 08.03.2019 को 37 प्रकरणों में प्रारम्भिक जाँच लम्बित थी। दिनांक 08.03.2019 से 31.12.2021 तक की कालावधि में 05 और प्रकरणों में प्रारम्भिक जाँच संस्थित की गई। उक्त कालावधि में प्रारम्भिक जाँच के कुल 42 प्रकरणों में से 13 प्रकरण नस्तीबद्ध किये गये एवं 04 प्रकरणों में अन्वेषण प्रारम्भ किया गया। इस प्रकार कुल 17 प्रारम्भिक जाँच प्रकरणों का निस्तारण किये जाने के पश्चात् दिनांक 31.12.2021 को 25 प्रकरणों में प्रारम्भिक जाँच लम्बित रही।	दिनांक 01.01.2022 को 25 प्रकरणों में प्रारम्भिक जाँच लम्बित थी। दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक की कालावधि में 02 और प्रकरणों में प्रारम्भिक जाँच संस्थित की गई। इस प्रकार कुल 27 प्रकरणों में से 06 प्रकरण नस्तीबद्ध किये गये और 01 प्रकरण में अन्वेषण प्रारम्भ किया गया। इस प्रकार कुल 07 प्रारम्भिक जाँच प्रकरणों का निस्तारण किये जाने के पश्चात् दिनांक 31.12.2022 को 20 प्रकरणों में प्रारम्भिक जाँच लम्बित रही।

अन्वेषण प्रकरण	दिनांक 08.03.2019 को 27 प्रकरणों में अन्वेषण लम्बित था। दिनांक 08.03.2019 से 31.12.2021 तक की कालावधि में 11 और प्रकरणों में अन्वेषण प्रारम्भ किया गया। इस प्रकार उक्त कालावधि में अन्वेषण के कुल 38 प्रकरणों में से 06 प्रकरण नस्तीबद्ध किये गये और 04 प्रकरणों में अन्वेषण पश्चात् सक्षम प्राधिकारी को धारा 12(1) के अन्तर्गत अनुशंषा प्रतिवेदन प्रेषित किये गये। इस प्रकार प्रतिवेदनाधीन अवधि में कुल 10 अन्वेषण प्रकरणों का निस्तारण किये जाने के परिणामस्वरूप दिनांक 31.12.2021 को 28 प्रकरणों में अन्वेषण लम्बित रहा।	दिनांक 01.01.2022 को 28 प्रकरणों में अन्वेषण लम्बित था। दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक की कालावधि में 22 और प्रकरणों में अन्वेषण प्रारम्भ किया गया। इस प्रकार उक्त कालावधि में अन्वेषण के कुल 50 प्रकरणों में से 03 प्रकरण नस्तीबद्ध किये गये और 15 प्रकरणों में अन्वेषण पश्चात् सक्षम प्राधिकारी को धारा 12(1) के अन्तर्गत अनुशंषा प्रतिवेदन प्रेषित किये गये। इस प्रकार प्रतिवेदनाधीन अवधि में कुल 18 अन्वेषण प्रकरणों का निस्तारण किये जाने के परिणामस्वरूप दिनांक 31.12.2022 को 32 प्रकरणों में अन्वेषण लम्बित रहा।
अन्वेषण पश्चात् सक्षम प्राधिकारियों को प्रेषित अनुशंषा प्रतिवेदन के प्रकरण	दिनांक 08.03.2019 से 31.12.2021 तक की कालावधि में कुल 04 प्रकरणों में अन्वेषण के पश्चात् सक्षम प्राधिकारियों को अनुशंषा प्रतिवेदन प्रेषित किये गये।	दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक की कालावधि में कुल 15 प्रकरणों में अन्वेषण के पश्चात् सक्षम प्राधिकारियों को अनुशंषा–प्रतिवेदन प्रेषित किये गये।

वर्तमान परिप्रेक्ष्य में लोकायुक्त संस्था के सुदृढ़ीकरण की आवश्यकताएं व अपेक्षाएं

कुप्रशासन एक दीमक की तरह है जो धीरे–धीरे राष्ट्र की नींव को नष्ट कर देता है और प्रशासन को अपना कार्य पूरा करने से रोकता है। भ्रष्टाचार इस समस्या का मूल कारण है जिसका हमारा देश सामना कर रहा है। हालांकि भारत में कई भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसियाँ विद्यमान हैं लेकिन इनमें से अधिकांश भ्रष्टाचार विरोधी एजेंसियाँ मुश्किल से स्वतंत्र हैं। यहां तक कि सीबीआई को भारत के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा "**पिंजरे का तोता**" और "**मालिक की आवाज**" के रूप में लेबल किया गया है।

वास्तव में अगर देखा जाए तो इन एजेंसियों में से कई तो केवल सलाहकार निकाय मात्र हैं, जिनके पास भ्रष्टाचार के उन्मूलन के लिए कोई प्रभावी शक्ति ही नहीं है और उनके मार्गदर्शन का शायद ही कभी पालन किया जाता हो। आंतरिक पारदर्शिता और उत्तरदायित्व की समस्या भी मौजूद है और इसके अलावा, इन पर नियंत्रण रखने के लिए कोई प्रभावी और अलग तंत्र भी नहीं है।

यह एक सामान्य अनुभव है कि आम नागरिकों को अक्सर सरकारी एजेंसियों के साथ व्यवहार करने में अनुचित देरी, भेदभाव, भ्रष्टाचार आदि जैसी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है और वे अपनी शिकायतों के निवारण के लिए दर–दर भटकने के लिए बाध्य होते हैं, लेकिन लोकायुक्त संस्था ही एक ऐसी संस्था है जो सामान्य रूप से प्रेषित की गई शिकायत/पत्रादि पर भी ध्यान देती है। यह संस्था एक ओर भ्रष्टाचार, पद का दुरूपयोग या अकर्मण्यता बरतने वाले लोकसेवक के खिलाफ कार्रवाई शुरू करने के लिए आवश्यक साक्ष्य जुटाती है और पीड़ित को त्वरित और सस्ती

राहत/न्याय दिलाने में मदद करती है, वही दूसरी ओर दोषी लोकसेवक के विरूद्ध कार्यवाही भी करती है।

राज्य में व्याप्त भ्रष्टाचार और इससे व्यापक रूप से पीड़ित जनमानस को समुचित राहत प्रदान करने के उद्देश्य से राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 में किए गए विभिन्न प्रावधान तत्समय की परिस्थितियों में प्रासंगिक और पर्याप्त हो सकते थे, किन्तु लगभग 49 वर्ष पश्चात् आज की परिवर्तित परिस्थितियों में ये सर्वथा अपर्याप्त है। अतः समय की मांग है कि लोकायुक्त संस्था को एक अनुशंषा निकाय के आवरण से बाहर निकालकर, स्वतंत्र रूप से कार्य करने के लिए सक्षम और सुदृढ बनाया जावे। यह तभी सम्भव हो सकता है, जब लोकायुक्त के अधिकार क्षेत्र को व्यापक किया जावे और उसे आवश्यक संगठनात्मक संरचना और वित्तीय स्वायत्तता उपलब्ध कराई जावे।

लोकायुक्त सचिवालय, राजस्थान की स्थापना से लेकर अब तक निरन्तर रूप से, प्राप्त शिकायतों की संख्या में बहुगुणा वृद्धि हुई है। वर्ष 1973–83 के दशक में जहां लगभग 600 नई शिकायतें औसतन प्रतिवर्ष प्राप्त हुई, वहीं वर्ष 2021 में लगभग 1,500 एवं वर्ष 2022 में लगभग 2200 नवीन शिकायतें इस सचिवालय में प्राप्त हुई। अतः स्पष्ट है कि वर्ष 1973–83 के दशक में औसतन प्रतिवर्ष प्राप्त शिकायतों की तुलना में वर्तमान में लगभग 3½ गुणा से भी अधिक नई शिकायतें प्रतिवर्ष प्राप्त हो रही हैं, लेकिन इन अधिक शिकायतों की तुलना में इस सचिवालय के स्टॉफ और संरचना में आनुपातिक वृद्धि नगण्य ही रही है।

संगठनात्मक वृद्धि के अलावा, इस सचिवालय का सीमित क्षेत्राधिकार भी लोकसेवकों द्वारा कारित भ्रष्टाचार और अनियमितताओं की प्रभावी रोकथाम में प्रमुख बाधा साबित हो रहा है। विगत अनुभव एवं आंकड़े इस ओर इंगित करते हैं कि गंभीर दुराचरण में लिप्त लोकसेवक या अपने कर्तव्य निर्वहन में गंभीर कोताही बरतने वाले

लोकसेवक, क्षेत्राधिकार के अभाव में लोकायुक्त की जांच और दाण्डिक कार्यवाही से, न केवल बच निकलते है अपितु अन्य लोकसेवकों के लिए उदाहरण बन जाते है। उदाहरणार्थ, पंचायती राज विभाग की विभिन्न लाभकारी एवं जन–कल्याणकारी योजनाओं में प्राप्त होने वाली धनराशि का पंचायत स्तर पर दुरूपयोग करने की अनेकानेक शिकायतें इस सचिवालय में प्राप्त हुई हैं, जिनकी जांच में लोकसेवकों/जनप्रतिनिधियों द्वारा गंभीर अनियमितताएं बरतने और राजकोष को हानि पहुंचाने के ठोस सबूत होने के बावजूद भी, आरोपियों के विरूद्ध क्षेत्राधिकार के अभाव में इस सचिवालय द्वारा कार्यवाही न करने की बाध्यता रही है, जिससे न केवल दोषी लोकसेवकों को अनुचित प्रोत्साहन मिल रहा है अपितु गबन/वित्तीय अनियमितता की राशि की प्रभावी वसूली भी उनसे संभव नहीं हो पा रही है।

लोकायुक्त संस्था की राज्य सरकार से प्रमुख अपेक्षाएं

(क) संगठनात्मक संरचना में सुधार

(ख) क्षेत्राधिकार का विस्तार

(ग) प्रबन्धकीय और वित्तीय स्वायत्तता

(क) संगठनात्मक संरचना में सुधार

लोकायुक्त अधिनियम के तहत प्राप्त शिकायतों के त्वरित एवं विधिवत परीक्षण और अन्वेषण के लिए, संगठन को निम्नलिखित चार कार्यात्मक विंगों में विभाजित किया जाना चाहिए :–

(1) प्रशासनिक और पूछताछ अनुभागः

अनुभाग का नेतृत्व सचिव द्वारा किया जाता है। जो सम्पूर्ण संगठन के लिए विभाग के प्रमुख के रूप में कार्य करता है। उसकी सहायता के लिए उप

सचिव, संयुक्त सचिव, सहायक सचिव, लेखा अधिकारी, अनुभाग अधिकारी और अधीनस्थ कर्मचारी होते हैं।

(2) **परीक्षण / जांच अनुभागः**

परिवादों के परीक्षण व जांच हेतु लोकायुक्त और उप–लोकायुक्त की सहायता के लिए, जिला न्यायाधीश के स्तर के अधिकारियों को विशेषाधिकारी के रूप में तैनात किया जाना चाहिए और वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश स्तर के अधिकारियों को उसके सहायक के रूप में तैनात किया जाना चाहिए। ये अधिकारी उच्च न्यायालय से प्रतिनियुक्ति पर लिये जा सकते हैं।

(3) **विशेष पुलिस स्थापना (Special Police Establishment [SPE]):**

ऐसे अपराधों की जांच के लिए एसपीई का गठन किया जाना चाहिए, जो लोक प्रशासन को प्रभावित करते हैं और जो भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत आते हैं। इसका नेतृत्व पुलिस अधीक्षक / अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक स्तर के अधिकारी करें। उनकी मदद पुलिस निरीक्षक, पुलिस उपनिरीक्षक, और अन्य रैंक के पुलिसकर्मी हो। एसपीई द्वारा की जाने वाली जांच की निगरानी सीधे रूप से लोकायुक्त के पास होनी चाहिए।

(4) **तकनीकी सेलः**

तकनीकी सेल, तकनीकी प्रकृति की शिकायतों के परीक्षण / जांच से संबंध रखती है। उक्त परीक्षण / जांच अधिशाषी अभियन्ता द्वारा की जाकर अधीनस्थ के बतौर सहायक अभियंता, कनिष्ठ अभियन्ता और तकनीकी सहायक नियुक्त किये जा सकते हैं।

सार रूप में, भ्रष्टाचार की प्रभावी रोकथाम हेतु वर्तमान परिस्थितियों में उक्त संगठनात्मक संरचना का सुदृढ़ीकरण अनिवार्य है और इस हेतु लोकायुक्त, राजस्थान को विद्यमान स्टॉफ के अलावा, निम्न अधिकारीगण/कर्मचारीगण उपलब्ध कराये जाने वांछनीय है–

क्रस	विवरण	वर्तमान संख्या	प्रस्तावित संख्या	वृद्धि
(अ)	**प्रशासनिक और पूछताछ अनुभागः**			
1.	उप सचिव	1	3	2
2.	सहायक सचिव	1	3	2
3.	अनुभाग अधिकारी	4	6	2
4.	सहायक अनुभाग अधिकारी	4	6	2
(ब)	**परीक्षण/जांच अनुभाग :**			
1.	निदेशक (जिला एवं सेशन न्यायाधीश स्तर का अधिकारी)	–	1	1
2.	सीनियर सिविल जज रेंक का अधिकारी	–	2	2
3.	सिविल जज रेंक का अधिकारी	–	2	2
(स)	**विशेष पुलिस स्थापना (एस.पी.ई.)**			
1.	पुलिस अधीक्षक	–	1	1
2.	अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक	–	1	1
3.	उप पुलिस अधीक्षक	–	2	2
4.	पुलिस निरीक्षक	–	3	3
5.	सहायक पुलिस निरीक्षक	–	5	5
6.	हैड कांस्टेबल/कांस्टेबल	–	15	15
(द)	**तकनीकी सेल :**			
1.	अधिशाषी अभियन्ता	–	1	1
2.	सहायक अभियन्ता	–	2	2
3.	कनिष्ठ अभियन्ता	–	2	2
4.	सहायक नगर नियोजक/तकनीकी सहायक	–	2	2

(ख) क्षेत्राधिकार का विस्तार

(1) राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम में परिभाषित '**लोकसेवक**' की परिभाषा को और व्यापक बनाया जाना चाहिए तथा इसमें निम्न को सम्मिलित किया जाना चाहिए–

(अ) सरपंच एवं उप सरपंच।

(ब) को–ऑपरेटिव सोसायटियों व नगर निगम के चैयरमेन, उप–चेयरमेन, प्रबन्ध निदेशक और सदस्य।

(स) नगरपालिका, नगर परिषद, नगर निगम इत्यादि स्थानीय निकायों के पार्षद।

(द) राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलपति, रजिस्ट्रार व स्टॉफ।

(य) सरकार द्वारा वित्तपोषित समस्त गैर–सरकारी संगठन (एनजीओ) के समस्त पदाधिकारी

(2) विद्यमान प्रावधानों के अनुसार एक लोकसेवक इस सचिवालय में शिकायत प्रस्तुत करने में सक्षम नहीं है। अतः लोकसेवकों को भी लोकायुक्त में शिकायत करने हेतु सक्षम बनाया जाना चाहिए। आंध्रप्रदेश, कर्नाटक, मध्यप्रदेश और केरल के लोकायुक्त अधिनियमों में ऐसा प्रावधान है।

(3) देश के अन्य लोकायुक्त अधिनियमों के प्रावधानानुरूप लोकायुक्त, राजस्थान को भी सम्पत्ति एवं दस्तावेजों के सर्च एण्ड सीजर हेतु वारण्ट जारी करने की शक्तियां प्रदत्त की जानी चाहिए।

(4) केरल लोकायुक्त अधिनियम की भाँति लोकायुक्त, राजस्थान को भी सीपीसी के प्रावधानानुसार मामले की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए निषेधाज्ञा पारित करने हेतु सक्षम बनाया जाना चाहिए।

(5) महाराष्ट्र, उड़ीसा एवं केरला लोकायुक्त अधिनियमों के प्रावधानानुरूप लोकायुक्त, राजस्थान द्वारा की गई जाँच उपरान्त लोकसेवकों के सम्बन्ध में की गई या अन्य सुधारात्मक सिफारिशें भी बाध्यकारी की जानी चाहिए।

(स) प्रबन्धकीय और वित्तीय स्वायत्तता

उक्त प्रशासनिक एव संगठनात्मक संरचना का सम्पूर्ण प्रबन्धन और नियन्त्रण एकल रूप से लोकायुक्त में निहित किया जाकर, स्वायत्तता होनी चाहिए। इस हेतु समय–समय पर आवश्यक वित्तीय संसाधनों की मांगनुरूप तत्काल उपलब्धता राज्य सरकार स्तर पर सुनिश्चित की जानी चाहिए।


Showing periodical receipt and disposal of Complaints from 1973 to 2000
No. of complaints
Period
Complaints Pending/ Received
Complaints Disposed
2500
2000
1500
1000
500
0
1973-74
1974-75
1975-76
1976-77
1977-78
1978-79
1.4.79-31.7.79
7.8.79-31.3.80
1980-81
1981-82
1982-83
1983-84
1984-85
1985-86
1986-87
1.4.87-31.12.87
1.1.88-30.6.89
1.7.89-31.12.89
1.1.90-31.8.93
1.9.93-31.3.96
1996-97
1997-98
1998-99
1999-2000
1922
1032
1183
798
1246
678
822
773
1243
427
812
336
572
51
752
313
756
360
636
328
571
163
641
0
1012
834
518
270
354
161
274
190
782
614
404
206
1915
1597
1729
1446
906
728
755
629
556
445
503
249

Showing periodical receipt and disposal of Complaints from 2001 to 2022




Sanctioned staff strength of Lokayukta Sachivalaya since inception
Sanctioned Posts
0
20
40
60
80
100
120
140
160
180
1973-74
1974-76
1976-77
1977-78
1978-80
1980-93
1.9.93-97
1997-98
1998-99
1999-2000
2000-04
2004-12
2012-14
2014-15
2015-16
2016-17
2017-21
2022

अध्याय - 1

सम्पादित कार्य

- **परिवादों का विवरण**
- **परिशिष्ट** 1.1 लम्बित, संस्थित और निस्तारित परिवादों का विवरण
- **परिशिष्ट** 1.2 धारा 12(1) के प्रकरणों का विवरण
- **परिशिष्ट** 1.3 अन्वेषण प्रकरणों का विवरण
- **परिशिष्ट** 1.4 प्रारम्भिक जाँच प्रकरणों का विवरण
- **परिशिष्ट** 1.5 विभागवार अनुशासनिक कार्यवाही के प्रकरणों की संख्या
- **परिशिष्ट** 1.6 धारा 12(1) में दोषी पाये गये लोकसेवकों की सूची
- **परिशिष्ट** 1.7 दोषी लोकसेवकों के विरुद्ध विभागीय स्तर पर की गई कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण
- **परिशिष्ट** 1.8 विभागवार अनुतोष प्रकरणों की संख्या
- **परिशिष्ट** 1.9 इस सचिवालय द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप आरोपी लोकसेवकगण से वसूल करवाई गई राशि का विवरण
- **परिशिष्ट** 1.10 इस सचिवालय द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप सिलिकोसिस पीड़ितो को भुगतान की गई राशि का विवरण

अध्याय–1

सम्पादित कार्य

इस अध्याय में प्रतिवेदनाधीन अवधि (दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022) में सम्पादित कार्यों का विवरण दिया जा रहा है।

परिवादों का विवरण

दिनांक 01.01.2022 को 4,767 परिवाद कार्यवाही हेतु लम्बित थे एवं उक्त दिनांक से 31.12.2022 की अवधि में 2,200 नवीन परिवाद प्राप्त हुए। इस प्रकार कुल परिवादों 6,967 में से 3,031 परिवादों का निस्तारण करने पर दिनांक 31.12.2022 को 3,936 परिवाद लम्बित रहे।

इनका विभागवार विवरण परिशिष्ट–1.1 में दिया गया है।

अन्वेषण पश्चात् धारा 12(1) में सक्षम प्राधिकारियों को प्रेषित अनुशंषा प्रतिवेदन के प्रकरण

दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक की कालावधि में कुल 15 प्रकरणों में अन्वेषण के पश्चात् सक्षम प्राधिकारियों को अनुशंषा–प्रतिवेदन प्रेषित किये गये। इस प्रकरणों का **संक्षिप्त विवरण अध्याय 2** में दिया गया है।

अन्वेषण प्रकरणों का विवरण परिशिष्ट–1.2 में दिया गया है।

अन्वेषण प्रकरण

दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक की कालावधि में लम्बित, संस्थित एवं निस्तारित अन्वेषण प्रकरणों का विवरण दिया गया है जिसके अनुसार दिनांक 01.01.2022 को कुल 28 प्रकरणों में अन्वेषण लम्बित था। दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक की कालावधि में 22 और प्रकरणों में अन्वेषण प्रारम्भ किया गया।

इस प्रकार उक्त कालावधि में अन्वेषण के कुल 50 प्रकरणों में से 03 प्रकरण नस्तीबद्ध किये गये और 15 प्रकरणों में अन्वेषण पश्चात् सक्षम प्राधिकारी को धारा 12(1) के अन्तर्गत अनुशंषा प्रतिवेदन प्रेषित किये गये। इस प्रकार प्रतिवेदनाधीन अवधि में कुल 18 अन्वेषण प्रकरणों का निस्तारण किये जाने के परिणामस्वरूप दिनांक 31.12.2022 को 32 प्रकरणों में अन्वेषण लम्बित रहा।

अन्वेषण प्रकरणों का सांख्यिकी विवरण परिशिष्ट–1.3 में दिया गया है।

प्रारम्भिक जाँच प्रकरण

दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक की कालावधि में लम्बित, संस्थित एवं निस्तारित प्रारम्भिक जाँच प्रकरणों का विवरण दिया गया है, जिसके अनुसार दिनांक 01.01.2022 को 25 प्रकरणों में प्रारम्भिक जाँच लम्बित थी। दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक की कालावधि में 02 और प्रकरणों में प्रारम्भिक जाँच संस्थित की गई।

इस प्रकार उक्त कालावधि में प्रारम्भिक जाँच के कुल 27 प्रकरणों में से 06 प्रकरण नस्तीबद्ध किये गये और 01 प्रकरण अन्वेषण प्रारम्भ कर दिये जाने के कारण अन्वेषण प्रकरणों के शीर्ष में अन्तरित किया गया। इस प्रकार उक्त अवधि में कुल 07 प्रारम्भिक जाँच प्रकरणों का निस्तारण किये जाने के पश्चात् दिनांक 31.12.2022 को 20 प्रकरणों में प्रारम्भिक जाँच लम्बित रही।

प्रारम्भिक जाँच प्रकरणों का सांख्यिकी विवरण परिशिष्ट–1.4 में दिया गया है।

इस सचिवालय की कार्यवाही पर विभागों द्वारा विभागीय स्तर पर लोकसेवकों के विरूद्ध की गई अनुशासनिक कार्यवाही

प्रतिवेदन अवधि के दौरान इस सचिवालय की कार्यवाही पर 115 प्रकरणों में विभागों द्वारा 161 दोषी लोकसेवकों के विरुद्ध विभागीय स्तर पर अनुशासनिक कार्यवाही की गई जिनमें से कुछ प्रकरणों का संक्षिप्त विवरण **अध्याय 3** में दिया गया है।

परिशिष्ठ–1.5 में जिन लोकसेवकों पर अनुशासनिक कार्यवाही की गई है, उनके विभागों का शीर्ष अनुसार विवरण दिया गया है।

परिशष्ट–1.6 में इस सचिवालय द्वारा धारा 10 के अन्तर्गत किये गये अन्वेषण पश्चात् राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12(1) में दोषी पाये गये लोकसेवकों की सूची दी गई है।

परिशष्ट–1.7 में जिन लोकसेवकों पर विभाग द्वारा कार्यवाही की गई है उनके नाम, पदनाम एवं विभागीय स्तर पर की गई कार्यवाही का संक्षिप्त विवरण दिया गया है।

इस सचिवालय की कार्यवाही पर परिवादीगण को प्राप्त अनुतोष के प्रकरण

दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक की कालावधि में 378 प्रकरणों में परिवादीगण को अनुतोष दिलाया गया। जिनका संक्षिप्त विवरण **अध्याय 4** में दिया गया है।

इनका विभागवार विवरण परिशिष्ट–1.8 में दिया गया है।

इस सचिवालय द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप आरोपी लोकसेवकगण से वसूल करवाई गई राशि कुल लगभग 4.03 करोड़ रुपये ।

विवरण परिशिष्ट–1.9 में दिया गया है।

इस सचिवालय द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप सिलिकोसिस पीड़ितों को कुल 28.00 करोड़ रुपये का मुआवजा / अनुदान का भुगतान करवाया गया

विवरण परिशिष्ट–1.10 में दिया गया है।

परिशिष्ट 1.1

लम्बित, संस्थित और निस्तारित परिवादों का विवरण

कालावधि – दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022

हैड	**Department Name**	विभाग का नाम	31.12.2021 तक कुल लम्बित शिकायतें	01.01.2022 से 31.12.2022 तक प्राप्त शिकायतें	कुल शिकायतें	01.01.2022 से 31.12.2022 तक निस्तारित की गई शिकायतें	दिनांक 31.12.2022 को लम्बित शिकायतें
2	Agriculture	कृषि	33	16	49	32	17
3	Police	पुलिस	350	347	697	465	232
4	Co-Operative	सहकारिता	43	21	64	36	28
5	Education	शिक्षा	129	74	203	107	96
6	College Education	महाविद्यालय शिक्षा	15	9	24	12	12
7	Food & Civil Supply	खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति	36	9	45	22	23
8	Medical & Health	चिकित्सा एवं स्वास्थ्य	87	43	130	63	67
9	P.W.D.	सार्वजनिक निर्माण विभाग	43	21	64	32	32
10	R.R.V.V.N.Ltd.	रा0रा0वि0वि0 निगम लि0	80	48	128	85	43
11	Revenue	राजस्व	666	440	1106	617	489
12	Panchayat & Development	पंचायती राज	958	464	1422	558	864
13	Famine & Relief	आपदा प्रबन्धन	-		-	-	-
14	Transport	परिवहन	5	10	15	6	9
15	Forest	वन	39	10	49	23	26
16	L.S.G.	स्वायत्त शासन विभाग	802	263	1065	270	795
17	U.D.H	नगरीय विकास एवं आवासन	215	74	289	124	165

18	Excise	आबकारी	8	8	16	9	7
19	Industries	उद्योग	14	6	20	8	12
20	Printing & Stationary	मुद्रण	-	-	-	-	-
21	Animal Husbandary	पशुपालन	2	5	7	5	2
22	Govt. Enquiries	राजकीय जॉच	14	-	14	3	11
23	Irrigation	सिंचाई	12	8	20	12	8
24	I.G.N.P	इंदिरा गांधी नहर परियोजना	1	-	1	-	1
25	Mines Allotment Enquiry	खान आवंटन जॉच	594	-	594	2	592
26	Colonnization	उपनिवेशन	6	-	6	3	3
28	Judiciary	न्याय	-	6	6	5	1
29	Jails	कारागार	2	-	2	2	-
30	Labour	श्रम	21	4	25	17	8
31	P.H.E.D.	जन स्वा0 अभियांत्रिकी	46	23	69	23	46
32	Social Welfare	सामाजिक न्याय अधिकारिता	18	25	43	25	18
33	Settlement	भू–प्रबन्ध	6	2	8	4	4
34	Secretariat	शासन सचिवालय	17	11	28	10	18
35	Miscellaneous	विविध	302	150	452	259	193
40	AC Department	भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो	9	1	10	5	5
41	Ayurved	आयुर्वेद	8	2	10	5	5
42	Devsthan	देवस्थान	8	6	14	7	7
43	R.S.R.T.C.	रा0रा0पथ परिवहन निगम	3	8	11	8	3
44	Commercial Taxes	वाणिज्यिक कर	3	3	6	4	2
45	Mines & Geology	खान एवं भूविज्ञान	41	13	54	17	37
46	Sanskrit Education1	संस्कृत शिक्षा	-	2	2	1	1
47	Insurance	बीमा	128	65	193	141	52
48	Technical Education	तकनीकी शिक्षा	3	3	6	4	2
Total			4767	2200	6967	3031	3936

परिशिष्ट–1.2

धारा 12(1) के प्रकरणों का विवरण जिनमें सक्षम प्राधिकारियों को अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने के लिए अनुशंषा की गई।

कालावधि – दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022

क्र.सं.	विवरण
1	11(35)/लोआस/2018
2	16(335)लोआस/2014
3	3(53)लोआस/2019
4	14(12)लोआस/2017
5	3(655)लोआस/2017
6	16(558)लोआस/2015
7	17(195)लोआस/2017
8	16(270)लोआस/2015
9	3(390)लोआस/2018
10	16(78)लोआस/2017
11	16(227)लोआस/2018
12	5(25)लोआस/2018
13	17(11)लोआस/2017
14	3(120)/लोआस/2019
15	35(346)/लोआस/2018

परिशिष्ट—1.3

अन्वेषण प्रकरणों का विवरण

कालावधि – दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022

क्र. सं.	विवरण	प्रकरण संख्या
1	दिनांक 01.01.2022 को लम्बित	28
2	दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 तक की कालावधि में संस्थित प्रकरण	22
3	योग (क्रम संख्या 1 व 2)	50
4	अभिकथन सिद्ध नहीं होने के आधार पर नस्तीबद्ध	0
5	विभाग द्वारा पहले ही कार्यवाही प्रारम्भ हो जाने के कारण नस्तीबद्ध	0
6	अन्वेषण के पर्याप्त आधार होना नहीं पाये जाने के कारण नस्तीबद्ध	0
7	मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण नस्तीबद्ध	01
8	आरोप प्रमाणित नहीं पाये जाने के कारण नस्तीबद्ध	02
9	अन्य कारणों से नस्तीबद्ध	0
10	सक्षम प्राधिकारी को धारा 12(1) के अन्तर्गत प्रेषित अनुशंषा के प्रकरण	15
11	कुल निस्तारित अन्वेषण प्रकरण (योग क्रम संख्या 4—10)	18
12	दिनांक 31.12.2022 को लम्बित अन्वेषण प्रकरण	32

परिशिष्ट–1.4

प्रारम्भिक जांच प्रकरणों का विवरण

कालावधि – दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022

क्र.सं.	विवरण	प्रकरण संख्या
1	दिनांक 01.01.2022 को लम्बित	25
2	दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022 की अवधि में संस्थित	02
3	योग (क्रम संख्या 1 व 2)	27
4	अभिकथन सिद्ध नहीं होने के कारण नस्तीबद्ध	0
5	विभाग द्वारा पहले ही कार्यवाही प्रारम्भ हो जाने के कारण	0
6	अन्वेषण के पर्याप्त आधार होना नहीं पाये जाने से नस्तीबद्ध	05
7	मामला न्यायालय में विचाराधीन होने के कारण नस्तीबद्ध	01
8	अन्य कारणों से नस्तीबद्ध	0
9	प्रारम्भिक जांच से अन्वेषण में अन्तरित	01
10	राज्य सरकार को सुझाव भेजकर नस्तीबद्ध	0
11	सक्षम प्राधिकारी को प्रेषित सुझाव/अनुशंषा के प्रकरण	0
12	कुल निस्तारित प्रारम्भिक जांच (योग क्रम संख्या 4–11)	07
13	दिनांक 31.12.2022 को लम्बित प्रारम्भिक जांच	20

परिशिष्ट–1.5

विभागवार अनुशासनिक कार्यवाही के प्रकरणों की संख्या
कालावधि दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022

हैड	**Department Name**	विभाग का नाम	संख्या
2	Agriculture	कृषि	05
3	Police	पुलिस	22
4	Co-Operative	सहकारिता	01
5	Education	शिक्षा	06
6	College Education	महाविद्यालय शिक्षा	-
7	Food & Civil Supply	खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति	02
8	Medical & Health	चिकित्सा एवं स्वास्थ्य	01
9	P.W.D.	सार्वजनिक निर्माण विभाग	-
10	R.R.V.V.N.Ltd.	रा0रा0वि0वि0 निगम लि0	-
11	Revenue	राजस्व	09
12	Panchayat & Development	पंचायती राज	41
13	Famine & Relief	आपदा प्रबन्धन	-
14	Transport	परिवहन	-
15	Forest	वन	03
16	L.S.G.	स्वायत्त शासन विभाग	18
17	U.D.H	नगरीय विकास एवं आवासन	-
18	Excise	आबकारी	01
19	Industries	उद्योग	-
20	Printing & Stationary	मुद्रण	-
21	Animal Husbandary	पशुपालन	-

22	Govt. Enquiries	राजकीय जॉच	-
23	Irrigation	सिंचाई	-
24	I.G.N.P	इंदिरा गांधी नहर परियोजना	-
25	Mines Allotment Enquiry	खान आवंटन जॉच	-
26	Colonnization	उपनिवेशन	-
28	Judiciary	न्याय	-
29	Jails	कारागार	-
30	Labour	श्रम	-
31	P.H.E.D.	जन स्वा0 अभियांत्रिकी	-
32	Social Welfare	सामाजिक न्याय अधिकारिता	-
33	Settlement	भू–प्रबन्ध	-
34	Secretariat	शासन सचिवालय	-
35	Miscellaneous	विविध	05
40	AC Department	भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो	-
41	Ayurved	आयुर्वेद	01
42	Devsthan	देवस्थान	-
43	R.S.R.T.C.	रा0रा0पथ परिवहन निगम	-
44	Commercial Taxes	वाणिज्यिक कर	-
45	Mines & Geology	खान एवं भूविज्ञान	-
46	Sanskrit Education1	संस्कृत शिक्षा	-
47	Insurance	बीमा	-
48	Technical Education	तकनीकी शिक्षा	-
Total			**115**

परिशिष्ट–1.6

प्रतिवेदन अवधि के दौरान इस सचिवालय द्वारा धारा 10 के अन्तर्गत किये गये अन्वेषण पश्चात् राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12(1) में दोषी पाये गये कुल 48 लोकसेवकों की सूची। (01.01.2022 से 31.12.2022 तक)

क्र.सं.	पत्रावली संख्या	लोकसेवक का नाम	पदनाम
1.	11(35)/लोआस/2018	श्री प्रवीण कुमार	तत्कालीन उप पंजीयक, अजमेर द्वितीय
		श्री राजवीर सिंह	तत्कालीन भू–अभिलेख निरीक्षक, ग्राम पंचायत गगवाना, जिला अजमेर
		श्री सुनील कुमार शर्मा	तत्कालीन पटवारी, ग्राम पंचायत, गगवाना, जिला अजमेर
2.	16(335)लोआस/2014	श्री ओमप्रकाश गुर्जर	तत्कालीन अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, नगर विकास न्यास, अलवर,
		श्री प्रेमचंद धामाणी	तत्कालीन अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, नगर विकास न्यास, अलवर
		श्री सोहन सिंह नरूका	तत्कालीन अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, नगर विकास न्यास, अलवर
		श्री राजवीर सिंह यादव	तत्कालीन अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, नगर विकास न्यास, अलवर,
		श्री ओमप्रकाश शर्मा	तत्कालीन अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, नगर विकास न्यास, अलवर
		श्री विनीत नगायच	तत्कालीन अधिशाषी अभियन्ता, नगर परिषद अलवर
		श्री मुकेश कुमार तिवारी	तत्कालीन अतिक्रमण शाखा प्रभारी
		श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा	तत्कालीन आयुक्त, नगर परिषद, अलवर,
		श्री मुरारीलाल वर्मा	तत्कालीन आयुक्त नगर परिषद, अलवर
		श्री मोहनदान रत्नू	तत्कालीन आयुक्त, नगर परिषद, जिला अलवर

3.	3(53)लोआस / 2019	डॉ. रूपेन्द्र झा	चिकित्सक अधीक्षक, जनाना अस्पताल, भरतपुर
		श्री भोजाराम	थानाधिकारी, पुलिस थाना रूपवास, जिला भरतपुर
4.	14(12)लोआस / 2017	श्री वकताराम	तत्कालीन परिवहन निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय दूदू
		श्री अमर सिंह मीणा	तत्कालीन उप निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय कोटपूतली
		श्री अशोक बसेन्द्रा	तत्कालीन उप निरीक्षक, प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, जयपुर
		श्री घनश्याम सिंह	तत्कालीन उप निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय, करौली
		श्री विजेन्द्र मीणा	तत्कालीन उप निरीक्षक, प्रादेशिक परिवहन कार्यालय अलवर
		श्री समुन्द्र सिंह कोठारी	तत्कालीन उप निरीक्षक, प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, अलवर
5.	3(655)लोआस / 2017	श्री महेन्द्र सिंह	तत्कालीन उप निरीक्षक, पुलिस थाना करधनी जयपुर
		श्री श्रवणलाल	सहायक उप निरीक्षक, पुलिस थाना करधनी, जयपुर
		श्री अनिल जसोरिया	तत्कालीन पुलिस निरीक्षक
6.	16(558)लोआस / 2015	श्री आशीष कुमार शर्मा,	तत्कालीन आयुक्त, नगरपालिका, नाथद्वारा
		श्री शान्तिलाल आमेटा	तत्कालीन सहायक अभियन्ता / कार्यवाहक आयुक्त, नगरपालिका, नाथद्वारा,
		श्री ललितेन्द्र शर्मा	तत्कालीन कनिष्ठ लिपिक, नगरपालिका, नाथद्वारा,
		श्री रामचन्द्र तिवारी	तत्कालीन कनिष्ठ लिपिक, नगरपालिका, नाथद्वारा
		श्रीमती तनुजा सोलंकी	तत्कालीन आयुक्त, नगरपालिका, नाथद्वारा

7.	17(195)लोआस/2017	श्री देवेन्द्र कुमार जैन	आर.ए.एस,
		श्री आशीष कुमार	आर.ए.एस (तत्कालीन उपायुक्त, जोन–10, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर)
		श्री हनुमान सहाय जाट	तत्कालीन प्रवर्तन अधिकारी, जोन–10, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर
8.	16(270)लोआस/2015	श्रीमती अनिता खींचड	तत्कालीन सचिव, नगर परिषद, झुन्झुनू,
		श्री संजय माथुर	तत्कालीन अधिशाषी अभियंता, नगर परिषद, झुन्झुनू,
		श्री रोहित चौधरी	तत्कालीन आयुक्त, नगर परिषद, झुन्झुनू
		श्री ओमप्रकाश जांगिड	तत्कालीन तहसीलदार, झुन्झुनूं
9.	3(390)लोआस/2018	डॉ. गौरव त्यागी	चिकित्सा अधिकारी, आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, हथवारी, ब्लॉक राजाखेडा, जिला धौलपुर
10.	16(78)लोआस/2017	श्री भंवरलाल सोनी	तत्कालीन आयुक्त, नगर परिषद, सुजानगढ,
		श्री शुभकरण	तत्कालीन कनिष्ठ लिपिक, नगर परिषद, सुजानगढ
		श्री हंसराज मेघवाल	तत्कालीन कनिष्ठ अभियन्ता, नगर परिषद, सुजानगढ
		श्री पवन कुमार शर्मा	कनिष्ठ लिपिक, नगर परिषद सुजानगढ,
		डॉ. विजयराज शर्मा	तत्कालीन सभापति, नगरपरिषद, सुजानगढ
		श्रीमती पूजा शर्मा,	तत्कालीन राजस्व अधिकारी, नगर परिषद, सुजानगढ
11.	16(227)लोआस/2018	श्रीमती प्रियंका बुढानियां	तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, खण्डेला, जिला सीकर
12.	5(25)लोआस/2018	श्री सौरभ स्वामी	तत्कालीन निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर
13.	17(11)लोआस/2017	श्री आलोक गौतम	तत्कालीन प्रवर्तन अधिकारी, जोन–4, जविप्रा

14.	3(120)/लोआस/2019	श्री संजय वर्मा	तत्कालीन उप निरीक्षक, पुलिस थाना, प्रागपुरा, तहसील कोटपूतली, जिला जयपुर
15.	35(346)/लोआस/2018	डॉ. रवि कुमार सुरपुर	आई.ए.एस. (तत्कालीन जिला कलक्टर, भीलवाड़ा)

परिशिष्ट–1.7

प्रतिवेदन अवधि के दौरान इस सचिवालय द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप विभागों द्वारा कुल 161 दोषी लोकसेवकों के विरुद्ध विभागीय स्तर पर की गई अनुशासनिक कार्यवाही की सूची। (01.01.2022 से 31.12. 2022 तक)

क्र. सं.	पत्रावली संख्या	लोकसेवक का नाम / पदनाम	विवरण
1.	12(610) / लोआस / 2016	• श्रीमती कविता, ग्राम सेवक	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
2.	7(24) / लोआस / 2018	• श्री राहुल माथुर, कनिष्ठ लिपिक	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
3.	11(37) / लोआस / 2019	• श्री मुकेश कुमार मीणा, तत्कालीन तहसीलदार • श्री घनश्याम सिंह देवल, भू–अभिलेख निरीक्षक • श्री राजेश मीणा, पटवारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
4.	12(448) / लोआस / 2017	• श्री रिद्धकरण रैगर, ग्राम सेवक एवं पदेन सचिव • श्रीमती नरेन्द्र कुमावत, लिपिक ग्रेड – ।।	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
5.	3(110) / लोआस / 2020	• श्री मुकेश मीणा, थानाधिकारी • श्री अर्जुन सिंह, सहायक उप निरीक्षक	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
6.	3(112) / लोआस / 2020	• श्री कोमल, हैड कान्स्टेबल • श्री धन्नालाल, हैड कान्स्टेबल	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
7.	35(57) / लोआस / 2020	• श्रीमती माया यादव, कनिष्ठ सहायक	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
8.	12(27) / लोआस / 2019	• ग्राम विकास अधिकारी श्री नारायणलाल शर्मा	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
9.	5(35) / लोआस / 2014	• श्री राजेन्द्र बैरवा, पदेन सचिव	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही

10.	12(30)/लोआस/2021	• श्री रामेश्वर प्रसाद जाट, ग्राम विकास अधिकारी • श्री विरेन्द्र कुमार वर्मा, कनिष्ठ सहायक	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
11.	12(147)/लोआस/2017	• श्री मांगीलाल सैनी, पंचायत प्रसार अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
12.	12(558)/लोआस/2016	• श्री चन्द्रशेखर, अधिशाषी अभियंता ईजीएस, • श्री मोहनलाल मीणा, सहायक अभियंता, • श्री सत्यनारायण गौतम, ग्राम सेवक • श्री प्रभूलाल मीणा, तकनीकी सहायक	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
13.	3(412)/लोआस/2019	• श्री बृजराज सिंह, ए. एस.आई.	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
14.	3(399)/लोआस/2019	• श्री युवराज सिंह, एच. सी. संख्या 617	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
15.	3(400)/लोआस/2019	• श्री जोधराज सिंह, एच.सी. नम्बर 332	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
16.	41(3)/लोआस/2021	• डॉ0 पंकज, आयुर्वेद चिकित्साधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
17.	12(438)/लोआस/2016	• श्री गोपाल सिंह, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
18.	3(303)/लोआस/2019	• श्री प्रहलाद, हैड कानि. संख्या 163	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
19.	3(480)/लोआस/2019	• श्री रजनीश कुमार, सहायक उप निरीक्षक	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
20.	3(451)/लोआस/2019	• श्री इन्द्र सिंह हैड कान्स्टेबल नम्बर 314	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
21.	3(490)/लोआस/2019	• श्री सैयद शखावत अली एच.सी. संख्या 308	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही

22.	12(260)/लोआस/2020	• श्री महावीर प्रसाद शर्मा, तत्कालीन ग्राम सेवक एवं पदेन सचिव • श्रीमती रिंकू कुमारी, कनिष्ठ लिपिक • श्री घासीलाल मीणा, तत्कालीन सहायक अभियंता • श्री नरेश कुमार बोहरा, तत्कालीनसहायक अभियंता • श्री किशनसिंह राठौड़, तत्कालीन विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
23.	3(413)/लोआस/2019	• श्री शिवराज, एच.सी. संख्या 793	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
24.	35(335)/लोआस/2018	• श्री मेघाराम, पूर्व पटवारी	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
25.	35(81)/लोआस/2017	• श्री पुरखाराम, कनिष्ठ अभियंता, • श्री योगेश आचार्य, वरिष्ठ लिपिक • श्री बिशन चन्द, वरिष्ठ लिपिक • श्री मनोज कुमार, कनिष्ठ लिपिक • श्री विनय बोडा, तत्कालीन कनिष्ठ अभियंता • श्री सुरेश चंद, तत्कालीन कनिष्ठ अभियंता	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
26.	12(248)/लोआस/2016	• श्री गोपाल सिंह, तत्कालीन सचिव • श्री रविन्द्र कुमार, सचिव • श्री राजेन्द्र कुमार, तत्कालीन कनिष्ठ अभियंता	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही

27.	3(275)/लोआस/2021	• श्री रामसहाय, कान्स्टेबल संख्या 358	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
28.	3(495)/लोआस/2019	• श्री प्रहलाद, मुख्य आरक्षक नम्बर 163	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
29.	3(403)/लोआस/2019	• श्री सत्यनारायण पाराशर, ए.एस.आई.	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
30.	12(49)/लोआस/2018	• श्री इसबूदीन डायर, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
31.	2(4)/लोआस/2019	• श्री ओमप्रकाश शर्मा, तत्कालीन सचिव	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
32.	5(143)/लोआस/2017	• श्री नाथूराम प्रजापत, प्रधानाचार्य	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
33.	12(106)/लोआस/2017	• श्री राजकुमार सोनी, कनिष्ठ अभियंता	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
34.	16(666)/लोआस/2014	• श्री ओमप्रकाश साहू, कनिष्ठ अभियंता (हाल अधिशाषी अभियंता	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
35.	3(50)/लोआस/2018	• श्री रामस्वरूप सैनी, तत्कालीन कनिष्ठ लिपिक, नगर पालिका,	धारा 409 भारतीय दण्ड संहिता व धारा 13(1)(डी) पी.सी.एक्ट के तहत चार्जशीट न्यायालय में पेश की जा चुकी है।
36.	2(37)/लोआस/2018	• श्री सुरेश चन्द्र जैन, सेवानिवृत कार्मिक • श्री ओमप्रकाश शर्मा, तत्कालीन मण्डी सचिव	वरिष्ठ सहायक के पद से कनिष्ठ सहायक के पद पदावनत किये जाने के दण्ड से दण्डित किया गया तीन वार्षिक वेतन वृद्धियाँ संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया।
37.	12(95)/लोआस/2019	• श्री प्रहलाद बैरवा, कनिष्ठ सहायक	एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्डादेश पारित किया गया है।
38.	12(352)लोआस/2018	• श्री रामनिवास रणवा, कनिष्ठ अभियंता	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही

39.	35(64)लोआस / 2021	• श्री प्रहलाद सिंह, ए. एस.आई.	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
40.	2(29) / लोआस / 2017	• श्री ओमप्रकाश शर्मा (सहायक निदेशक), तत्कालीन सचिव	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
41.	3(429) / लोआस / 2019	• श्री प्रहलाद सिंह, हैड कान्स्टेबल	पुनरावृत्ति नहीं करने हेतु चेतावनी दी गई।
42.	3(560) / लोआस / 2018	• श्री मनीष चारण, थानाधिकारी • श्री दिनेश चन्द, थानाधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
43.	12(49) / लोआस / 2010	• श्री रामनारायण जादम, ग्राम सेवक एवं पदेन सचिव	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
44.	12(403) / लोआस / 2015	• श्री नारायण सिंह सक्सेना	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
45.	12(525) / लोआस / 2017	• श्री ओमप्रकाश, कनिष्ठ सहायक • श्री गिरधारीराम, ग्राम रोजगार सहायक	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
46.	16(645) / लोआस / 2017	• श्री बृजेश मेहरा, तत्कालीन ग्राम सेवक एवं पदेन सचिव • श्री सुरेश कपूर, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी • श्री सलीम मोहम्मद, ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
47.	5(36) / लोआस / 2019	• श्री पवन कुमार, वरिष्ठ सहायक	एक वार्षिक वेतनवृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया।
48.	35(469) / लोआस / 2018	• श्री विजय सिंह चौहान, विकास अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
49.	12(486) / लोआस / 2019	• श्री भारत सिंह देवड़ा, विकास अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही

50.	2(8)/लोआस/2022	• श्री रजनीश कुमार सिंह, सचिव, कृ.उ.म. जैसलमेर • श्री राकेश कुमार सिंगरिया, सचिव, कृ. उ.म. जैसलमेर	स्पष्टीकरण जारी किया गया
51.	2(13)/लोआस/2019	• श्री ओमप्रकाश शर्मा, सचिव, कृ.उ.म. मालपुरा	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
52.	3(460)/लोआस/2019	• श्री तनेराव सिंह, स.उ. नि. पुलिस • श्री मोहनलाल, कानि.	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
53.	3(141)/लोआस/2020	• श्री भंवरलाल, स.उ.नि. पुलिस	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
54.	3(201)/लोआस/2020	• श्री मुकेश कुमार यादव, उ.नि. पुलिस	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
55.	3(87)/लोआस/2021	• श्री जितेन्द्र सिंह, पुलिस निरीक्षक	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
56.	3(115)/लोआस/2021	• श्री कपिल, कानि.	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
57.	3(27)/लोआस/2022	• श्री रामशरण, उ.नि. पुलिस	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
58.	4(5)/लोआस/2019	• श्री अमित कुमार शर्मा, शाखा प्रबन्धक	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
59.	5(56)/लोआस/2021	• श्री महेश चन्द रजवानी, जिला शिक्षा अधिकारी (मुख्यालय), प्रारम्भिक शिक्षा	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
60.	5(4)/लोआस/2020	• श्री हंसराज, तत्कालीन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी,	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
61.	5(30)/लोआस/2021	• श्रीमती पिंकी मीणा, अध्यापिका रा.उ.प्रा.वि.,	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
62.	7(3)/लोआस/2019	• श्री रामप्रसाद मीणा, सहायक प्रशासनिक अधिकारी, जिला रसद कार्यालय,	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
63.	8(29)/लोआस/2020	• डॉ0 रविन्द्र सिंह, सहायक आचार्य, यूरोलोजी, मेडिकल कॉलेज, जयपुर	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही

64.	11(102)/लोआस/2020	• श्री कल्पेश कुमार जैन, तहसीलदार	एसीबी में विचाराधीन
65.	11(164)/लोआस/2021	• श्रीमती अस्मिता सिंह, तहसीलदार	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
66.	11(36)/लोआस/2019	• श्री भागीरथ मल, पटवारी	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
67.	11(470)/लोआस/2018	• श्री मोहन लाल प्रतिहार, उपखण्ड अधिकारी	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
68.	11(116)/लोआस/2021	• श्री महेश पंचाल, पटवारी • श्री हिम्मत सिंह, भू–अभिलेख निरीक्षक	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
69.	11(207)/लोआस/2021	• श्री हरिसिंह शेखावत, तत्कालीन तहसीलदार • श्री जीतूसिंह, पटवारी • श्री सुनील कुमार, तहसील राजस्व लेखाकार	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
70.	11(102)/लोआस/2022	• श्री भीख सिंह, पटवारी, इन्दों का बास, तहसील आऊ,	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
71.	11(113)/लोआस/2022	• श्री दीपक शर्मा, पटवारी, दोलतपुरा, तहसील आमेर	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
72.	12(406)/लोआस/2018	• श्री महेन्द्रपाल, ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
73.	12(251)/लोआस/2021	• श्री ओमप्रकाश शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
74.	12(303)/लोआस/2021	• श्री ललित कुमार गर्ग, विकास अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
75.	12(43)/लोआस/2022	• श्री सीताराम जाखड़, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
76.	12(96)/लोआस/2022	• श्री भुपेश पाटीदार, ग्राम विकास अधिकारी • श्री पवन कुमार तलाईच, सहायक विकास अधिकारी	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही

77.	12(433)/लोआस/2019	• श्री कन्हैयालाल जटिया, ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
78.	12(202)/लोआस/2019	• श्री लखमाराम, ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
79.	12(221)/लोआस/2019	• श्री मोहित वर्मा, सहायक अभियंता, पंचायत समिति, जालसू,	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
80.	12(222)/लोआस/2019	• श्री प्रेम सिंह, कनिष्ठ सहायक, ग्राम पंचायत खाटां, पंचायत समिति रायसिंह नगर, श्रीगंगानगर	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
81.	12(323)/लोआस/2019	• श्री विरेन्द्र भल्ला, ग्राम विकास अधिकारी • श्री मुकेश मीणा, कनिष्ठ तकनीकी सहायक	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
82.	12(356)/लोआस/2019	• श्री देवकीनन्दन शर्मा, सहायक विकास अधिकारी	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
83.	12(397)/लोआस/2019	• श्री सत्यप्रकाश चौधरी, ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
84.	12(27)/लोआस/2020	• श्री गोविन्द प्रसाद तम्बोली, ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
85.	12(36)/लोआस/2020	• श्री बलवन्त सिंह बैगड़, सहायक अभियंता, ग्राम पंचायत अजीतपुरा,	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
86.	12(132)/लोआस/2020	• श्री प्रकाश चन्द सैनी, ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
87.	12(164)/लोआस/2020	• श्री रवि कुमार, कनिष्ठ सहायक, ग्राम पंचायत टोड़ा, पंचायत समिति कठूमर	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
88.	12(184)/लोआस/2020	• श्री जगदीश शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही

89.	12(223)/लोआस/2020	• श्री प्रकाश चन्द सैनी, ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
90.	12(246)/लोआस/2020	• श्री रामसुख बहादुर, ग्राम विकास अधिकारी • श्री समुरे राम मेघवाल, ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
91.	12(267)/लोआस/2020	• श्री धर्मराज मीणा, कनिष्ठ सहायक, ग्राम पंचायत, टोंकड़ा, बूंदी • श्री विजय कुमार मीणा, ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
92.	12(16)/लोआस/2021	• श्री गोपाल सिंह, विकास अधिकारी	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
93.	12(95)/लोआस/2021	• श्री प्रभुराम मीणा, ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
94.	12(107)/लोआस/2021	• श्री विनोद कुमार शर्मा, ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
95.	12(123)/लोआस/2021	• श्री मोहम्मद अहसान, ग्राम विकास अधिकारी	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
96.	15(12)/लोआस/2019	• श्री नरेश चन्द्र शर्मा, क्षेत्रीय वन अधिकारी, उप वन संरक्षक, जयपुर • श्री घनश्याम सिंह, सहायक वनपाल, उप वन संरक्षक (उत्तर), जयपुर • श्री सुभाष सक्सैना, वनपाल, उप वन संरक्षक (उत्तर)	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
97.	15(10)/लोआस/2020	• श्री लोकेश कुमार शर्मा, सहायक वन संरक्षक,उप वन संरक्षक, अजमेर	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
98.	15(2)/लोआस/2021	• श्री विष्णुराम, पटवारी, सिणधरी, बाड़मेर	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
99.	16(7)/लोआस/2019	• श्री दिनेश कांवत, कनिष्ठ अभियंता, नगर पालिका, चौमूं	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही

		• श्री बिहारी लाल, सफाई कर्मचारी, कार्यवाहक जमादार, नगर पालिका, चौमूं	
100.	16(453)/लोआस/2017	• श्री रामकिशोर मीणा, अभियंता (सिविल), नगर पालिका, लालसोट, दौसा	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
101.	18(4)/लोआस/2021	• श्री मांगीलाल विश्नोई, आबकारी निरीक्षक, वृत सुजानगढ़, चूरू	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
102.	16(209)/लोआस/2018	• अनिल कुमार, फायरमैन • श्रीमती सरिता, अधिशाषी अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
103.	16(367)/लोआस/2013	• मनोज वर्मा, कनिष्ठ अभियन्ता	सीसीए नियम 16 के तहत कार्यवाही
104.	16(519)/लोआस/2018	• सलीम खांन, अधिशाषी अधिकारी • दिनेश कुमार सैनी, कनिष्ठ लिपिक	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
105.	16(798)/लोआस/2015	• श्रीमती ममता नागर, अधिशाषी अधिकारी • श्री सुरेश कुमार मीणा, अधिशाषी अधिकारी • श्री फतेह सिंह, अधिशाषी अधिकारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
106.	16(475)/लोआस/2015	• महेन्द्र सिंह, चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
107.	16(763)/लोआस/2015	• रोहित मीणा, कनिष्ठ अभियन्ता	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
108.	16(845)/लोआस/2015	• नवनीत कुमार, अधिशाषी अधिकारी • रणजीत सिंह, कनिष्ठ अभियन्ता • सुमित कुमार, कनिष्ठ अभियन्ता • ललित कुमार, स्वास्थ्य निरीक्षक	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
109.	16(1008)/लोआस/2015	• मानकचंद नवल, भूमि शाखा प्रभारी	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही

110.	16(193) / लोआस / 2018	• राजेन्द्र प्रसाद, कनिष्ठ सहायक	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
111.	16(203) / लोआस / 2018	• सुशील कुमार सैनी, सफाई जमादार • अमित कुमार, फायरमैन	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
112.	16(213) / लोआस / 2018	• धीरज कुमार, कनिष्ठ अभियन्ता	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
113.	16(293) / लोआस / 2018	• सलीम खान, अधिशाषी अधिकारी • दिनेश कुमार सैनी, कनिष्ठ लिपिक	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
114.	16(404) / लोआस / 2018	• लाखन सिंह, कनिष्ठ अभियन्ता	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही
115.	16(428) / लोआस / 2018	• दीपक नागर, आयुक्त, नगर परिषद	सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही

परिशिष्ट–1.8

विभागवार अनुतोष प्रकरणों की संख्या
कालावधि – दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022

हैड	Department Name	विभाग का नाम	संख्या
2	Agriculture	कृषि	2
3	Police	पुलिस	29
4	Co-Operative	सहकारिता	0
5	Education	शिक्षा	9
6	College Education	महाविद्यालय शिक्षा	1
7	Food & Civil Supply	खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति	3
8	Medical & Health	चिकित्सा एवं स्वास्थ्य	4
9	P.W.D.	सार्वजनिक निर्माण विभाग	4
10	R.R.V.V.N.Ltd.	रा0रा0वि0वि0 निगम लि0	8
11	Revenue	राजस्व	61
12	Panchayat & Development	पंचायती राज	41
13	Famine & Relief	आपदा प्रबन्धन	0
14	Transport	परिवहन	1
15	Forest	वन	2
16	L.S.G.	स्वायत्त शासन विभाग	32
17	U.D.H	नगरीय विकास एवं आवासन	13
18	Excise	आबकारी	0
19	Industries	उद्योग	0
20	Printing & Stationary	मुद्रण	0
21	Animal Husbandary	पशुपालन	0

22	Govt. Enquiries	राजकीय जॉच	0
23	Irrigation	सिंचाई	0
24	I.G.N.P	इंदिरा गांधी नहर परियोजना	0
25	Mines Allotment Enquiry	खान आवंटन जॉच	0
26	Colonnization	उपनिवेशन	1
28	Judiciary	न्याय	0
29	Jails	कारागार	0
30	Labour	श्रम	3
31	P.H.E.D.	जन स्वा0 अभियांत्रिकी2	2
32	Social Welfare	सामाजिक न्याय अधिकारिता	0
33	Settlement	भू–प्रबन्ध	1
34	Secretariat	शासन सचिवालय	0
35	Miscellaneous	विविध	46
40	AC Department	भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो	0
41	Ayurved	आयुर्वेद	0
42	Devsthan	देवस्थान	0
43	R.S.R.T.C.	रा0रा0पथ परिवहन निगम	0
44	Commercial Taxes	वाणिज्यिक कर	0
45	Mines & Geology	खान एवं भूविज्ञान	1
46	Sanskrit Education1	संस्कृत शिक्षा	0
47	Insurance	बीमा	114
48	Technical Education	तकनीकी शिक्षा	0
Total			**378**

परिशिष्ट–1.9

इस सचिवालय द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप आरोपी लोकसेवकगण से वसूल करवाई गई राशि का विवरण

कालावधि – दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022

क्रम	पत्रावली संख्या	वसूल की गई राशि (लाखों में)
1.	11(198)/लोआस/2020	218.66
2.	12(30)/लोआस/2014	1.83
3.	12(47)/लोआस/2014	3.61
4.	12(523)/लोआस/2014	2.27
5.	12(434)/लोआस/2015	4.30
6.	12(456)/लोआस/2015	1.74
7.	12(466)/लोआस/2015	0.95
8.	12(5)/लोआस/2016	0.92
9.	12(324)/लोआस/2016	0.84
10.	12(436)/लोआस/2016	0.53
11.	12(624)/लोआस/2016	0.17
12.	12(635)/लोआस/2016	1.24
13.	12(706)/लोआस/2016	0.04
14.	12(717)/लोआस/2016	1.5
15.	12(780)/लोआस/2016	3.15
16.	12(7)/लोआस/2018	0.45
17.	12(49)/लोआस/2017	0.11
18.	12(199)/लोआस/2017	3.3
19.	12(201)/लोआस/2017	1.17
20.	12(243)/लोआस/2017	3.63
21.	12(417)/लोआस/2017	1.26

22.	12(501)/लोआस/2017	21.93
23.	12(505)/लोआस/17	8.75
24.	12(648)/लोआस/2017	0.15
25.	12(655)/लोआस/2017	14.99
26.	12(662)/लोआस/2017	14.99
27.	12(677)/लोआस/2017	0.96
28.	12(87)/लोआस/2012	45.98
29.	12(84)/लोआस/2013	10.50
30.	12(78)/लोआस/2022	0.01
31.	12(233)/लोआस/2019	4.98
32.	12(360)/लोआस/2019	0.04
33.	12(128)/लोआस/2020	1.26
34.	12(164)/लोआस/2020	4.60
35.	12(197)/लोआस/2018	2.13
36.	12(206)/लोआस/2018	2.31
37.	12(224)/लोआस/2018	1.32
38.	12(225)/लोआस/2018	9.91
39.	12(242)/लोआस/2018	1.93
40.	12(417)/लोआस/2018	0.26
41.	12(418)/लोआस/2018	0.02
42.	12(446)/लोआस/2018	0.05
43.	12(582)/लोआस/2018	2.27
44.	12(623)/लोआस/2018	0.62
45.	12(12)/लोआस/2019	0.36
46.	12(175)/लोआस/2019	0.60
47.	12(253)/लोआस/2018	0.12
	कुल राशि	**402.68**

परिशिष्ट–1.10

इस सचिवालय द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप सिलिकोसिस पीड़ितो को भुगतान की गई राशि का विवरण

कालावधि – दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022

क्रम	पत्रावली संख्या – जिला	वसूल की गई राशि (करोड़ों में)
1.	35(140) / लोआस / 2017 – भरतपुर	0.71
2.	35(140) / लोआस / 2017 – दौसा	11.46
3.	35(140) / लोआस / 2017 – जयपुर	1.07
4.	35(140) / लोआस / 2017 – उदयपुर	1.00
5.	35(140) / लोआस / 2017 – बीकानेर	1.18
6.	35(140) / लोआस / 2017 – राजसमन्द	1.08
7.	35(140) / लोआस / 2017 – धौलपुर	9.30
8.	35(140) / लोआस / 2017 – अजमेर	1.98
9.	35(140) / लोआस / 2017 – अलवर	0.22
	कुल राशि	**28.00**

अध्याय - 2

अन्वेषण पश्चात् सक्षम प्राधिकारी को धारा 12(1) राजस्थान लोकायुक्त तथा उप-लोकायुक्त अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत प्रेषित अनुशंषा के प्रकरण

अध्याय–2

अन्वेषण पश्चात् सक्षम प्राधिकारी को धारा 12(1) राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 के अन्तर्गत प्रेषित अनुशंषा के प्रकरण

एफ 11(35)लोआस / 2018

परिवादी श्री अभिषेक बंसल पुत्र स्व.श्री दीपचंद बंसल, निवासी 17 / 429, गर्ग मोहल्ला, घसेटी नगर, तहसील व जिला अजमेर द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया गया था कि उसके पिता की सम्पति को पटवारी व आइ.एल.आर, गगवाना जिला अजमेर द्वारा जालसाजी से अन्य लोगो के नाम नामान्तकरण खोल दिया गया था ।

परिवादी के उक्त आरोपो के संबंध में अभिलेख पर आए साक्ष्य, तर्क, विवेचन एवं समस्त लोकसेवको के स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य में प्रकट स्थिति को देखते हुए प्रकरण में अपचारी लोकसेवक (1) श्री प्रवीण कुमार, तत्कालीन उप पंजीयक, अजमेर द्वितीय, (2) श्री राजवीर सिंह, तत्कालीन भू–अभिलेख निरीक्षक, ग्राम पंचायत गगवाना एवं (3) श्री सुनील कुमार शर्मा, तत्कालीन पटवारी, ग्राम पंचायत, गगवाना, जिला अजमेर के विरूद्व भ्रष्ट हेतु से पदीय शक्ति का दुरूपयोग का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्व राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम 1973 की धारा 12(1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशानिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई ।

एफ 16(335)लोआस / 2014

परिवादी श्री राजेन्द्र कुमार जैन पुत्र श्री शिवदयाल जैन, निवासी राजेश भवन, सिविल लाईन, जिला अलवर द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया गया था कि वे मोहल्ला सिविल लाईन, अलवर में अपने परिवार के साथ रहते हैं। प्रस्तुत प्रकरण में

प्रश्नगत भवन में स्वीकृति के विपरीत बिना अनुमति व्यावसायिक निर्माण होने तथा इसके विरूद्व समय पर कोई ठोस व प्रभावी कार्यवाही नगर विकास न्यास, अलवर के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा नहीं की गई और जिस कारण उनके मकान के पूर्व में रहने वाले श्री अजय कुमार सिंघल पुत्र श्री पुखराज सिंघल तथा श्रीमती सुनीता गुप्ता पत्नी श्री सुनील खण्डेलवाल ने अपने मकान को तोड़कर वहां बेंसमेंट तथा व्यावसायिक भवन का निर्माण प्रारम्भ किया था, जिससे उसके मकान के पूर्व की तरफ निर्माण में काफी नुकसान हुआ था और कमरों में पानी भर गया था ।

परिवादी के उक्त आरोपों के सम्बन्ध में अभिलेख पर आए साक्ष्य, तर्क, विवेचन एवं लोकसेवकों के स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य में प्रकट स्थिति को देखते हुए अपचारी लोकसेवकगण (1) श्री ओमप्रकाश गुर्जर, तत्कालीन अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, नगर विकास न्यास, अलवर, हाल–तहसीलदार बसवा, (2) श्री प्रेमचंद धामाणी, तत्कालीन अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, नगर विकास न्यास, अलवर, हाल सेवानिवृत्त (3) श्री सोहन सिंह नरूका, तत्कालीन अतिकमण निरोधक अधिकारी, नगर विकास न्यास, अलवर, हाल भूमि अवाप्ति अधिकारी, (4) श्री राजवीर सिंह यादव तत्कालीन अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, नगर विकास न्यास, अलवर, (5) श्री ओमप्रकाश शर्मा, तत्कालीन अतिक्रमण निरोधक अधिकारी, नगर विकास न्यास, अलवर, हाल सेवानिवृत्त (6) श्री विनीत नगायच, तत्कालीन अधिशाषी अभियन्ता, नगर परिषद अलवर, हाल– अधिशाषी अभियन्ता, नगर परिषद, भिवाड़ी, (7) श्री मुकेश कुमार तिवारी, तत्कालीन अतिक्रमण शाखा प्रभारी हाल सहायक अभियन्ता, नगर परिषद, अलवर, (8) श्री वीरेन्द्र कुमार वर्मा, तत्कालीन आयुक्त, नगर परिषद, अलवर, (9) श्री मुरारीलाल वर्मा, तत्कालीन आयुक्त नगर परिषद, अलवर एवं (10) श्री मोहनदान रत्नू, तत्कालीन आयुक्त, नगर परिषद अलवर के विरूद्व पदीय शक्ति का दुरूपयोग का मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्व राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम 1973 की धारा 12(1) के अधीन विद्यमान व प्रवृत्त अनुशानिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु उनके सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई ।

एफ 3(53)लोआस / 2019

परिवादी श्री हरभान सिंह प्रजापत, पुत्र श्री तुलाराम, निवासी ग्राम खानसूरजपुर, पुलिस थाना रूपवास, जिला भरतपुर द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया गया था कि उसके पुत्र जालिम सिंह ने पुलिस थाना रूपवास पर एफ.आई.आर संख्या 100/2018 दर्ज करायी थी । अनुसंधान अधिकारी द्वारा मुलजिमों को बचाने के आशय से एफ.आर. न्यायालय में पेश कर दी गई एवं इस बाबत प्रोटेस्ट पेश करने पर न्यायालय ने पुनः अनुसंधान करने हेतु दिनांक 14.12.2018 को आदेश पारित करने के बाद भी अनुसंधान अधिकारी द्वारा मुलजिमों के विरूद्व कोई कार्यवाही नहीं की गई है।

परिवादी के उक्त आरोपों के सम्बन्ध में अभिलेख पर आए साक्ष्य, तर्क, विवेचन एवं लोकसेवकों के स्पष्टीकरण व साक्ष्य में प्रकट स्थिति को देखते हुए प्रकरण में अपचारी लोकसेवक (1) डॉ. रूपेन्द्र झा, चिकित्सक अधीक्षक, जनाना अस्पताल, भरतपुर एवं (2) श्री भोजाराम, थानाधिकारी, पुलिस थाना रूपवास, जिला भरतपुर के विरूद्व पेशेवर लापरवाही एवं पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में पूर्ण उदासीनता का मामला प्रमाणित इनके विरूद्व राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम 1973 की धारा 12(1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत्त अनुशानिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु उनके सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई ।

एफ.14(12)लोआस / 2017

परिवादी श्री अनिल कुमार पुत्र श्री कपूर चंद, निवासी ग्राम लुधाबाई, जिला भरतपुर द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया गया था कि भरतपुर परिवहन विभाग, लुधाबई टोल प्लाजा पर एक ही जगह खड़े होकर इन्सपेक्टर एवं उनके भाई द्वारा खुले आम चौथ वूसली की जा रही है।

परिवादी के उक्त आरोपों के सम्बन्ध में अभिलेख पर आए साक्ष्य, तर्क, विवेचन एवं लोकसेवकों के स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य में प्रकट स्थिति को देखते हुए (1) श्री वकताराम, तत्कालीन परिवहन निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय दूदू,

(2) श्री अमर सिंह मीणा, तत्कालीन उप निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय कोटपूतली, (3) श्री अशोक बसेन्द्रा, तत्कालीन उप निरीक्षक, प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, जयपुर, (4) श्री घनश्याम सिंह, तत्कालीन उप निरीक्षक, जिला परिवहन कार्यालय, करौली, (5) श्री विजेन्द्र मीणा, तत्कालीन उप निरीक्षक, प्रादेशिक परिवहन कार्यालय अलवर एवं (6) श्री समुन्द्र सिंह कोठारी, तत्कालीन उप निरीक्षक, प्रादेशिक परिवहन कार्यालय, अलवर के विरूद्व पदीय शक्ति के दुरूपयोग का मामला प्रमाणित होने से इनके विरूद्व राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम 1973 की धारा 12(1) के अधीन विद्यमान व प्रवृत्त अनुशानिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु उनके सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई ।

एफ 3(655)लोआस/2017

परिवादी श्री कमलेश सैनी पुत्र श्री कैलाश सैनी, निवासी नेहरू कॉलोनी, वार्ड संख्या 17, कस्बा लालसोट, जिला दौसा द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया गया था कि पुलिस थाना करधनीपर दर्ज एफ.आई.आर संख्या 3/2013 में अनुसंधान के बाद एफ.आर. लगा देने पर न्यायालय द्वारा दिनांक 19.09.2016 को पुनः अनुसंधान किये जाने हेतु आदेश पारित किये जाने के उपरान्त भी उक्त प्रकरण में थानाधिकारी श्री अनिल जसोरिया एवं अनुसंधान अधिकारी श्री महेन्द्र सिंह द्वारा पुनः सही अनुसंधान नहीं किया गया था।

परिवादी के उक्त आरोपों के सम्बन्ध में अभिलेख पर आए साक्ष्य, तर्क, विवेचन एवं लोकसेवकों के स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य में प्रकट स्थिति को देखते हुए प्रकरण में अपचारी लोकसेवकगण (1) श्री महेन्द्र सिंह, तत्कालीन उप निरीक्षक, पुलिस थाना करधनी, जयपुर एवं (2) श्री श्रवणलाल, सहायक उप निरीक्षक, पुलिस थाना करधनी, जयपुर के विरूद्व पदीय शक्ति के दुरूपयोग का मामला प्रमाणित होने एवं लोकसेवक (3) श्री अनिल जसोरिया, तत्कालीन पुलिस निरीक्षक की उक्त प्रकरण में पर्यवेक्षणीय लापरवाही होना प्रमाणित पाये जाने पर इनके विरूद्व राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम 1973 की धारा 12(1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत्त अनुशानिक

नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु इनके सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई ।

एफ 16(558)लोआस/2015

परिवादी श्री जयेश लोढा पुत्र श्री मनोहर लाल लोढ़ा, निवासी द्वितीय तल, श्रीजी काम्पलेक्स, न्यू रोड, चूरू द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया गया था कि उनके द्वारा मै.जयदीप एण्टरप्राईजेज के नाम से एक भूखण्ड खरीदा गया था जिस पर निर्माण स्वीकृति हेतु नगरपालिका, नाथद्वारा में एक आवेदन प्रस्तुत किया गया था, किन्तु उन्हे सम्बन्धीत विभाग से निर्माण स्वीकृति नहीं दी गई थी तथा जलदाय विभाग का उक्त भूखण्ड पर कोई स्वामित्व नहीं होते हुए भी जलदाय विभाग द्वारा उक्त भूखण्ड पर अपने स्वामित्व बाबत अपना बोर्ड अनाधिकृत एवं अवैध रूप से लगा रखा था। परिवादी द्वारा नगरपालिका, नाथद्वारा एवं जलदाय विभाग के अधिकारियों के विरूद्व कार्यवाही किये जाने की प्रार्थना अपने उक्त परिवाद के माध्यम से की गई थी।

परिवादी के उक्त आरोपो के सम्बन्ध में अभिलेख पर आए साक्ष्य, तर्क, विवेचन एवं लोकसेवको के स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य में प्रकट स्थिति को देखते हुए (1) श्री आशीष कुमार शर्मा, तत्कालीन आयुक्त, नगरपालिका, नाथद्वारा, (2) श्री शान्तिलाल आमेटा, तत्कालीन सहायक अभियन्ता/कार्यवाहक आयुक्त, नगरपालिका, नाथद्वारा, (3) श्री ललितेन्द्र शर्मा, तत्कालीन कनिष्ठ लिपिक, नगरपालिका, नाथद्वारा, (4) श्री रामचन्द्र तिवारी, तत्कालीन कनिष्ठ लिपिक, नगरपालिका, नाथद्वारा एवं (5) श्रीमती तनुजा सोलंकी, तत्कालीन आयुक्त, नगरपालिका, नाथद्वारा के विरूद्व पदीय शक्ति का दुरूपयोग एवं अपने कर्तव्य निर्वहन में उपेक्षा/अकर्मण्यता के व्यवहार का मामला प्रमाणित होने से इनके विरूद्व राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम 1973 की धारा 12(1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशानिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु उनके सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

एफ 17(195)लोआस / 2017

परिवादी डॉ. विवेक भार्गव, निवासी विवेकानंद मार्ग, सी–स्कीम, जयपुर द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया गया था कि उसकी व उसकी पत्नी एवं रवि खण्डेलवाल, मनीष खण्डेलवाल व मनीषा खण्डेलवाल की शामलाती खातेदारी कृषि भूमि 10 बीघा 1 बिस्वा के सम्बन्ध में जरिये इकरारनामा बिचौती दिनांक 13.12.2016 रवि खण्डेलवाल, मनीष खण्डेलवाल व मनीषा खण्डेलवाल द्वारा उनके साथ धोखाधडी करने व उक्त खातेदारी कृषि भूमि के सम्बन्ध में बोबाडी गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा अवैध पट्टे जारी करने के संदर्भ में थाना ब्रह्मपुरी पर दर्ज एफ आई आर संख्या 410/2017 में पुलिस द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई तथा उक्त खातेदारी भूमि एवं उससे लगी सरकारी भूमि पर अवैध निर्माण किए जाने की शिकायत जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर में किये जाने के बावजूद भी उनके द्वारा वहां कोई कार्यवाही नहीं की गई थी ।

परिवादी के उक्त आरोपो के सम्बन्ध में अभिलेख पर आए साक्ष्य, तर्क, विवेचन एवं लोकसेवको के स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य में प्रकट स्थिति को देखते हुए (1) श्री देवेन्द्र कुमार जैन, आर.ए.एस, (2) श्री आशीष कुमार, आर.ए.एस (तत्कालीन उपायुक्त, जोन–10, जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर) एवं (3) श्री हनुमान सहाय जाट, तत्कालीन प्रवर्तन अधिकारी, जोन–10,जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर के विरूद्व पदीय दायित्व व कर्तव्य में अकर्मण्यता कारित का मामला प्रमाणित होने से इनके विरूद्व राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम 1973 की धारा 12(1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशानिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु इनके सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई ।

एफ 16(270)लोआस / 2015

परिवादी श्री मोहम्मद इकबाल पुत्र श्री मोहम्मद अकरम अली निवासी फतेहपुरिया मस्जिद के पास, वार्ड संख्या 29 जिला झुन्झुनू द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन

किया गया था कि नगर परिषद सभापति श्री सुदेश अहलावत एवं आयुक्त श्री राजेन्द्र सींगड द्वारा मण्डावा रोड पर जिला स्टेडियम के मुख्य द्वार के पास सार्वजनिक भूमि एवं आम रास्ते की भूमि पर बडा व्यवसायिक कॉम्पलेक्स का अवैध निर्माण करवाया जा रहा था।

परिवादी के उक्त आरोपो के सम्बन्ध में अभिलेख पर आए साक्ष्य, तर्क, विवेचन एवं लोकसेवको के स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य में प्रकट स्थिति को देखते हुए (1) श्रीमती अनिता खींचड, तत्कालीन सचिव, नगर परिषद, झुन्झुनूँ, (2) श्री संजय माथुर, तत्कालीन अधिशाषी अभियंता, नगर परिषद, झुन्झुनूँ, (3) रोहित चौधरी, तत्कालीन आयुक्त, नगर परिषद, झुन्झुनूँ एवं (4) श्री ओमप्रकाश जांगिड, तत्कालीन तहसीलदार, झुन्झुनूँ के विरूद्व पदीय दायित्व व कर्तव्य निर्वहन में उपेक्षा एवं लापरवाही का मामला प्रमाणित होने से इनके विरूद्व राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम 1973 की धारा 12(1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत्त अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु इनके सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

एफ 3(390)लोआस/2018

परिवादी श्री भरत सिंह जाटव पुत्र श्री रूसीराम जाटव, निवासी ग्राम मछरिया, तहसील राजाखेडा, जिला धौलपुर द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया गया था, कि दिनांक 29.08.2018 को आरोपियों द्वारा घर पर आकर मारपीट करने के संबंध में पुलिस थाना दिहोली पर एफ.आई.आर संख्या 121/2018 उनके द्वारा दर्ज करवायी गई थी तथा उनके द्वारा अपने परिवाद में यह भी अवगत कराया कि मारपीट में आई चोटो का मेडिकल मुआयना डॉ. गौरव त्यागी द्वारा किया गया था, जो उनके द्वारा सही नहीं किया गया था ।

परिवादी के उक्त आरोपो के संबंध में अभिलेख पर आए साक्ष्य, तर्क, विवेचन एवं लोकसेवक के स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य में प्रकट स्थिति को देखते हुए प्रकरण में अपचारी लोकसेवक डॉ. गौरव त्यागी, चिकित्सा अधिकारी, आदर्श प्राथमिक स्वास्थ्य

केन्द्र, हथवारी, ब्लॉक राजाखेडा, जिला धौलपुर के भ्रष्ट हेतुक से प्रेरित होकर व मुलजिमान को अनुचित लाभ पहुंचाने/बचाने के आशय से अपने पदीय कर्तव्यों के निर्वहन में जानबूझकर लापरवाही बरतने का मामला प्रमाणित होने से इनके विरूद्व राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम 1973 की धारा 12(1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशानिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु इनके सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई ।

एफ 16(78)लोआस/2017

परिवादी श्री मुकेश कुमार दायमा पुत्र श्री हनुमान प्रसाद, निवासी नया बाजार रोड, व्यापारियो का मोहल्ला, वार्ड संख्या 36, कस्बा सुजानगढ, जिला चूरू द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया गया था कि कस्बा सुजानगढ में सब्जी मण्डी के पास स्थित अवैध व्यावसायिक सुमेरू कॉम्लेक्स के आगे श्री ओमप्रकाश तुनवाल, श्री शंकर सामरिया एवं श्री जयप्रकाश भोजक द्वारा नगर परिषद की सडक को अवैध रूप से तोड दिये जाने, सुमेरू कॉम्पलेक्स व उससे सटकर बने अवैध कॉम्पलेक्स जो कि आवासीय कॉलोनी में व्यावसायिक निर्माण है तथा बिना भू–परिवर्तन व बिना स्वीकृति के बनवाये जा रहे है, के संबंध में शिकायत करने पर भी आयुक्त, सभापति, कनिष्ठ अभियन्ता, सफाई निरीक्षक, नगर परिषद, सुजानगढ द्वारा कार्यवाही नहीं करने का आरोप लगाया हैं।

परिवादी के उक्त आरोपो के संबंध में अभिलेख पर आए साक्ष्य, तर्क, विवेचन एवं लोकसेवको के स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य में प्रकट स्थिति को देखते हुए प्रकरण में अपचारी लोकसेवकगण (1) श्री भंवरलाल सोनी, तत्कालीन आयुक्त, नगर परिषद, सुजानगढ, (2) श्री शुभकरण, तत्कालीन कनिष्ठ लिपिक, नगर परिषद, सुजानगढ (3) श्री हंसराज मेघवाल, तत्कालीन कनिष्ठ अभियन्ता, नगर परिषद, सुजानगढ (4) श्री पवन कुमार शर्मा, कनिष्ठ लिपिक, नगर परिषद सुजानगढ, (5) डॉ. विजयराज शर्मा, तत्कालीन सभापति, नगरपरिषद, सुजानगढ एवं (6) श्रीमती पूजा शर्मा, तत्कालीन राजस्व अधिकारी, नगर परिषद, सुजानगढ के विरूद्व पदीय शक्ति का दुरूपयोग का

मामला प्रमाणित होने से, इनके विरूद्व राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम 1973 की धारा 12(1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशानिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु इनके सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

एफ 16(227)लोआस/2018

परिवादी श्री सुभाष कुमार पुत्र श्री रामचन्द्र, जाति जाट, निवासी हांसपुर, तहसील श्रीमाधोपुर, जिला सीकर द्वारा यह परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया गया था कि परिवादी की कम्पनी, ''सुभाष कंस्ट्रक्शन कम्पनी'', हांसपुर द्वारा नगरपालिका, खण्डेला के कार्यादेश संख्या 2112 दिनांक 17.01.2018 द्वारा फायर स्टेशन का निर्माण कार्य किया जा रहा है।

परिवादी ने अपने उक्त परिवाद के माध्यम से प्रश्नगत निर्माण का द्वितीय रनिंग बिल 12,12,921/रूपये रिश्वत की मांग व हठधर्मिता के कारण अधिशाषी अधिकारी व लेखा लिपिक, नगरपालिका, खण्डेला द्वारा भुगतान नहीं किये जाने का आरोप उन पर लगाया हैं।

परिवादी के उक्त आरोपो के संबंध में अभिलेख पर आए साक्ष्य, तर्क, विवेचन एवं लोकसेवको के स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य में प्रकट स्थिति को देखते हुए प्रकरण में अपचारी लोकसेवक श्रीमती प्रियंका बुढानियां, तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, खण्डेला, जिला सीकर के विरूद्व पदीय शक्ति का दुरूपयोग का मामला स्पष्टतः प्रमाणित होने से, इनके विरूद्व राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम 1973 की धारा 12(1) के अधीन, विद्यमान व प्रवृत अनुशानिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किए जाने हेतु इनके सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई ।

एफ 5(25)लोआस/2018

परिवादी ओमप्रकाश तिवारी (एड.), निवासी 85–बी, मालवीय नगर, एयरफोर्स एरिया, जोधपुर द्वारा परिवाद प्रस्तुत कर अभिकथन किया गया था कि श्रीमती मनोज कुमारी चौधरी, प्रधानाचार्य, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, मादासर–बायतू द्वारा बिना सक्षम अनुमति के मुख्यालय छोडकर रोज जोधपुर आना–जाना एवं बिना विद्यालय में आये ही अपनी उपस्थिति दर्ज की गई थी।

परिवाद पत्र में प्रभारी कार्यवाही किये जाने के फलस्वरूप दोषी कार्मिक श्रीमती मनोज कुमार चौधरी को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियन्त्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अंतर्गत आरोप पत्र जारी किये गये है तथा उक्त आरोप पत्र पत्र लोकसेविका द्वारा प्रत्युत्तर प्राप्त होने पर प्रकरण को सक्षम स्तर से समाप्त किया गया हैं, जबकि उक्त लोकसेविका द्वारा प्रकरण में अपने आरोपों के सम्बन्ध में स्वैच्छया स्वीकारोक्त्ति दी गई है।

प्रकरण में माननीय लोकायुक्त महोदय द्वारा इस संबंध में सक्षम प्राधिकारी श्री सौरभ स्वामी, तत्कालीन निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर के विरूद्व उनके द्वारा पदीय शक्ति के दुरूपयोग किये जाने बाबत राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10 के अंतर्गत अन्वेषण किये जाने के आदेश प्रदान किये गये ।

प्रश्नगत प्रकरण में अभिलेख पर आए तर्क, विवेचन एवं लोकसेवक श्री सौरभ स्वामी, आई.ए.एस से प्राप्त उनके स्पष्टीकरण को दृष्टिगत रखते हुए प्रकरण में प्रमुख सचिव, (माननीय मुख्यमंत्री महोदय), सक्षम प्राधिकारी, कार्मिक विभाग, राजस्थान, जयपुर को निम्नानुसार पत्र जारी किया जाकर प्रकरण को इस सचिवालय स्तर पर समाप्त किया गया हैं ।

"From the threadbare examination of facts, objective analysis of the documentary evidence and other material available on record,

reasoning and legal position, taking a benevolent view in the matter, the delinquent public servent Shri Sourabh Swami, IAS, the then Director, Secondary Education, Bikaner is prima-facie not found guilty for corruption or high-handed action in pasing the order dated 16-09-2020. Suffice it to emphasis here that the said order was not in accordance with law.

Accordingly, the investigation proceedings against Mr. Sourabh Swami, IAS, at this Sachivalaya leval may be dropped with a word of caution to him for acting more carefully in future while exercising powers as disciplinary authority, strictly in adherence of law."

एफ.17(11)लोआस/2017

परिवादी श्री सांवरलाल द्वारा इस सचिवालय को परिवाद प्रेषित कर अभिकथित किया गया कि भूखण्ड सं. एस–105, आदिनाथ नगर, जयपुर में परिवार सहित निवास करता है जिसके लगता हुआ भूखण्ड सं. एस–92 (279.49 वर्गगज) आया हुआ है जो कि जयपुर विकास प्राधिकरण (जविप्रा) से अनुमोदित है। भूखण्ड सं. एस–92 के स्वामी द्वारा जविप्रा भवन विनियमन, 2010 व जविप्रा अधिनियम, में वर्णित प्रावधानों के विपरीत अवैध रूप से जीरो सेटबेक पर भवन का निर्माण किया जा रहा है। इसकी शिकायतें दिनांक 30.03.2017 व 11.04.2017 को आयुक्त, जविप्रा, जयपुर को की गई, किन्तु कोई कार्यवाही नहीं हुई। जविप्रा के सम्बन्धित जोन के कर्मचारी/प्रवर्तन शाखा के अधिकारी अवैध निर्माण को रोकने के बजाय उसे प्रोत्साहन दे रहे हैं। अतः अवैध निर्माण के विरूद्ध कार्यवाही की जाये।

परिवादी के उक्त आरोपों के सम्बन्ध में अभिलेख पर आए साक्ष्य, तर्क, विवेचन एवं लोकसेवक के स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य में प्रकट स्थिति को देखते हुए लोकसेवक श्री आलोक गौतम, तत्कालीन प्रवर्तन अधिकारी, जोन–4, जविप्रा के विरूद्ध पदीय शक्ति

का दुरूपयोग एवं अपने कर्त्तव्य निर्वहन में कदाचार एवं भ्रष्टाचार कारित कर, पदीय शक्ति के दुरूपयोग का मामला प्रमाणित होने से, उनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12 (1) के अधीन विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने के लिये उनके सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

एफ.3(120)/लोआस/2019

परिवादी श्री नरेश कुमार सैनी ने सचिवालय के समक्ष इस आशय का परिवाद प्रस्तुत किया गया कि उसकी दादी बीपीएल परिवार की विधवा बुजुर्ग महिला है जिसके पास एक पुख्ता कच्चे टिन का मकान वार्ड नं. 12 मालियों की ढाणी, किला ऊपर, ग्राम पंचायत, पावटा में स्थित है। आज से लगभग 6 माह पूर्व पुलिस थाना, प्रागपुरा के एसआई श्री संजय वर्मा ने परिवाद के सदस्यों को बेवजह थाने बुलाकर नजरबन्द रखा और पाँच लाख रु. में उक्त मकान बेचान करने की हिदायत दी। इसकी शिकायत पुलिस उपाधीक्षक, कोटपूतली को करने पर कोई कार्यवाही नहीं की गई। दिनांक 17.04.2019 को घर पर कोई पुरूष सदस्य मौजूद नहीं था तो भू–माफियाओं ने 25–30 गुण्डों के साथ शराब पीकर व धारदार हथियार लेकर दादी, माता, चाची व बहिनों पर जानलेवा हमला कर दिया एवं बिना नम्बर की जेसीबी से दादी के मकान को ध्वस्त कर दिया। घटना की सूचना स्थानीय थाने पर बार–बार दी गई, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। प्रकरण की जाँच श्री संजय वर्मा, एसआई को सौंपी गई तो उन्होंने भू–माफियाओं से मिलकर उन्हें ही डराकर व धमकाकर पाबन्द कर दिया। अतः कार्यवाही की जाये।

परिवादी के उक्त आरोपों के सम्बन्ध में अभिलेख पर आए साक्ष्य, तर्क, विवेचन एवं लोकसेवक के स्पष्टीकरण एवं साक्ष्य में प्रकट स्थिति को देखते हुए लोक सेवक श्री संजय वर्मा, तत्कालीन उप निरीक्षक, पुलिस थाना, प्रागपुरा, तहसील कोटपूतली, जिला जयपुर के विरूद्ध पदीय शक्ति का दुरूपयोग का मामला प्रमाणित होने से उनके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12 (1) के अधीन

विद्यमान व प्रवृत अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही किये जाने के लिये उनके सक्षम प्राधिकारी को सिफारिश की गई।

35(346)लोआस/2018

परिवादी श्री सुनिल आगीवाल पुत्र श्री पी.डी. आगीवाल, निवासी म.नं. 2–आर–7, आरसी व्यास कॉलोनी, भीलवाडा ने यह सशपथ परिवाद इस आशय का प्रस्तुत किया है कि भीलवाडा शहर के नजदीक स्थित चित्तौड रोड़ पर 58.17 बीघा भूमि निजी खातेदारों से सरकार ने अधिग्रहित करके, राजस्थान वनस्पति प्रोडक्ट प्रा.लि. को विहित शर्तों के तहत औद्योगिक ईकाई स्थापना हेतु आवंटित की थी, जिस पर उक्त संस्थान ने डालडा मिल के रूप में डालडा घी का उत्पादन प्रारंभ किया। बाद में उक्त ईकाई बन्द हो गई तथा बी.आई.एफ.आर. ने उक्त संस्थान को केप्रिकॉन क्रेडिट प्रा0लि0 भीलवाडा को बेचने की अनुमति दे दी और विक्रय पत्र निष्पादित कर दिया। राज्य सरकार के उद्योग विभाग ने उक्त संस्थान को 60.12 बीघा भूमि हस्तान्तरण की स्वीकृति प्रदान कर दी जिसमें 1.15 बीघा सरकारी भूमि भी सम्मिलित थी। उक्त 51.51 बीघा भूमि लीजी की हैसियत से राजस्व रेकार्ड में दर्ज थी, इसके बावजूद भी लोकसेवकों ने मिलीभगतपूर्वक उक्त भूमि की लीज केप्रिकॉन क्रेडिट प्रा0लि0 के नाम पर दर्ज कर दी।

परिवादी ने यह भी आरोप लगाया कि मास्टर प्लान 2035 भीलवाडा में यह सम्पूर्ण 60.12 बीघा भूमि औद्योगिक दर्ज है किन्तु जिला कलेक्टर, भीलवाडा व अन्य अधिकारीगणों ने आपसी षडयंत्रपूर्वक विधिविरूद्ध रूप से राजस्थान भू–राजस्व (औद्योगिक क्षेत्र आवंटन), 1959 के नियम 14(1) के अनुसार इस भूमि को रिवर्ट बैक की अनुमति प्रदान कर दी जबकि नियमानुसार रिर्वट बैक सिर्फ मूल खातेदार को ही दी जा सकती थी न कि लीज होल्डर को। ऐसी स्थिति में प्रासंगिक भूमि को राजस्थान भू–राजस्व (औद्योगिक क्षेत्र आवंटन), 1959 के नियम 14(1) के अनुसार गलत रूप से रिवर्ट बैक कर दिया गया।

प्रकरण का संज्ञान लेते हुए सर्वप्रथम परिवाद की प्रति जिला कलेक्टर, भीलवाडा को प्रेषित करते हुए तथ्यात्मक रिपोर्ट आहूत की गई। अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट में जिला कलेक्टर, भीलवाडा ने अवगत कराया कि प्रश्नगत भूमि की जांच के संबंध में 4 सदस्यीय जांच कमेटी का गठन किया गया। जांच समिति की रिपोर्ट दिनांक 9.7.2019 के अनुसार समिति ने मूल आवंटन आदेश और तत्कालीन राजस्व रिकार्ड की जांच से निष्कर्षतः यह पाया कि खातेदारों से भूमि अधिग्रहण के पश्चात् प्रश्नगत भूमि मैसर्स राजस्थान वनस्पति प्रोडक्ट्स प्रा.लि. के नाम खातेदारी में दर्ज न होकर बिलानाम सरकार रही। राजस्थान वनस्पति प्रोडक्ट्स प्रा.लि. से मैसर्स केप्रिकॉन क्रेडिट प्रा0लि0 के नाम लीज होल्ड हस्तान्तरण के पश्चात् भी यह भमि बिलानाम सरकार एवं लीजी केप्रिकॉन क्रेडिट प्रा0लि0 के नाम दर्ज रही। केप्रिकॉन क्रेडिट प्रा0लि0, राजस्थान भू–राजस्व (औद्योगिक क्षेत्र आवंटन), 1959 के नियम 14(1) के तहत प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करके भूमि को पुनः कृषिमय दर्ज करवाकर अपनी खातेदारी में रिकार्ड अंकन करवाने का पात्र नहीं था क्योंकि यदि वह भविष्य में उद्योग चलाने में असफल रहता या यदि वह उद्योग का अन्तरण कर देता, दोनों ही स्थितियों में इस औद्योगिक भूमि का केवल लीज होल्ड हस्तान्तरण ही संभव था। इस प्रकार मैसर्स केप्रिकॉन क्रेडिट प्रा0लि0 खातेदारी स्वत्व नहीं रखने के कारण उक्त नियम के तहत प्रार्थनापत्र प्रस्तुत कर औद्योगिक भूमि को रिवर्ट बैक करवाने का अधिकारी नहीं था।

इस प्रकार पत्रावली पर आई दस्तावेजी साक्ष्य से प्रथम दृष्टया यह प्रकट हुआ कि डॉ. रवि कुमार सुरपुर, आईएएस, तत्कालीन जिला कलेक्टर, भीलवाडा ने भ्रष्ट हेतुक से प्रेरित होकर अपनी पदीय हैसियत का दुरूपयोग करते हुए राजस्थान भू–राजस्व (औद्योगिक क्षेत्र आवंटन), 1959 के नियम 14(1) की गलत व्याख्या करते हुए मैसर्स केप्रिकॉन क्रेडिट प्रा0लि0 के पक्ष में प्रश्नगत 51–15 बीघा भूमि का रिवर्ट बैक (कृषि भूमि) दर्ज करने हेतु पारित आदेश दिनांक 22.12.2014 नियम विरूद्ध था।

प्रकरण की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए इस मामले में माननीय लोकायुक्त महोदय द्वारा उक्त लोकसेवक के विरूद्ध लोकायुक्त एवं उप—लोकायुक्त अधिनियम की धारा 10 के तहत अन्वेषण करने का निर्णय लिया गया।

अन्वेषण के दौरान लोकसेवक डॉ. रवि कुमार सुरपुर, तत्कालीन जिला कलेक्टर, भीलवाडा (हाल पदस्थापित— आयुक्त, वाणिज्यिक कर विभाग, राज., जयपुर) को राजस्थान लोकायुक्त तथा उप—लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 10(1)(क) के अन्तर्गत परिवाद की छाया प्रति, नोटिस एवं अन्वेषण के आधारों का विवरण प्रेषित किया जाकर, स्पष्टीकरण/जवाब तलब किया गया। इसकी सूचना सक्षम प्राधिकारी को भी दी गई। साथ ही प्रकरण के संबंध में अन्य आवश्यक सूचनाएं/दस्तावेज भी संबंधित विभागों से मंगवाये गये।

उपर्युक्त रूप से आरोपी लोकसेवक का समग्र मामला, उसके द्वारा प्रस्तुत स्पष्टीकरण एवं पत्रावली पर आई दस्तावेजी साक्ष्य पर आधारित होने से, उपलब्ध अभिलेख एवं सम्बन्धित विधि/नियमों का सावधानीपूर्वक अवलोकन कर, आरोपी लोकसेवक को सुना गया।

अन्वेषण जांच के दौरान प्रकाश में आए तथ्यों के सूक्ष्म विश्लेषण, दस्तावेजी साक्ष्य की गहन समीक्षा एवं रेकार्ड पर उपलब्ध सामग्री, तर्कों व विधिक स्थिति के आधार पर यह पाया गया कि प्रकरण में आरोपी लोकसेवक लोकसेवक डॉ. रवि कुमार सुरपुर, आईएएस, तत्कालीन जिला कलेक्टर, भीलवाडा ने अपनी पदीय शक्तियों का दुरूपयोग करते हुए, संबंधित नियमों की अनदेखी कर, मनमानीपूर्वक कार्य कर, मैसर्स केप्रिकॉन क्रेडिट प्रा0लि0 को लाभ पहुंचाने के आशय से दुराचरण किया है। उक्त लोकसेवक ने संबंधित कानूनी प्रावधानों का उल्लंघन करते हुए, विधिविरूद्ध रूप से अपने आदेश दिनांक 22.12.2014 द्वारा अपने विहित क्षेत्राधिकार से परे जाकर, कृषि प्रयोजनार्थ मैसर्स केप्रिकॉन क्रेडिट प्रा0लि0 के पक्ष में प्रश्नगत मूल्यवान सरकारी भूमि को रिवर्ट—बैक कर दिया। इस प्रकार डॉ. रवि कुमार सुरपुर ने अपने कर्तव्यपालन में गंभीर लोप किया।

लोकसेवक डॉ. रवि कुमार सुरपुर के विरूद्ध उपर्युक्तानुसार मामला प्रमाणित होने से उसके विरूद्ध राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 की धारा 12(1) के अधीन विद्यमान व प्रवृत्त अनुशासनिक नियमों के तहत वांछित अनुशासनिक कार्यवाही की जाकर इस सचिवालय को अवगत करवाने की अनुशंसा की गई।

साथ ही, राज्य सरकार से भी यह अपेक्षा की गई कि वह इस मामले की गहनता से जांच करवाकर, आदेश दिनांक 22.12.2014 के अनुक्रम में की गई कार्यवाही को निरस्त करवाने की कार्यवाही करे। यदि उक्त भूमि का आवासीय/व्यवसायिक प्रयोजनार्थ रूपान्तरण कर दिया गया हो, तो भी जनहित में, उक्त आदेशों को निरस्त करने हेतु समुचित कार्यवाही की जावे।

अध्याय - 3

इस सचिवालय द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप विभागों द्वारा विभागीय स्तर पर लोकसेवकों के विरुद्ध की गई अनुशासनिक कार्यवाही के प्रकरण

अध्याय–3

इस सचिवालय द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरुप विभागों द्वारा विभागीय स्तर पर लोकसेवकों के विरूद्ध की गई अनुशासनिक कार्यवाही के प्रकरण

एफ.2(37)लोआस/2018

परिवादी सुश्री अमीषा जैन पुत्री श्री राजेन्द्र कुमार जैन, निवासी 118/154, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जिला जयपुर का अभिकथन था कि कृषि उपज मण्डी समिति, मालपुरा में 32 भूखण्डों के आवंटन में फर्जीवाड़ा किया गया है।

इस सम्बन्ध में निदेशक, कृषि विपणन, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री सुरेश चन्द्र जैन, सेवानिवृत कार्मिक को वरिष्ठ सहायक के पद से कनिष्ठ सहायक के पद पदावनत किये जाने के दण्ड से दण्डित किया गया एवं श्री ओमप्रकाश शर्मा, तत्कालीन मण्डी सचिव, मालपुरा की तीन वार्षिक वेतन वृद्धियाँ संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया।

इस सम्बन्ध में जिला पुलिस अधीक्षक, टोंक की रिपोर्ट के अनुसार श्री सुरेश चन्द्र जैन, श्री राजेन्द्र जैन एवं श्री अशोक जैन के विरूद्ध धारा 457, 380 भा.दं.सं. के अपराध प्रमाणित पाये जाने पर मुलजिम श्री सुरेश जैन को गिरफ्तार कर अदालत में पेश किया गया एवं श्री राजेन्द्र जैन की तलाश जारी है।

इस प्रकार इस सचिवालय के हस्तक्षेप उपरान्त प्रकरण में दोषी लोकसेवकगण के विरूद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही की गई।

एफ.2(4)लोआस/2019

परिवादी श्री सुरेन्द्र कुमार पुत्र श्री रामदयाल, निवासी पुरानी तहसील मालपुरा, जिला टोंक का अभिकथन था कि कृषि निदेशालय के निदेशक श्री ताराचन्द मीणा द्वारा विभाग के कर्मचारियों/अधिकारियों के साबित अपराधों को जांच के नाम पर लम्बित रखा गया एवं श्री ओमप्रकाश शर्मा के विरूद्ध सीसीए नियम 16 की चार्जशीट होने के

बावजूद कार्मिक विभाग के निर्देशों के विपरीत उसे फील्ड पोस्टिंग दी गई व कृषि उपज मण्डी समिति, मालपुरा, टोंक में द्वितीय चरण की शर्तो के आधार पर तीन भूखण्ड डीएलसी दर 15,307/–रू. के स्थान पर 9184/–रू. पर आवंटित किये गये।

इस सम्बन्ध में निदेशक, कृषि विपणन, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी लोक सेवक श्री ओमप्रकाश शर्मा, तत्कालीन सचिव, मण्डी समिति, मालपुरा के विरूद्ध सीसीए नियम 16 के अधीन अधिरोपित आरोप प्रमाणित पाये जाने पर श्री शर्मा की तीन वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया एवं श्री सुरेश चन्द जैन, तत्कालीन आवंटन लिपिक, कृषि उपज मण्डी, मालपुरा को वरिष्ठ सहायक से कनिष्ठ सहायक के पद पर पदावनत किये जाने के दण्ड से दण्डित किया गया।

इस प्रकार इस सचिवालय के हस्तक्षेप उपरान्त प्रकरण में दोषी लोकसेवकगण के विरूद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्यवाही की गई।

एफ.3(50)लोआस/2018

परिवादी श्री राजकुमार सोनी पुत्र श्री विश्वनाथ सोनी, निवासी वार्ड नम्बर 20/22, कोर्ट परिसर के पास, चिड़ावा, जिला झुंझुनू का अभिकथन था कि पुलिस थाना, चिड़ावा में लोकसेवक रामस्वरूप सैनी के विरूद्ध धारा 409 भारतीय दण्ड संहिता व धारा 13(1)(डी) पी.सी.एक्ट के अन्तर्गत पंजीकृत अभियोग संख्या 229/2015 में अनुसंधान अधिकारी श्री सौरभ तिवाड़ी, उप पुलिस अधीक्षक, चिड़ावा द्वारा अरोपी लोकसेवक से मिलीभगत एवं अपने पद का दुरूपयोग कर कार्यवाही नहीं का जा रही है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, झुंझुनू से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अभियुक्त श्री रामस्वरूप सैनी, तत्कालीन कनिष्ठ लिपिक, नगर पालिका, चिड़ावा के विरूद्ध धारा 409 भारतीय दण्ड संहिता व धारा 13(1)(डी) पी.सी. एक्ट के तहत चार्जशीट न्यायालय में पेश की जा चुकी है।

इस प्रकार लोकसेवक के विरूद्ध कार्यवाही करा परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(110)लोआस / 2020

परिवादी श्री ललित कुमावत पुत्र श्री भवानी शंकर निवासी वार्ड नम्बर 16, शीतला गली छत्रपुरा, बूंदी का अभिकथन था कि पुलिस थाना, बूंदी में परिवादी की मामी बिरजू की लज्जा भंग व फावड़े से की गई मारपीट के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं की गई।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, बूंदी की रिपोर्ट के अनुसार थानाधिकारी मुकेश मीणा एवं सहायक उप निरीक्षक अर्जुन सिंह के विरूद्ध राजस्थान असैनिक सेवाएं (वर्गीकरण, नियंत्रण और पुनरावेदन) नियम, 1958 के नियम 17 के अन्तर्गत कार्यवाही कर परिनिन्दा के दण्ड से दण्डित किया जा चुका है।

इस प्रकार उक्त दोनों लोकसेवकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(112)लोआस / 2020

परिवादी श्री पूनम चंद जैन पुत्र श्री धर्म चन्द जैन निवासी बटक भैरू पाड़ा, बूंदी का अभिकथन था कि हैड कान्स्टेबल कोमल व धन्नालाल द्वारा अपने क्षेत्राधिकार से बाहर जाकर चालान बनाया गया है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, बूंदी की रिपोर्ट के अनुसार हैड कान्स्टेबल श्री कोमल व श्री धन्नालाल के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के अन्तर्गत कार्यवाही कर चेतावनी दी गई।

इस प्रकार उक्त दोनो लोकसेवकों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(275)लोआस / 2021

परिवादी श्री प्रेम सिंह पुत्र श्री गोपाल सिंह, निवासी वार्ड नम्बर 3, राजाखेड़ा, जिला धौलपुर का अभिकथन था कि उन्हें रामसहाय कान्स्टेबल द्वारा धमकियां दी जा रही है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, धौलपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक द्वारा कान्स्टेबल श्री रामसहाय, 358 के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के तहत विभागीय कार्यवाही की गई एवं उसे परिनिन्दा के दण्ड से दण्डित किया गया।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(303)लोआस / 2019

परिवादी श्री पूनमचंद जैन पुत्र श्री धर्मचंद जैन, निवासी बटक भेरू पाड़ा, जिला बून्दी का अभिकथन था कि श्री प्रहलाद हैड कान्स्टेबल संख्या 163 द्वारा गलत रूप से चालान किया गया व सही राशि राज्य सरकार में जमा नहीं करवायी गयी है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, बून्दी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री प्रहलाद, मुख्य आरक्षक संख्या 163, पुलिस लाईन, बून्दी के विरूद्ध सीसीए नियम 1958 के नियम 17 के तहत आरोप पत्र जारी किया गया।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(399)लोआस / 2019

परिवादी श्री पूनमचंद जैन पुत्र श्री धर्मचंद जैन, निवासी बटक भैरू पाड़ा, जिला बूंदी का अभिकथन था कि श्री युवराज सिंह, एच.सी. संख्या 617 द्वारा गलत रूप से चालान किया गया एवं सही राशि राज्य सरकार में जमा नहीं करवायी गयी।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, बूंदी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी लोकसेवक के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा चुकी है।

इस प्रकार दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(400)लोआस / 2019

परिवादी श्री पूनमचंद जैन पुत्र श्री धर्मचंद जैन, निवासी बटक भैरू पाड़ा, जिला बूंदी का अभिकथन था कि श्री जोधराज सिंह, एच.सी. नम्बर 332 द्वारा गलत रूप से चालान किया गया एवं सही राशि राज्य सरकार में जमा नहीं करवायी गयी।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, बूंदी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी लोकसेवक के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा चुकी है।

इस प्रकार दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(403)लोआस / 2019

परिवादी श्री पूनमचंद जैन पुत्र श्री धर्मचंद जैन, निवासी बटक भैरू पाड़ा, जिला बूंदी का अभिकथन था कि श्री सत्यनारायण पाराशर, ए.एस.आई. द्वारा विधि द्वारा स्थापित नियमों का उल्लंघन कर कार्य के प्रति लापरवाही की जा रही है एवं राजकोष को हानि पहुंचाई जा रही है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, बूंदी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री सत्यनारायण पाराशर, ए.एस.आई. को सीसीए नियम 17 के अधीन आरोप प्रमाणित मानते हुए परिनिन्दा के दण्ड से दण्डित किया गया है।

इस प्रकार दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(412)लोआस / 2019

परिवादी श्री पूनमचंद जैन पुत्र श्री धर्मचंद जैन, निवासी बटक भैरू पाड़ा, जिला बूंदी का अभिकथन था कि श्री बृजराज सिंह, ए.एस.आई., पुलिस थाना, सदर, बूंदी द्वारा गलत रूप से चालान किया गया एवं सही राशि राज्य सरकार में जमा नहीं करवायी गयी।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, बूंदी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी लोकसेवक के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जा चुकी है।

इस प्रकार दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(413)लोआस / 2019

परिवादी श्री पूनम चंद जैन पुत्र श्री धर्म चन्द जैन निवासी बटक भैरू पाड़ा, बूंदी का अभिकथन था कि श्री शिवराज एच.सी. संख्या 793 द्वारा गलत रूप से चालान किया गया व सही राशि राज्य सरकार में जमा नहीं करवायी गयी है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, बून्दी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री शिवराज एच.सी. संख्या 793 के विरूद्ध सीसीए नियम 1958 के नियम 17 के तहत आरोप पत्र जारी किया गया।

इस प्रकार दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(451)लोआस / 2019

परिवादी श्री पूनमचंद जैन पुत्र श्री धर्मचंद जैन, निवासी बटक भैरू पाड़ा, जिला बून्दी का अभिकथन था कि श्री इन्द्र सिंह, हैड कान्स्टेबल नम्बर 314 द्वारा गलत रूप से चालान किया गया व सही राशि राज्य सरकार में जमा नहीं करवायी गयी है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, जिला बून्दी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी पुलिसकर्मी को सीसीए नियम 17 के अन्तर्गत आरोप पत्र जारी कर उसका स्पष्टीकरण प्राप्त किया गया एवं कार्मिक को चेतावनी दी गयी।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(480)लोआस / 2019

परिवादी श्री पूनमचंद जैन पुत्र श्री धर्मचंद जैन, निवासी आर.टी.आई. कार्यकर्ता, बटक भैरू पाड़ा, जिला बूंदी का अभिकथन था कि श्री राजनीश कुमार, एएसआई, यातायात शाखा, बूंदी द्वारा श्री लोकेश पुत्र श्री प्रहलाद द्वारा सिलोर रोड़, बूंदी पर लालबत्ती का उल्लंघन करने पर चालान किया गया। जबकि सिलोर रोड़, बूंदी पर कोई लालबत्ती नहीं है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, बूंदी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी पुलिसकर्मी श्री राजनीश कुमार, सहायक उप निरीक्षक के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के तहत आरोप पत्र जारी किया गया।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(490)लोआस / 2019

परिवादी श्री पूनमचंद जैन पुत्र श्री धर्मचंद जैन, निवासी बटक भैरू पाड़ा, जिला बून्दी का अभिकथन था कि श्री शखावत अली एच.सी. संख्या 308 द्वारा चालान संख्या

1983393 व 1983397 को कम्पाउण्ड किया गया जबकि एक्ट के तहत वह कम्पाउण्ड करने के लिये अधिकृत नहीं है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, जिला बून्दी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी पुलिसकर्मी को सीसीए नियम 17 के अन्तर्गत आरोप पत्र जारी कर कार्मिक का स्पष्टीकरण प्राप्त किया गया।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(495)लोआस / 2019

परिवादी श्री पूनमचंद जैन पुत्र श्री धर्मचंद जैन, निवासी बटक भैरू पाड़ा, जिला बूंदी का अभिकथन था कि श्री प्रहलाद, मुख्य आरक्षक नम्बर 163 द्वारा जबरन अवैध वसूली एवं कार्य के प्रति लापरवाही की जा रही है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, बूंदी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री प्रहलाद, मुख्य आरक्षक नम्बर 163 के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के अधीन आरोप पत्र जारी किया जाकर भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं कर विधि द्वारा प्रदत्त शक्तियों के अनुक्रम में राजकार्य करने हेतु चेतावनी दी गई।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.5(35)लोआस / 2014

परिवादी श्री रतन नाथ कालबेलिया पुत्र श्री सरदार नाथ कालबेलिया, निवासी गांव बरावलों का खेड़ा, पोस्ट गोरख्या, वाया करेड़ा, जिला भीलवाड़ा का अभिकथन था कि श्री रोशनलाल, प्रबोधक, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बालरा, ग्राम पंचायत गोरख्या

वाया करेड़ा, जिला भीलवाड़ा की पत्नी द्वारा जिला प्रमुख के नाम का दुरूपयोग कर मिड–डे मिल, शौचालय निर्माण, भर्ती व नियुक्तियों में भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर, भीलवाड़ा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री रोशनलाल के माता–पिता की वृद्धावस्था पेंशन गलत स्वीकृत करने के सम्बन्ध में पदेन सचिव श्री राजेन्द्र बैरवा के विरूद्ध सीसीए नियम–17 के तहत कार्यवाही की गई एवं पेंशन बन्द कर वसूली की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। अतिरिक्त जिला कलक्टर, टोंक के निर्णय अनुसार राजस्थान पब्लिक डिमाण्ड रिकवरी एक्ट, 1952 के अन्तर्गत बाकीदार श्री अमरदीप से घटिया शौचालय निर्माण की एवज में 1,23,756/– रूपये की वसूली का प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया है।

इस प्रकार इस सचिवालय के हस्तक्षेप से गलत पेंशन जारी करने वालों से वसूली की गई और पदेन सचिव के विरुद्ध कार्यवाही की गई तथा घटिया शौचालय निर्माणकर्ता के विरुद्ध राशि वसूली का प्रमाण पत्र जारी किया जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.5(143)लोआस/2017

परिवादी श्री कैलाशराम पुत्र श्री झुमरराम, निवासी ग्राम धारणवास, ग्राम पंचायत लालावास, पंचायत समिति खींवसर, जिला नागौर का अभिकथन था कि श्री नाथूराम प्रजापत, प्रधानाचार्य (पीईईओ), राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, लालावास, जिला नागौर द्वारा पंचायत सहायक भर्ती में धांधली कर अपने भाई के लड़के का चयन किया गया।

इस सम्बन्ध में निदेशक, माध्यमिक शिक्षा राजस्थान बीकानेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी लोकसेवक श्री नाथूराम प्रजापत, प्रधानाचार्य के विरूद्ध विभागीय स्तर पर सीसीए नियम 17 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर श्री नाथूराम को 3 वार्षिक वेतनवृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.7(24)लोआस/2018

परिवादी श्री बनवारी लाल पारीक पुत्र श्री कैलाश चंद निवासी मु.पो. आमेसर, तहसील आसींद, भीलवाड़ा का अभिकथन था कि जिला रसद अधिकारी, भीलवाड़ा व कनिष्ठ लिपिक श्री राहुल माथुर द्वारा अन्य लोगों को लाभ पहुंचाने के उद्धेश्य से नियम विरूद्ध कार्यवाही कर उसकी राशन डीलरशिप निरस्त कर दी।

इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर, भीलवाड़ा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कनिष्ठ लिपिक श्री राहुल माथुर को दोषी पाते हुए उनके विरूद्ध सीसीए नियम 16 के अन्तर्गत कार्यवाही प्रारम्भ कर दी गई है।

इस प्रकार दोषी लोक सेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करवाकर परिवादी को राहत प्रदान की गई।

एफ.11(37)लोआस/2019

परिवादी श्री शिवचरण बलाई पुत्र श्री कन्हैया लाल बलाई, निवासी शयोला बाबा की ढ़ाणी, गुढा सुरजन, जयपुर का अभिकथन था कि पटवारी हल्का मांग्यावास एवं तहसीलदार सांगानेर द्वारा बिना विधिक सुनवाई किए नामान्तकरण संख्या 104 दिनांक 29.03.2019 को पहले स्वीकृत कर बाद में खारिज कर दिया गया।

इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण में तत्कालीन तहसीलदार श्री मुकेश कुमार मीणा, भू–अभिलेख निरीक्षक, श्री घनश्याम सिंह देवल एवं पटवारी राजेश मीणा के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के अन्तर्गत कार्यवाही कर दण्डित किया गया।

इस प्रकार दोषी लोक सेवकगण के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही अमल में लाकर दण्डित कर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया। नामान्तकरण की अपील

संख्या 58/2019 न्यायालय अतिरिक्त जिला कलक्टर, प्रथम, जयपुर के न्यायालय में विचाराधीन है।

एफ.12(106)लोआस/2017

परिवादी श्री पाबूदान सैनी पुत्र श्री रामस्वरूप सैनी, निवासी वार्ड नम्बर 3, इस्लामपुर, तहसील झुंझुनू, जिला झुंझुनू का अभिकथन था कि विकास अधिकारी, झुंझुनू और ग्राम पंचायत, इस्लामपुर के सचिव द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुये अपने चहेते व्यक्ति, जो कि सरकारी कर्मचारी है, उन्हें ग्राम पंचायत, इस्लामपुर में शौचालय निर्माण हेतु राशि का भुगतान कर राजकोष को हानि कारित की है।

इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, झुंझुनू से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार पूर्व सरपंच श्रीमती राशिदा, वर्तमान सरपंच श्री आशाराम को आरोप पत्र जारी किये जा चुके है तथा कनिष्ठ अभियंता श्री राजकुमार सोनी सीसीए नियम 17 के अन्तर्गत नोटिस दिया जाकर कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। ग्राम सेवक जीवराज सिंह सेवानिवृत्त को चुका है तथा ब्लॉक समन्वयक श्री गोवर्धन सिंह ने संविदा पर कार्यरत था, जिसने पद त्याग दिया है तथा सम्पूर्ण राशि की वसूली की जा चुकी है।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ करवाई जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(352)लोआस/2018

परिवादी श्री गिरधारी राम जाट पुत्र श्री कानाराम जाट, निवासी ग्राम लक्खीराम, पोस्ट बांसा, तहसील डीडवाना, जिला नागौर का अभिकथन था कि जलग्रहण विकास एवं भू–संरक्षण विभाग, डीडवाना के कनिष्ठ अभियंता श्री रामनिवास रणवा की मिलीभगत से ठेकेदार द्वारा किये गये टांका निर्माण में निर्धारित मापदण्ड के अनुसार सामग्री के स्थान पर घटिया सामग्री उपयोग की गई तथा सीमेन्ट, बजरी व लोहे का सही अनुपात में मिश्रण नहीं किया गया है।

इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर, नागौर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी के खेत में कराये गये टांका निर्माण कार्य का मौका निरीक्षण एवं जांच उपरान्त कमियां पाये जाने पर संवेदक मैसर्स प्रकाश कन्स्ट्रक्शन कम्पनी के मार्फत् कमियों को ठीक करवाया गया। साथ ही अपने कर्तव्यों के प्रति लापरवाही बरतने पर कनिष्ठ अभियंता श्री रामनिवास रणवा के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के अधीन कार्यवाही की गयी।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर एवं प्रश्नगत निर्माण में रही कमियों को दुरूस्त करवाया जाकर, परिवादी को वांछित अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(27)लोआस / 2019

परिवादी श्री रामगोपाल जाट पुत्र श्री रामलाल जाट, निवासी जालिया द्वितीय, तहसील विजयनगर, जिला अजमेर का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत जालिया द्वितीय, पंचायत समिति मसूदा में नियम विरूद्ध किये गये निविदा कार्यों में हुये भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में कोई कानूनी कार्यवाही नहीं का जा रही है।

इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, अजमेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी सरपंच को 5 वर्ष तक पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव लड़ने हेतु अयोग्य घोषित किया जा चुका है एवं दोषी लोकसेवक ग्राम विकास अधिकारी श्री नारायणलाल शर्मा के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही कर एक वार्षिक वेतनवृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया जा चुका है।

इस प्रकार दोषी लोक सेवकगण के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(30)लोआस / 2021

परिवादी श्री सीताराम शर्मा पुत्र श्री बन्शीधर शर्मा, निवासी गोविन्दपुरा धाबाई, पंचायत समिति विराटनगर, जयपुर का अभिकथन था कि ग्राम विकास अधिकारी श्री रामेश्वर प्रसाद जाट द्वारा महात्मा गांधी नरेगा योजना में भ्रष्टाचार कर एक ही परिवार के एक से अधिक जोब कार्ड बनाकर राजकीय कोष का दुरूपयोग किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री रामेश्वर प्रसाद जाट, ग्राम विकास अधिकारी व श्री विरेन्द्र कुमार वर्मा, कनिष्ठ सहायक, ग्राम पंचायत गोविन्दपुरा धाबाई, पंचायत समिति विराटनगर से कुल राशि 78,538/– कार्यालय पंचायत समिति विराटनगर में जमा करवा दिये गये है एवं दोनो लोकसेवकों के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर आरोप पत्र जारी किये जा चुके है।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(49)लोआस / 2018

परिवादी श्री छोटूलाल जाट पुत्र श्री रामकिशन जाट, निवासी रामपुरा, पोस्ट सनगारी, तहसील फुलिया कला, जिला भीलवाड़ा का अभिकथन था कि मुख्यमंत्री ग्रामीण बी.पी.एल. आवास योजना वर्ष 2013–14 में आवास स्वीकृत हुआ था तथा प्रथम किश्त की राशि मेरे बैंक खाते में हस्तान्तरित की जा चुकी थी। मेरे द्वारा बैंक में जाकर पासबुक में इन्द्राज करवाने पर पता चला कि कोई राशि बैंक खाते में प्राप्त नहीं हुई है। ग्राम सेवक से सम्पर्क करने पर सुविधा शुल्क की मांग की गई। मेरे द्वारा राशि नहीं देने पर कहा कि जब तक सुविधा शुल्क नहीं होगे तब तक कोई किश्त नहीं मिलेगी जिसकी शिकायत विकास अधिकारी को की तो वहाँ से मुझे डाटकर भगा दिया गया। इसके बावजूद विकास अधिकारी द्वारा नोटिस जारी किया गया कि आवास की

प्राप्त राशि मय ब्याज के वसूल की जावेगी। जब उक्त आवास की किश्त प्राप्त ही नहीं हुई तो मैं कार्य कैसे चालू कर सकता हूँ।

इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, भीलवाड़ा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पंचायत सनगारी के तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी श्री इसबूदीन डायर ने परिवादी से प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत भुगतान प्राप्त कर उसे पंचायत समिति शाहपुरा में जमा नहीं करवाया है, इसलिये उसके विरूद्ध सीसीए नियम 16 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई। आवास योजना की प्रथम किश्त आरोपी लोकसेवक द्वारा राजकोष में जमा करा दी गई है। आरोपी लोकसेवक को भविष्य में सतर्कता से कार्य करने की हिदायत के साथ कार्यवाही समाप्त कर दी गई।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर एवं नियमानुसार राशि वसूली कर, परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(147)लोआस / 2017

परिवादी श्री बुन्दू खान लोहार पुत्र श्री गुलाब लोहार, निवासी पोस्ट गुहाला, तहसील नीमकाथाना, जिला सीकर का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत गुहाला, तहसील नीमकाथाना के सचिव द्वारा श्री छगनलाल पुत्र श्री मातादीन महाजन को नियम विरूद्ध पट्टा जारी किया गया है।

इस सम्बन्ध में विशिष्ठ शासन सचिव एवं निदेशक, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग से प्राप्त आदेश अनुसार लोकसेवक श्री मांगीलाल सैनी, पंचायत प्रसार अधिकारी, पंचायत समिति, नीमकाथाना को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया एवं प्रश्नगत पट्टे को निरस्त करवा दिया गया है।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(248)लोआस / 2016

परिवादी श्री भूपेन्द्रसिंह पुत्र श्री भानसिंह, निवासी गांव व पोस्ट सौंख, तहसील कठूमर, जिला अलवर का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत सौंख में पानी की टंकी का निर्माण करवाये बिना श्री उदयचन्द, सरपंच एवं श्री गोपाल, सचिव द्वारा फर्जी बिलों के द्वारा भुगतान उठाया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में इस सचिवालय के द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही के फलस्वरूप मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी लोकसेवक श्री रविन्द्र कुमार, सचिव, ग्राम पंचायत सौंख के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही कर एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का दण्ड एवं श्री गोपाल सिंह, तत्कालीन सचिव, ग्राम पंचायत सौंख के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही कर दो वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का दण्ड एवं श्री राजेन्द्र कुमार, तत्कालीन कनिष्ठ अभियंता, पंचायत समिति, कठूमर को विभागीय कार्यवाही में दोषी पाते हुये तीन वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने का दण्ड दिया जा चुका है एवं दोषी जनप्रतिनिधियों सरपंच, ग्राम पंचायत सौंख श्री उदयचन्द शर्मा एवं अन्य द्वारा कार्य संपादित किये जाने के सम्बन्ध में उठायी गई भुगतान राशि को अनियमित भुगतान पाते हुये उनसे वसूल किये जा चुके है।

इस सम्बन्ध में संभागीय आयुक्त, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री उदयचन्द शर्मा को सरपंच पद से तत्काल प्रभाव से हटाये जाने के आदेश किये गये है।

इस प्रकार उक्त दोषियों के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जाकर एवं अनियमित भुगतान की वसूली करा, परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(260)लोआस / 2020

परिवादी श्री बाबूलाल माली, संचालक मण्डल सदस्य एवं पूर्व अध्यक्ष ग्राम सेवा सहकारी समिति ग्राम पंचायत जसनगर, तहसील रियाबड़ी, जिला नागौर का अभिकथन था कि प्रकरण में एक जांच कमेटी का गठन किया गया था, किन्तु कमेटी द्वारा जांच करने पर दोषी पाये गये किसी भी व्यक्ति के विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं की गई।

इस सम्बन्ध में अतिरिक्त जिला कार्यक्रम समन्वयक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद, नागौर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री महावीर प्रसाद शर्मा, तत्कालीन ग्राम सेवक एवं पदेन सचिव, ग्राम पंचायत जसनगर, पंचायत समिति रियाबड़ी, नागौर एवं श्रीमती रिंकू कुमारी, कनिष्ठ लिपिक, ग्राम पंचायत जसनगर, पंचायत समिति रियाबड़ी, नागौर के विरूद्ध **सीसीए नियम 16** के तहत आरोप पत्र जारी किया गया। श्री घासीलाल मीणा, तत्कालीन सहायक अभियंता, पंचायत समिति रियाबड़ी, नागौर एवं श्री नरेश कुमार बोहरा, तत्कालीन सहायक अभियंता, पंचायत समिति रियाबड़ी एवं श्री किशनसिंह राठौड़, तत्कालीन विकास अधिकारी एवं कार्यक्रम अधिकारी पंचायत समिति रियाबड़ी, नागौर को **सीसीए नियम 17** के तहत आरोप पत्र जारी किया गया। श्रीमती सन्तो देवी, तत्कालीन सरपंच ग्राम पंचायत जसनगर पंचायत समिति रियाबड़ी, नागौर को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। श्री श्यामल कुमार मण्डल, कनिष्ठ तकनीकी सहायक, पंचायत समिति रियाबड़ी, नागौर की संविदा सेवायें महात्मा गांधी नरेगा योजनान्तर्गत अनुबंध की शर्त संख्या 6(1) के तहत दुराचरण की श्रेणी में मानते हुए समाप्त की गई। ग्राम सेवा सहकारी समिति जसनगर के व्यवस्थापक के विरूद्ध सेवा नियमों व सीसीए नियमों के तहत कार्यवाही किये जाने हेतु पत्र जारी किया गया।

इस प्रकार प्रकरण के सम्बन्ध में दोषी कर्मचारी/अधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारम्भ की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(438)लोआस/2016

परिवादी श्री जगदीश प्रसाद पुत्र श्री लक्ष्मण राम, निवासी मुकाम पोस्ट दूधवालों की बास, तहसील खण्डेला, जिला सीकर का अभिकथन था कि तत्कालीन ग्राम सेवक श्री गोपाल सिंह व सरपंच श्री मुरारीलाल द्वारा पद का दुरूपयोग कर सरकारी राशि से निजी खातेदारी भूमि में टंकी का निर्माण करवाया गया।

इस सम्बन्ध में शासन उप सचिव–द्वितीय, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री गोपाल सिंह, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत दूधवालों का बास, पंचायत समिति खण्डेला हाल सहायक विकास अधिकारी के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के तहत कार्यवाही की जाकर एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकी गयी एवं सरपंच श्री मुरारीलाल को 05 वर्ष की कालावधि तक चुने जाने का पात्र नहीं होने का आदेश पारित किया गया।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक/जनप्रतिनिधि के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(448)लोआस/2017

परिवादी श्री मुरारीलाल जाट पुत्र श्री रामलाल जाट, निवासी मंगरा पोस्ट करड़, तहसील दांतारामगढ़, सीकर का अभिकथन था कि ग्राम सेवकगण श्रीमती नरेन्द्र व रिद्धकरण रैगर तथा सरपंच श्रीमती मन्नी देवी द्वारा वर्ष 2015–17 तक विकास कार्यों में भारी अनियमितताएं की गई।

इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, सीकर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आरोप प्रमाणित पाये जाने पर श्री रिद्धकरण रैगर एवं श्रीमती नरेन्द्र कुमावत के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के अन्तर्गत एक–एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवकों के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(558)लोआस/2016

परिवादी श्री मुकेश नागर, निवासी धाकड़ भवन, ग्राम सिसोला, तहसील नैनवा, जिला बूंदी का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत सीसोला में स्थान चार घर हाली मार्डन तालाब कार्यस्थल पर फर्जी कार्य दिखाकर 64 फर्जी श्रमिकों की फर्जी मस्टरोल भरकर किये गये भ्रष्टाचार के सम्बन्ध में कोई कार्यवाही नहीं जा रही है।

इस सम्बन्ध में जिला कलेक्टर, बूंदी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री चन्द्रशेखर, अधिशाषी अभियंता ईजीएस, श्री मोहनलाल मीणा, सहायक अभियंता, श्री सत्यनारायण गौतम, ग्राम सेवक एवं श्री प्रभूलाल मीणा, तकनीकी सहायक के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाकर भविष्य में कार्य के प्रति लापरवाही नहीं बरतने की चेतावनी दी जा चुकी है।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवकगण के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(610)लोआस/2016

परिवादी श्री जयकरण मेघवाल पत्रु श्री नानगराम मेघवाल, निवासी हमीदवास, पोस्ट अगवाना खुर्द, तहसील सूरजगढ़, जिला झुंझुनू का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत अगवानाखुर्द की सरपंच एवं सचिव श्रीमती कविता द्वारा नियम विरूद्ध तरीके से आंगनबाड़ी केन्द्र, हमीरवास हेतु पट्टे जारी किए गए हैं।

इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, झुंझुनू से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत अवैद्य जारी पट्टा निरस्त कर

दिया गया है और दोषी सचिव श्रीमती कविता के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के अन्तर्गत कार्यवाही कर 'चेतावनी' दी गई।

इस प्रकार प्रश्नगत पट्टा निरस्त करवा एवं दोषी सचिव को दण्डित करवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.16(666)लोआस/2014

परिवादी श्री सत्यनारायण गर्ग पुत्र स्व0 श्री रामगोपाल, निवासी 1/13, पटटी कटला गणेश चौक, जिला अजमेर का अभिकथन था कि श्री चन्द्रशेखर राठौड़ व श्रीमती सुधा राठौड़ द्वारा चूड़ी बाजार, पुरानी मंडी, अजमेर में अजमेर नगर निगम के अधिकारियों की मिलीभगत से अवैध होटल व दुकानें बनाई गई तथा उस प्रकरण में भारी लेन देन हुआ है।

इस सम्बन्ध में सहायक निदेशक (सतर्कता), स्वायत्त शासन विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री ओमप्रकाश साहू, कनिष्ठ अभियंता (हाल अधिशाषी अभियंता, नगर निगम, अजमेर) के विरूद्ध इस सचिवालय की अनुशंषा के आधार पर सीसीए नियम 16 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही की गई एवं श्री साहू को तीन वार्षिक वेतन वृद्धियां संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.35(64)लोआस/2021

परिवादी श्री शीशराम पुत्र श्री गोपालराम, निवासी गांव कुमावास वाया डूमरा, तहसील नवलगढ़, जिला झुंझुनू का अभिकथन था कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 177/2021 पुलिस थाना नवलगढ़ में एएसआई श्री प्रहलाद एवं अन्य पुलिसकर्मियों द्वारा आरोपी श्री अनिल कुमार पुत्र श्री रामकरण का नाम पृथक कर दिया गया।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, अपराध शाखा, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार आरोपी लोकसेवक श्री प्रहलाद सिंह के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाकर एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.35(57)लोआस / 2020

परिवादी श्री जयकुमार शर्मा पुत्र श्री लक्ष्मण राम शर्मा, निवासी चंगोई तहसील तारानगर, चुरू का अभिकथन था कि सरपंच व ग्राम सेवक लिपिक ने मिलकर वर्ष 2019 में उनके खेत में फर्जी खरंजा निर्माण दिखाकर, उनके पिताजी श्री लक्ष्मण राम शर्मा की मृत्यु वर्ष 2011 में होने के उपरान्त भी वर्ष 2019–20 में उनकी झूठी उपस्थिति दिखाकर अनियमित भुगतान प्राप्त कर लिया।

इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, चुरू से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्रीमती माया यादव, कनिष्ठ सहायक, ग्राम पंचायत मिखाला, पंचायत समिति तारानगर, जिला चुरू को दोषी पाये जाने पर इनके विरूद्ध सीसीए नियम 16 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही कर आरोप पत्र जारी कर दिये गये है।

इस प्रकार दोषी कर्मी के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही करवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.35(81)लोआस / 2017

परिवादी श्री महावीर जैन पुत्र स्व0 श्री हीरालाल जैन, निवासी 109, रूपनगर द्वितीय, साई मंदिर के पीछे, पाल रोड़, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि नगर परिषद, बाड़मेर के नाम दर्ज भूमि का फर्जी तरीके से कब्जा काश्त प्रमाण पत्र जारी

कर तथा नगर परिषद द्वारा उक्त भूमि का तेजाराम के वारिसान के नाम फर्जी पट्टा जारी किया गया।

इस सम्बन्ध में सचिवालय द्वारा की गयी निरन्तर कार्यवाही के फलस्वरूप दोषी कार्मिकों श्री पुरखाराम, कनिष्ठ अभियंता, श्री योगेश आचार्य व श्री बिशन चन्द, वरिष्ठ लिपिकगण व श्री मनोज कुमार, कनिष्ठ लिपिक, श्री विनय बोडा व श्री सुरेश चंद, तत्कालीन कनिष्ठ अभियंता को नगर परिषद, बाड़मेर द्वारा निलम्बित किया जाकर उनके विरूद्ध सीसीए नियम–16 के अन्तर्गत आरोप पत्र व ज्ञापन जारी किया जाकर अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवकगण के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.35(335)लोआस / 2018

परिवादी श्री खेमसिंह राजपूत पुत्र श्री गणपतसिंह राजपूत, निवासी ग्राम शिकारपुरा, तहसील लूणी, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि श्री मेघाराम पूर्व पटवारी, पटवार मण्डल धाधियां, तहसील लूणी, जिला जोधपुर द्वारा फर्जी अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी किया गया।

इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री मेघाराम पूर्व पटवारी, पटवार मण्डल धाधियां, तहसील लूणी, जिला जोधपुर द्वारा फर्जी अनापत्ति प्रमाण पत्र जारी करने पर सीसीए नियम 16 के अन्तर्गत आरोप पत्र जारी किया जा चुका है।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.41(3)लोआस / 2021

परिवादी श्री प्रताप सिंह पुत्र श्री चन्दजीराम, निवासी कोर्ट परिसर बहरोड़, जिला अलवर का अभिकथन था कि राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय, पिलानी में कार्यरत आयुर्वेद चिकित्सक डॉ0 श्री पंकज द्वारा राजकीय सेवा में रहकर प्राईवेट कम्पनी में कार्य किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में निदेशक, आयुर्वेद विभाग, अजमेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार डॉ0 श्री पंकज, आयुर्वेद चिकित्साधिकारी, राजकीय आयुर्वेद चिकित्सालय, पिलानी के विरूद्ध अनुशासनिक प्राधिकारी द्वारा राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 17 के अन्तर्गत आरोप पत्र जारी किया जा चुका है।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रारंभ की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(95)लोआस / 2019

परिवादी श्री रामनिवास पुर्विया पुत्र श्री नाथू पुर्विया, निवासी ग्राम दतोब, तहसील टोडारायसिंह, जिला टोंक का अभिकथन था कि ग्राम दतोब, तहसील टोडारायसिंह, टोंक के सार्वजनिक छोटा तालाब, जो ग्राम पंचायत के अधीन है, उसकी गैर मुमकिन पाल पर श्री शंकर पुत्र नारायण ने अवैध रूप से शौचालय का निर्माण कर लिया है।

इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, टोंक से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण की जांच विकास अधिकारी, पंचायत समिति, टोडारायसिंह से करवाई गई, जिसमें तत्कालीन विकास अधिकारी श्री प्रहलाद बैरवा एवं कनिष्ठ सहायक को दोषी पाये जाने पर राशि वसूली की गई, जो ग्राम पंचायत में जमा करवा दी गई एवं राजकार्य में लापरवाही बरतने तथा राजकार्य का निष्पादन नहीं करने के कारण दोषी लोकसेवक की एक वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्डादेश पारित किया गया है।

इस प्रकार उक्त दोषी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर एवं अनियमित भुगतान की राशि की वसूली करा, परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.2(29)लोआस / 2017

परिवादी श्री चम्पालाल जैन पुत्र श्री छीतर मल जैन, निवासी गांधी पार्क के पास, मालपुरा, जिला टोंक का अभिकथन था कि कृषि उपज मण्डी समिति मालपुरा में अवैध/फर्जी आवंटन कर करोड़ो रूपये के राजस्व नुकसान करने वाले भ्रष्ट अधिकारी के कृत्यों की जांच करवाई जाकर दण्डित नहीं किया जा रहा है।

इस संबंध में कृषि विपणन निदेशालय, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी लोक सेवक श्री ओमप्रकाश शर्मा (सहायक निदेशक), तत्कालीन सचिव, कृषि उपज मण्डी समिति, मालपुरा के विरूद्ध राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाकर दोषी लोकसेवक को तीन वार्षिक वेतन वृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(429)लोआस / 2019

परिवादी श्री पूनमचन्द जैन पुत्र श्री धर्मचन्द जैन, निवासी बटक भैरू पाड़ा, जिला बून्दी का अभिकथन था कि श्री प्रहलाद सिंह, हैड कान्स्टेबल द्वारा गलत रूप से चालान किया गया व सही राशि राज्य सरकार में जमा नहीं करवाई गई।

इस संबंध में पुलिस अधीक्षक, बून्दी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी पुलिसकर्मी श्री प्रहलाद सिंह, हैड कान्स्टेबल संख्या 163 को भविष्य में इस प्रकार की पुनरावृत्ति नहीं करने हेतु चेतावनी दी गई।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(560)लोआस / 2018

परिवादी श्री ताज मोहम्मद पुत्र श्री रफीक मोहम्मद, निवासी 605, 6वॉ तल, लुहाड़िया टावर, अशोक मार्ग, सी—स्कीम, जिला जयपुर का अभिकथन था कि एफ.आई. आर. नम्बर 375/18 व 377/78 पुलिस थाना, विधायकपुरी में थानाधिकारी श्री मनीष चारण द्वारा निर्दोष व्यक्ति को गिरफ्तार कर कारागृह भिजवाया गया।

इस संबंध में पुलिस उपायुक्त दक्षिण, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी लोकसेवकगण श्री मनीष चारण एवं श्री दिनेश चन्द को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1958 के नियम 17 के अन्तर्गत ज्ञापन दिया जाकर अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर दोषी मानते हुये दण्ड दिया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.5(36)लोआस / 2019

परिवादी श्री जल सिंह पुत्र श्री हरचन्द, निवासी टपूकड़ा पुलिस थाने के सामने, तहसील तिजारा, जिला अलवर का अभिकथन था कि श्री पवन कुमार, सहायक कार्यालय अधीक्षक, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय, जयपुर की तीन संतान होने के बावजूद भी दो संतान होने का झूठा शपथ पत्र पेश कर नवीन पदस्थापन स्थान पर कार्यग्रहण करने के तिवरूद्ध कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में निदेशक, माध्यमिक शिक्षा, बीकानेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार कार्यालय संयुक्त निदेशक, स्कूल शिक्षा, जयपुर संभाग, जयपुर द्वारा श्री पवन कुमार, वरिष्ठ सहायक, कार्यालय मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी, राजगढ़, अलवर के विरूद्ध आरोप प्रमाणित पाये जाने पर उनको एतद्द्वारा एक वार्षिक वेतनवृद्धि संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(49)लोआस / 2010

परिवादी श्री घीसू लाल भारती, पत्रकार एवं पूर्व सरपंच, ग्राम भवानीखेड़ा, जिला अजमेर का अभिकथन था कि ग्राम सेवक पदेन सचिव, ग्राम पंचायत, भवानीखेड़ा श्री रामनारायण जादम द्वारा भवानीखेड़ा स्थित आबादी भूमि खसरा नम्बर 1214, 929 एवं 2663 पर से अतिक्रमण नहीं हटाया जा रहा है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, अजमेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अतिक्रमण नहीं हटाये जाने के संबंध में दोषी लोकसेवक श्री रामनारायण जादम, तत्कालीन ग्राम सेवक एवं पदेन सचिव के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के तहत कार्यवाही की जाकर एक वार्षिक वेतन वृद्धि रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(403)लोआस / 2015

परिवादी श्री गणेश लाल खैर पुत्र श्री देवा खैर, निवासी बागदरा छाली, तहसील गोगुन्दा, जिला उदयपुर का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत ढ़ीगाल के सरपंच व सचिव द्वारा उनकी फर्म के वर्ष 2013–14 व 2014–15 के सामग्री प्रदाय के बिलों का भुगतान नहीं किया गया तथा भुगतान के बदले रिश्वत मांगी गयी।

इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, उदयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री विवेक कुमार शर्मा, तत्कालीन तकनीकी सहायक, महानरेगा से राशि वसूल की जाकर राजकोष में जमा करवाये जा चुके है। श्री सवालाल, रोजगार सहायक के विरूद्ध जांच कार्यवाही कर पंचायत समिति, गोगुन्दा द्वारा उसका अनुबन्ध समाप्त कर दिया गया है। श्री नारायण सिंह सक्सेना के विरूद्ध सीसीए नियम 16 के तहत विभागीय कार्यवाही की जाकर राशि वसूली पर राजस्थान उच्च न्यायालय, जोधपुर द्वारा एस.बी. सिविल रिट पिटीशन संख्या 16353 / 2017 में स्थगन आदेश पारित किया गया। श्रीमती सज्जर कंवर पत्नी स्व0 श्री

राजेन्द्र सिंह के द्वारा दायर सिविल रिट पिटीशन संख्या 7360/2019 में भी उच्च न्यायालय द्वारा स्थगन आदेश जारी किया गया।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(525)लोआस/2017

परिवादी श्री रामनारायण चौधरी पुत्र श्री पुसाराम चौधरी, निवासी प्लाट नम्बर 39, खसरा संख्या 124, लक्ष्मण नगर सी, बनाड़ रोड़, नान्दड़ी, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि पंचायत समिति ओसियां में नये राशन कार्ड जारी करते समय उपभोक्ताओं से शिक्षा कर के रूप में नियत राशि से अधिक राशि वसूल की गई तथा इसे विकास अधिकारी ओसियां व संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव द्वारा मिलीभगत कर अपराधिक षड्यन्त्र रचकर शिक्षा कर के रूप में उपभोक्ता से वसूल की गई राशि को राजकोष में जमा नहीं करवाया गया।

इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी कार्मिकों को सीसीए 17 में आरोप पत्र दिये जाने पर श्री ओमप्रकाश, कनिष्ठ सहायक तथा श्री गिरधारीराम, ग्राम रोजगार सहायक द्वारा वसूली योग्य राशि राजकोष में जमा करवा दी गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.16(645)लोआस/2017

परिवादी श्री मनोज कुमार खाती पुत्र श्री कन्हैयालाल खाती, निवासी वार्ड नम्बर 27, गुर्जर मोहल्ला, सुकेत, तहसील रामगंजमण्ड, जिला कोटा का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत सुकेत द्वारा दशहरा मैदान में शमशान घाट पर चल रहे इन्टरलोकिंग कार्य में बिना वर्क आर्डर व बिना सिक्योरिटी राशि जमा करवाये ठेकेदार से कार्य करवाने एवं कार्य में प्रधान श्री भगवान सिंह की फेक्ट्री से इन्टरलोकिंग ब्लॉक लेकर

उपयोग में लिये जाने व उक्त ब्लॉकों के अन्य निर्माण कार्य में लगाने पर जे0टी0ए0 द्वारा घटिया बताये जाने पर भी इनका उपयोग किया गया।

इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, कोटा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्री बृजेश मेहरा, तत्कालीन ग्राम सेवक एवं पदेन सचिव, श्री सुरेश कपूर, तत्कालीन ग्राम विकास अधिकारी तथा श्री सलीम मोहम्मद, ग्राम विकास अधिकारी को राजस्थान सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1958 के नियम 16 के अन्तर्गत अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर पांच वेतन वृद्धियां संचयी प्रभाव से रोके जाने के दण्ड से दण्डित किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.35(469)लोआस/2018

परिवादी श्री वीरेन्द्र सिंह पुरावत पुत्र श्री रूपनाथ पुरावत, निवासी महावीर मार्ग, मन्दसोर, मध्य प्रदेश का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत जाजली, तहसील अरनोद, जिला प्रतापगढ़ के अन्तर्गत विधवा पेंशन, विकलांग तथा वृद्धा पेंशन एवं गरीबी रेखा को दी जाने वाली पेंशन में भारी भ्रष्टाचार करने वाले लोकसेवकों के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस संबंध में जिला कलक्टर, प्रतापगढ़ से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी लोकसेवक श्री विजय सिंह चौहान, तत्कालीन विकास अधिकारी, पंचायत समिति, अरनोद के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के अन्तर्गत कार्यवाही की जाकर परिनिन्दा के दण्ड से दण्डित किया गया।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(486)लोआस/2019

परिवादी श्री प्रभु लाल गुर्जर पुत्र श्री नन्दा गुर्जर, निवासी फान्दु की झुपड़िया, तहसील माण्डलगढ़, जिला भीलवाड़ा का अभिकथन था कि उनके क्षेत्र में सचिव व

सरपंच ने मिलीभगत कर सार्वजनिक प्रयोजनार्थ एवं बिलानाम भूमि के फर्जी पट्टे जारी कर दिये है।

इस संबंध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, भीलवाड़ा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार नियम विरूद्ध पट्टे जारी किये जाने में तत्कालीन विकास अधिकारी श्री भारत सिंह देवड़ा के विरूद्ध सीसीए नियम–17 के अन्तर्गत की गई कार्यवाही में दोषी पाये जाने पर उन्हें 03 वार्षिक वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के दण्ड से दण्डित किया गया।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

अध्याय – 4

अनुतोष के प्रकरण

अध्याय–4

इस अध्याय में उन प्रकरणों का विवरण दिया जा रहा है जिनमें इस सचिवालय में प्राप्त परिवादों में राजस्थान लोकायुक्त तथा उप–लोकायुक्त अधिनियम, 1973 के प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जाकर परिवादी की शिकायत का नियमानुसार निराकरण करवाते हुए उसे अनुतोष प्रदान करवाया गया है।

अनुतोष के प्रकरण

कालावधि दिनांक 01.01.2022 से 31.12.2022

माह जनवरी 2022

एफ.3(154)लोआस / 2019

परिवादी श्रीमती रोशनी देवी बावरिया पत्नी श्री नरेश कुमार, निवासी धाना तन पचेरल कलां, झुंझुनू का अभिकथन था कि पुलिस थाना पचेरी कला में बलात्कार के आरोप में दर्ज मुकदमा संख्या 82/2019 में पुलिस द्वारा अभियुक्तगण के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, झुंझुनू से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण में जांच उपरान्त अपराध प्रमाणित पाये जाने पर अभियुक्तगण के विरूद्ध चार्जशीट न्यायालय में पेश कर दी गई।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.10(37)लोआस / 2020

परिवादी श्री बंसा सिंह पुत्र श्री नवाब सिंह, निवासी बुध सिंह वाला, तहसील सादुलशहर, श्रीगंगानगर का अभिकथन था कि लाईनमेन को रिश्वत नहीं देने के कारण उनका विद्युत कनेक्शन रोक दिया गया।

इस सम्बन्ध में प्रबंध निदेशक, जोधपुर डिस्कॉम, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत विद्युत खाता परिवादी की माता के नाम से था और 11861/– रूपये बकाया होने के कारण विद्युत सम्बन्ध विच्छेद किया गया था। परिवादी द्वारा बकाया राशि जमा करवा देने पर विद्युत सम्बन्ध पुनः स्थापित कर दिया गया।

इस प्रकार विद्युत आपूर्ति पुनःस्थापित करवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.11(72)लोआस/2020

परिवादी श्री रोडू पुत्र श्री मांगी जाति माली निवासी ग्राम नाड़ी, तहसील सावर, जिला अजमेर का कथन था कि उक्त ग्राम में स्थित खसरा नम्बर 7100/1031 का वर्ष 2013 में राजस्व कैम्प मे हुए गलत आवंटन को निरस्त करवाया जाकर सिवायचक भूमि दर्ज करवाई जावे।

इस सम्बन्ध में सचिवालय के प्रयासों से गलत आवंटन को निरस्त करवाने के सम्बन्ध में न्यायालय अपर कलेक्टर, अजमेर में प्रकरण संख्या 11/21 सरकार बनाम प्रहलाद दर्ज करवाया जा चुका है। चूंकि गलत आवंटन को न्यायिक प्रक्रिया के माध्यम से निरस्त करवाया जा सकता है, जिसकी प्रक्रिया प्रारम्भ हो चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.11(472)लोआस/2018

परिवादी श्री गिर्राज प्रसाद माली पुत्र श्री गोपाल, निवासी माली मौहल्ला, मस्जिद वाला रास्ता, श्रीमहावीरजी, तहसील हिण्डौन सिटी, करौली का अभिकथन था कि तहसीलदार हिण्डौन सिटी द्वारा उसकी रजिस्ट्रीशुदा भूमि का नामान्तरण दर्ज नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर, करौली से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी के पक्ष में पंजीकृत हस्तान्तरण पत्र के अनुसार नामान्तरकरण निर्णित किया जाकर अमद–दरामद किया जा चुका है।

इस प्रकार प्रश्नगत भूमि का परिवादी के पक्ष नामान्तरकरणा करवाकर पूर्ण अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.11(637)लोआस/2018

परिवादी श्री कुलदीप शर्मा पुत्र श्री मुरारीलाल शर्मा, निवासी ग्राम पंचायत नांगल खोड़िया, बहरोड़, अलवर का अभिकथन था कि उसे संविदा पर एस.डी.ओ. बहरोड़ में एल.ए.ओ. पर पर किये गये कार्य का वेतन नहीं दिया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को देय बकाया राशि का भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को उसकी बकाया राशि का भुगतान दिलवाकर राहत प्रदान की गई।

एफ.17(76)लोआस/2018

परिवादी श्री रामबाबू विजय पुत्र श्री जगदीश प्रसाद विजय निवासी 130, मंगल विहार, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर का अभिकथन था कि भूखण्ड संख्या 31, मंगल विहार, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर में अवैध रूप से किराये के प्लॉट पर लिटिल मिलेनियम प्री–स्कूल संचालित किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर के द्वारा भूखण्ड संख्या 31, मंगल विहार, गोपालपुर बाईपास, जयपुर में अवैध रूप से किराये के प्लॉट पर संचालित लिटिल मिलेनियम प्री–स्कूल को बंद करवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.17(191)लोआस / 2018

परिवादी श्री पूरण जायसवाल पुत्र श्री बिरजू सिंह निवासी मन्नाका रोड, लालकोठी के पास, अलवर का अभिकथन था कि मन्नाका रोड, लालकोठी के पास, अलवर में उनके घर के सामने नियम विरूद्ध सीवर लाईन डाली गई है तथा फ्लश के पास चैम्बर न बनाकर 60 फुट दूर चेम्बर बनाया गया एवं उसका कनेक्शन फ्लश से न कर ओवरफ्लो से किया गया है।

इस सम्बन्ध में सचिव, नगर विकास न्यास, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अमृत योजना में स्वीकृत सीवरेज कार्य के अन्तर्गत परिवादी का प्रोपर्टी कनेक्शन एवं हाउस सीवर चैम्बर से संबंधित कार्य पूर्ण करवाया जा चुका है। नगर विकास न्यास, अलवर द्वारा कराये गये कार्य से परिवादी पूर्णतः संतुष्ट है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.33(5)लोआस / 2018

परिवादी श्री रघुवीर दयाल मीणा पुत्र श्री धनस्यारमा मीणा निवासी ग्राम पोस्ट झलाताला तहसील लक्षमणगढ, अलवर का अभिकथन था कि खसरा नम्बर 6, 7, 11, 12, 13 व 19 ग्राम नारनौल कला, तह. लक्ष्मणगढ की पैमाईश भू–प्रबंध अधकारी से करवाने के आवेदन पत्र दिये जाने के उपरान्त भी पैमाईश नहीं की जा रही है।

इस सचिवालय के हस्तक्षेप उपरान्त जयपुर भू–प्रबंध विभाग एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सीमाज्ञान करवाकर, भू–प्रबंध अधिकारी, अलवर द्वारा प्रकरण का निस्तारण किया गया।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.35(90)लोआस / 2018

परिवादी श्री मीठू सिंह रावत निवासी ग्राम भडुको, पोस्ट टॉडगढ, अजमेर का अभिकथन था कि उसे एल.ए.ओ. बहरोड में भूमि अवाप्ति शाखा से सेवानिवृत्ति उपरान्त पेंशन परिलाभ नहीं दिया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में कोषाधिकारी, ब्यावर की रिपोर्ट के अनुसार परिवादी श्री मीठू सिंह को पेंशन एरियर का भुगतान किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.35(131)लोआस / 2020

परिवादी श्रीमती भगवन्ती देवी पत्नी श्री विशनदास, निवासी 84/135, मध्यम मार्ग, केन्द्रीय विद्यालय नम्बर 5 के पास, मानसरोवर, जयपुर का अभिकथन था कि उनके द्वारा जय गोविन्दम् कॉम्पलेक्स, खजाने वालों का रास्ता, जयपुर में एक कमरा जरिए इकरारनामा क्रय किया था, जिस पर यूडी टैक्स जमा कराने के नाम पर बिना सूचना दिये विधिविरूद्ध रूप से कमरा सील कर दिया गया है।

इस सम्बन्ध में उपायुक्त, हवामहल जोन (पश्चिम), नगर निगम, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्रीमती भगवन्ती देवी द्वारा बकाया नगरीय विकास कर जमा कराने पर उनकी दुकान सीज मुक्त कर दी गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.16(275)लोआस/2018

श्री जेठमल सोलंकी पुत्र श्री छोटूलाल सोलंकी निवासी बद्रीदास डागा के बंगले के पास, बंगला नगर, जिला बीकानेर का अभिकथन था कि उनके द्वारा भवन निर्माण स्वीकृति हेतु नक्शा पेश किया गया था किन्तु नगर निगम के उच्चाधिकारियों द्वारा तामीर की इजाजत नहीं दी जा रही है।

इस सम्बन्ध में उपायुक्त, नगर निगम, बीकानेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को तामीर निर्माण की डीम्ड अनुमति प्राप्त हो चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.16(180)लोआस/2018

परिवादी डॉ. श्री अशोक कुमार शर्मा, निवासी दौसा नर्सिंग होम, पीजी कॉलेज के पास, आगरा रोड़, जिला दौसा का अभिकथन था कि उपायुक्त, मोती डूंगरी जोन, नगर निगम, जयपुर द्वारा भूखण्ड संख्या सी–22, सेक्टर नम्बर 3, मालवीय नगर, जयपुर का पट्टा जारी नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में कार्यालय आयुक्त, नगर निगम, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड का पट्टा श्रीमती सुधी शर्मा पत्नी श्री अशोक कुमार शर्मा के नाम से जारी किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.16(141)लोआस/2021

परिवादी श्री हरपाल सिंह पाली पुत्र स्व0 श्री सरदार महताव सिंह, निवासी प्लाट नम्बर 21, अमर गार्डन एस.एम.एस. कॉलोनी, महारानी फार्म, दुर्गापुरा, जयपुर का अभिकथन था कि मौहल्ला हजारी का बाग, अलवर में स्थित अचल संपति पर माननीय न्यायालय द्वारा यथास्थिति के आदेश के बावजूद अप्रार्थीगण द्वारा नगरपालिका, अलवर के कर्मचारियों/अधिकारियों की मिलीभगत से किये गये अवैध निर्माण को रोका नहीं जा रहा है।

इस सम्बन्ध में उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड पर चल रहे अवैध निर्माण को रूकवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.16(114)लोआस / 2021

परिवादी श्री सुनील कुमार पुत्र श्री गुरूचरण, निवासी लालखान अखेपुरा, चमेली बाग, अलवर का अभिकथन था कि सफाई कार्य की निविदाओं में किये गये भ्रष्टाचार की जांच नहीं की जा रही है।

इस सम्बन्ध में परिवादी द्वारा प्रस्तुत अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका मण्डल, राजगढ़ अलवर के कार्यालय आदेश के अनुसार अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका, राजगढ़, जिला अलवर द्वारा उक्त निविदा को निरस्त कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.16(20)लोआस / 2021

परिवादी श्री दयाराम सैनी पुत्र श्री मन्नालाल सैनी, निवासी वार्ड संख्या 28, मुगलों के कुंए के पास रेलवे स्टेशन, फतेहपुर शेखावाटी, जिला सीकर का अभिकथन था कि उसकी सेवानिवृति उपरान्त पेंशन प्रकरण का निस्तारण नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी के पेंशन प्रकरण की जांच उपरान्त पेंशन विभाग द्वारा नियमानुसार पीपीओ जारी कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी के पेंशन प्रकरण के निस्तारण उपरान्त उसे पीपीओ प्रदान करवाकर अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.14(3)लोआस / 2019

परिवादी श्री सत्यनारायण शर्मा, निवासी 427, कप्तान छुट्टन लाल मीणा कॉलोनी, पुराणा रूपवास, जिला अलवर का अभिकथन था कि उनके सेवानिवृत होने पर पेंशन प्रकरण का निस्तारण नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी का पीपीओ, जीपीओ एवं सीपीओ नियमानुसार जारी कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(406)लोआस / 2019

परिवादी श्री विपुल शर्मा पुत्र श्री नत्थीलाल शर्मा, निवासी 1 एच 8, न्यू हाउसिंग बोर्ड, एस.टी.सी. कॉलोनी, भरतपुर का अभिकथन था कि संभागीय आयुक्त, भरतपुर द्वारा तहसीलदार, डीग को आम रास्ते पर किये गये अतिक्रमण को हटाने का आदेश दिया गया किन्तु अभी तक अतिक्रमण को हटाया नहीं गया है।

इस सम्बन्ध में जिला कलेक्टर, डीग से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत अतिक्रमण को हटवा दिया गया है।

इस प्रकार सार्वजनिक भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटावाकर परिवादी को वांछित अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(353)लोआस / 2019

परिवादी श्री मनोज कुमार बैरवा पुत्र स्व0 श्री हंसराज बैरवा, निवासी ग्राम महमदपुर, तहसील सपोटरा, जिला करौली का अभिकथन था कि उन्हें अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान नहीं की जा रही है।

इस सम्बन्ध में अतिरिक्त आयुक्त एवं संयुक्त शासन सचिव (प्रथम), प्रशासन–2, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को लिपिक ग्रेड द्वितीय में नियमानुसार अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान कर दी गई है।

इस प्रकार अनुकम्पा नियुक्ति दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(247)लोआस/2018

परिवादी श्री योगेन्द्र कुमार कुमावत पुत्र श्री भागचन्द कुमावत, निवासी बैंक ऑफ बड़ोदा के सामने, ग्राम सिलोरा, तहसील किशनगढ़, जिला अजमेर का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत सिलोरा की राजकीय भूमि एवं परिवादी की भूमि पर श्री चांदमल कुमावत एवं उसके पुत्र आदित्य कुमावत द्वारा किये गये अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा नहीं हटाया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में संयुक्त शासन सचिव, पंचायती राज विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम विकास अधिकारी, ग्राम पंचायत, सिलोरा की उपस्थिति में उक्त अतिक्रमण को हटवा दिया गया है।

इस प्रकार अतिक्रमण को हटवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(197)लोआस/2020

परिवादी श्री विशाल सिंह पुत्र श्री जालम सिंह, निवासी सोवनिया तहसील पीपाड शहर, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि वर्ष 1995–96 में राज्य सरकार द्वारा जनता आवास योजना के तहत पक्के आवास हेतु अन्य लाभार्थियों के साथ उसका भी चयन हुआ, किन्तु ग्राम पंचायत, मादलिया के तत्कालीन ग्राम सचिव श्री ओम प्रकाश भाकर द्वारा उन्हें नियमानुसार भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में विकास अधिकारी, पंचायत समिति, पीपाड़ शहर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी श्री विशाल सिंह को नियमानुसार भुगतान किये जाने हेतु वांछित दस्तावेज जमा कराने हेतु पत्र जारी कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(26)लोआस / 2019

परिवादी श्री लक्ष्मीनारायण तेली पुत्र श्री रामदेव तेली, निवासी ग्राम जालिया द्वितीय, तहसील विजयनगर, जिला अजमेर का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत जालिया, पंचायत समिति मसूदा, जिला अजमेर की 8 जर्जर दुकाने, जो किराये पर है, के गिरने की आशंका होने के बावजूद सरपंच व ग्राम सेवक द्वारा उक्त दुकाने खाली नहीं करवायी जा रही है।

इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, अजमेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मौके पर अधिकारी/जनप्रतिनिधि की उपस्थिति में प्रश्नगत जर्जर 08 दुकाने मौका पर्चा अनुसार खाली करवा दी गयी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(25)लोआस / 2021

परिवादी श्री हेमराज महावर, निवासी 120, महावर बस्ती करवाड़, तहसील पीपल्दा, जिला कोटा का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत ख्यावदाप, पंचायत समिति में निविदा शर्तो का उल्लंघन करने पर कमेटी के सदस्यों के विरूद्ध कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस सम्बन्ध में इस सचिवालय के द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही के परिणामस्वरूप निविदा में भाग लेने वाली पूर्व सरपंच चन्द्रकला बैरवा के पति व बेटे की फर्म अनिल मैटेरियल सप्लायर्स व यशवंत सिंह मैटेरियल सप्लायर्स को तीन वर्ष की कालावधि के लिये विवर्जित कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(258)लोआस/2018

परिवादी श्री अर्जुनलाल सैनी पुत्र श्री भगवान सहाय सैनी, निवासी ग्राम बालाजी नगर, तहसील खंडेला, जिला सीकर का अभिकथन था कि भ्रष्टाचार में लिप्त होकर ग्राम पंचायत थोई, पंचायत समिति खण्डेला, जिला सीकर, में स्थित सरकारी भूमि पर नियम–विरूद्ध पट्टे जारी कर राजकोष को करोड़ो रूपए का नुकसान पहुँचाया गया।

इस सम्बन्ध में प्रशासन एवं स्थापना समिति पंचायत समिति खण्डेला की बैठक के निर्णय के अनुसार नियम–विरूद्ध जारी किये गये 20 व्यक्तियों के पट्टे खारिज/निरस्त कर दिये गये है। आरोपी लोकसेवक श्री पन्नालाल, ग्राम विकास अधिकारी, पंचायत समिति, थोई के सेवानिवृत हो जाने एवं घटना सेवानिवृति के 04 वर्ष पूर्व की होने के कारण श्री पन्नालाल के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही नहीं की गयी, किन्तु प्रकरण को विलम्ब से प्रस्तुत करने के लिये उत्तरदायी अधिकारी/कर्मचारी के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही किये जाने के लिये मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, सीकर को निर्देशित किया गया है।

इस प्रकार परिवादी को वांछित अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.11(582)लोआस/2018

परिवादी श्री मोहनराम जाट पुत्र श्री हीराराम जाट, निवासी ग्राम मोड़ीकलाँ, तहसील रियांबड़ी, जिला नागौर का अभिकथन था कि तहसील रियांबड़ी के गांव मोड़ीकलाँ में सिवायचक भूमि से अतिक्रमणों को हटाया नहीं जा रहा है।

इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर, नागौर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सिवायचक भूमि पर अवस्थित प्रश्नगत अतिक्रमणों को हटाया जा चुका है।

इस प्रकार अतिक्रमण को हटवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.11(419)लोआस/2018

परिवादी श्री गिर्राज प्रसाद मीणा पुत्र श्री राजकुमार मीणा, निवासी ग्राम खेड़ली, पोस्ट देवती, तहसील राजगढ़, जिला अलवर का अभिकथन था कि ग्राम खेड़ली, तहसील राजगढ़, जिला अलवर की चारागाह भूमि खसरा नम्बर 605 पर निजी व्यक्तियों द्वारा किये गये अतिक्रमण को हटाया नहीं जा रहा है।

इस सम्बन्ध में उप वन संरक्षक, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उक्त अतिक्रमण के सम्बन्ध में राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा–91 का प्रकरण बनाकर सहायक वन संरक्षक एवं प्राधिकृत अधिकारी, राजगढ़ के न्यायालय में पेश कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.11(149)लोआस/2019

परिवादी श्री बाबूलाल यादव पुत्र श्री घुड़ाराम यादव, निवासी ग्राम कुरबड़ा, तहसील नीमकाथाना, जिला सीकर का अभिकथन था कि प्रशासन द्वारा ग्राम कुरबड़ा में अवस्थित चारागाह भूमियों पर किये गये अतिक्रमण को नहीं हटाया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर, सीकर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार नायब तहसीलदार, भू–राजस्व निरीक्षक, नीमकाथाना व पटवारी हल्का द्वारा मौके पर सीमाज्ञान करावाकर भौतिक रूप से प्रश्नगत अतिक्रमण को हटवा दिया गया है।

इस प्रकार अतिक्रमण को हटवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.11(80)लोआस/2019

परिवादी श्री विजेन्द्र सिंह राजपूत पुत्र श्री कन्हैयालाल, निवासी मालाखेड़ा बाजार, राजगढ़, अलवर का अभिकथन था कि तहसीलदार, बसवा द्वारा परिवादी के

मृतक भाई स्व0 श्री राजकुमार की जायदाद का नामान्तकरण परिवादी व उसके भाई–बहनों के नाम नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर, दौसा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने पर दिनांक 10.12. 2019 को मृतक का नामान्तकरण खोलने की तहरीर जारी की जा चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.7(36)लोआस / 2018

परिवादी श्री सत्यवीर सिंह यादव पुत्र श्री तुलाराम यादव, निवासी ग्राम शिवदान सिंह पुरा, पोस्ट खोहर, तहसील बहरोड़, जिला अलवर का अभिकथन था कि कालाबाजारी करने पर राशन डीलर श्री सुभाषचन्द के विरूद्ध जिला रसद अधिकारी, अलवर द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उक्त राशन डीलर का प्राधिकार पत्र संख्या 1586/2012 राजस्थान खाद्यान्न एवं अन्य आवश्यक पदार्थ (वितरण व विनियमन) आदेश, 1976 के तहत निरस्त कर दिया गया है एवं राशन डीलर के विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने का आदेश भी पारित किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को वांछित अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.5(61)लोआस / 2017

परिवादी श्री बलवान शर्मा पुत्र श्री मनीराम शर्मा, निवासी मुकाम पोस्ट लाखलाण, बड़ी, तहसील राजगढ़, जिला चूरू का अभिकथन था कि प्रेरक महिन्द्रा कुमारी तथा प्रेरक श्री राकेश कुमार, ग्राम पंचायत लोक शिक्षा समिति, ग्राम मुकाम

पोस्ट लाखलाण, बड़ी, तहसील राजगढ़, जिला चूरू द्वारा सरकारी राशि व सामान का गबन किया गया है किन्तु दोषियों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, चूरू से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी प्रेरकों श्री राकेश कुमार व श्रीमती महिन्द्रा कुमारी के विरूद्ध विभागीय स्तर पर कार्यवाही की जाकर उन्हें पद से हटा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को वांछित अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.5(48)लोआस / 2019

परिवादी श्रीमती उषा किरण सोलंकी पत्नी श्री बहादुर सिंह, निवासी पीपली का चौक, गुलाब सागर की नहर के पास, जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृति के उपरान्त जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिला कार्यालय, जोधपुर द्वारा परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(149)लोआस / 2020

परिवादी सुश्री मनीषा दाधीच पुत्री श्री प्रदीप कुमार दाधीच, निवासी जी 47, तरूण पथ, श्याम नगर, सोडाला, न्यू सांगानेर रोड़, जिला जयपुर का अभिकथन था कि उनके प्रकरण संख्या 73/2020 महिला थाना दक्षिण, जयपुर में अनुसंधान अधिकारी द्वारा अभियुक्तगण से सांठ–गांठ कर निष्पक्ष अनुसंधान नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में पुलिस उपायुक्त दक्षिण, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण में बाद जांच आरोपी ऋषभ बंसल के विरूद्ध

धारा 498–ए भादसं. का अपराध प्रमाणित पाये जाने पर, आरोप–पत्र संख्या 74/2020 किता कर, न्यायालय एम.एम. 12, जयपुर महानगर में पेश किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(78)लोआस/2021

परिवादी श्रीमती संतरा पत्नी श्री सुवालाल बैरवा, निवासी ग्राम निम्हेड़ा, पोस्ट झिराना, तहसील पीपलू, जिला टोंक का अभिकथन था कि पुलिस थाना पीपलू जिला टोंक के थानाधिकारी द्वारा अपने लोकपदीय कर्तव्यों का दुरूपयोग कर मुलजिमान को गिरफ्तार नहीं कर, उन्हें बचाने का प्रयास किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, टोंक से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण में अनुसंधान पश्चात् आरोपी हेमराज के विरूद्ध धारा 363, 366ए भा.द.सं. का अपराध प्रथम दृष्ट्या प्रमाणित पाये जाने पर चार्जशीट कता की गई एवं न्यायालय में चालान पेश किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(238)लोआस/2019

परिवादी श्रीमती गौरंति देवी बैरवा पत्नी श्री कमलेश बैरवा, निवासी चांदसैन अम्बेडकर कॉलोनी, कृष्णा आई.टी.आई. के पास, राजकीय पायलेट कॉलेज के सामने, लालसोट, दौसा का अभिकथन था कि प्रार्थीया के साथ श्री सोहनलाल बैरवा व अन्य द्वारा मारपीट करने पर पुलिस थाना, लालसोट द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, दौसा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गैरसायल श्री सोहनलाल, श्री भगवान सहाय व रामजीलाल के विरूद्ध धारा 107, 116(3) सीआरपीसी में इस्तगासा दिनांक 26.09.2019 को उपखण्ड मजिस्ट्रेट, लालसोट में पेश किया गया, जिस पर उपखण्ड मजिस्ट्रेट द्वारा गैरसायल

को 20,000/– रूपये के जमानती मुचलकों पर 6 माह के लिये शांति बनाये रखने के लिये पाबन्द किया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

माह मई 2022

एफ.2(3)लोआस/2021

परिवादी श्री रामावतार पुत्र श्री माकाराम, निवासी 47 ई ब्लाक, वार्ड नम्बर 19, निरकांरी भवन के पास, रायसिंह नगर, जिला श्रीगंगानगर का अभिकथन था कि फसल कटाई के प्रयोग से प्राप्त वास्तविक उपज के आँकड़ों के अभाव में बकाया फसल बीमा का क्लेम नहीं दिया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में संयुक्त निदेशक, कृषि (फसल बीमा), जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत नियमानुसार क्लेम प्रदान कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(152)लोआस/2019

परिवादी श्रीमती रेशमा पिंगोलिया पुत्री श्री किशोर कुमार, निवासी इन्द्रा कॉलोनी, ग्राम सामोद, जिला जयपुर का अभिकथन था कि दहेज प्रताड़ना के आरोप के सम्बन्ध में पुलिस थाना, सामोद पर एफआईआर संख्या 90/2019 दर्ज करवायी गयी थी। अनुसंधान अधिकारी श्री अरूण सिंह मुलजिमान के प्रभाव में आ जाने से उनके विरूद्ध कोई कार्यवाही नहीं कर रहे है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण में अनुसंधान के पश्चात् अभियुक्त श्रीपाल डबरिया के विरूद्ध धारा 498–ए भारतीय दण्ड संहिता का अपराध प्रमाणित पाये जाने पर आरोप

पत्र संख्या 160/2020 दिनांक 27.08.2020 किता किया जाकर, चालान न्यायालय एसीजेएम, चौमूं में दिनांक 31.08.2020 को प्रस्तुत किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(251)लोआस/2019

परिवादी श्री श्रवणसिंह रेबारी पुत्र श्री बालकिशन, निवासी ग्राम बालापुरा, तहसील इंदरगढ़, जिला बूंदी का अभिकथन था कि पुलिस थाना इन्द्रगढ़ में अभियोग संख्या 150/2019 दर्ज करवाया था, किन्तु अनुसंधान अधिकारी श्री हंसराज एएसआई द्वारा मुलजिमों से रिश्वत लेकर उन्हें गिरफ्तार करने में शिथिलता बरती जा रही है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, बून्दी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मुलजिमान श्री नानकराम मीणा, श्री नन्दपाल मीणा, श्री गिरधारी रैवारी, श्री रामकल्याण गुर्जर व श्री सांवलराम मीणा के विरूद्ध अपराध अन्तर्गत धारा 341, 323, 325, 308, 147, 148, 149 भादसं. प्रमाणित पाये जाने पर इनके विरूद्ध चार्जशीट संख्या 144 दिनांक 11.10.2019 किता की जाकर चालान न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट, इन्द्रगढ़ में पेश किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(331)लोआस/2019

परिवादी श्री मेघाराम पुत्र श्री निम्बाराम, निवासी ग्राम आलवाड़ा, तहसील सायला, जिला जालौर का अभिकथन था कि मुकदमा संख्या 21/2017 अन्तर्गत जुर्म धारा 420, 406, 120बी भादसं. एवं धारा 3, 4, 5 प्राईज एण्ड चिट फण्ड परिचालन स्कीम अधिनियम में पुलिस थाना सायला की ओर से मुलजिमान को गिरफ्तार कर आवश्यक कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस सम्बन्ध में अतिरिक्त महानिदेशक, पुलिस अपराध शाखा से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण में अनुसंधान उपरान्त, आपराधिक साक्ष्य के आधार पर आरोपीगण करताराम, वगताराम, हीराराम, सुरेश कुमार, मगनाराम,

अजाराम उर्फ अर्जुन, कालूराम के विरूद्ध जुर्म धारा 420, 406, 120बी भादसं. एवं धारा 3, 4, 5 प्राईज एण्ड चिट फण्ड परिचालन स्कीम अधिनियम, 1978 का अपराध प्रमाणित पाते हुये, उन्हें गिरफ्तार किया जाकर अनुसंधान पूर्ण किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.5(103)लोआस / 2018

परिवादी श्री सिद्धार्थ मीना पुत्र स्व0 श्री रत्तीराम मीना, निवासी ग्राम जोध्या, पोस्ट फर्राशपुरा, तहसील सिकराय, जिला दौसा का अभिकथन था कि उसके पिता स्व0 श्री रत्तीराम मीणा की राजकीय सेवा में रहते हुये मृत्यु हो जाने पर जिला शिक्षा अधिकारी, दौसा द्वारा उसे अनुकम्पात्मक नियुक्ति नहीं दी जा रही है।

इस सम्बन्ध में निदेशक, प्रारम्भिक शिक्षा, बीकानेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिला शिक्षा अधिकारी, माध्यमिक शिक्षा, दौसा द्वारा परिवादी को राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय, सवासा, लालसोट, दौसा में अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान कर दी गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुकम्पात्मक नियुक्ति प्रदान करवाई जाकर, अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.5(133)लोआस / 2018

परिवादी श्री प्रधुम्न धूत पुत्र श्री रामावतार धूत, निवासी निदेशक स्टार किड्स स्कूल, मालपुरा, जिला टोंक का अभिकथन था कि जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारम्भिक शिक्षा, टोंक द्वारा स्टार किड्स स्कूल, मालपुरा, टोंक की वर्ष 2014–15 की आरटी पुर्नभरण राशि रूपये 105570/– का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में अतिरिक्त निदेशक (प्रशासन), प्रारम्भिक शिक्षा, बीकानेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को नियमानुसार वांछित भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.7(30)लोआस/2018

परिवादी श्री मुकेश कुमार शर्मा पुत्र स्व0 श्री प्रेम नारायण शर्मा, निवासी मुण्डावर, तहसील मुण्डावर, जिला अलवर का अभिकथन था कि तत्कालीन राशन डीलर श्री सुनील कुमार कौशिक, दुकान नम्बर 681, ग्राम पंचायत मुण्डावर द्वारा करोड़ो रूपये की धांधली की गई है एवं निलम्बन के बाद भी रसद सामग्री उठाकर खुर्दबुर्द की गई है।

इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर, अलवर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार तत्कालीन राशन डीलर श्री सुनील कुमार कौशिक, दुकान नम्बर 681, ग्राम पंचायत मुण्डावर को जारी किया गया प्राधिकार–पत्र खारिज कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.9(48)लोआस/2020

परिवादी श्री प्रेम कुमार पुत्र श्री साहबराम, निवासी वीपीओ संघर, तहसील सूरतगढ़, जिला श्रीगंगानगर का अभिकथन था कि ग्राम संघर में निर्मित गौरव पथ में मापदण्डों के अनुसार सड़क निर्माण नहीं किया गया है।

इस सम्बन्ध में मुख्य अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पाली से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी की उपस्थिति में मौके पर सड़क का निरीक्षण करवाकर क्षतिग्रस्त सड़क को सुधार दिया गया है तथा संबंधित अभियंताओं द्वारा सड़क निर्माण की गुणवत्ता की जांच करवायी जा चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.9(52)लोआस/2020

परिवादी श्री महेन्द्र गहलोत पुत्र श्री चेनाराम गहलोत, निवासी ग्राम पोस्ट बलुन्दा, तहसील जैतारण, जिला पाली का अभिकथन था कि ग्राम बलुन्दा में बस स्टेण्ड से तेजपुरा रोड़ पर 900 मीटर लम्बा गौरव पथ का निर्माण करने में निर्धारित मापदण्डों

के अनुसार निर्माण सामग्री का उपयोग नहीं कर, घटिया निर्माण सामग्री का उपयोग किया गया है।

इस सम्बन्ध में मुख्य अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, पाली से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार संबंधित अधीक्षण अभियंता द्वारा अधिशाषी अभियंता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, सर्वे एवं गुण नियंत्रक खण्ड, पाली की अध्यक्षता में गठित तकनीकी कमेटी द्वारा जाँच किये जाने पर ड्राइक्लीन कांकरीट की मोटाई सही पायी गयी तथा सीसी ब्लाक की मजबूती संतोषजनक पायी गयी एवं तकनीकी अधिकारियों द्वारा सड़क किनारे जहाँ मकान बने हुये है, वहाँ नाली का निर्माण किया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.10(33)लोआस/2020

परिवादी श्री गजराज सिंह, अध्यक्ष, राजस्थान बिजली वर्कर्स फैडरेशन (एटक) बिजली घर का चौराहा, डीजल पावस हाउस, जिला अलवर का अभिकथन था कि ग्राम परसा का बास में दो कृषि कनेक्शनों की अवैध शिफ्टिंग एवं सिंगल फेज द्वारा थ्री फेज बनाकर 24 घण्टे की सप्लाई से बिजली चोरी की जा रही है।

इस सम्बन्ध में सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के परिणामस्वरूप विद्युत विभाग द्वारा प्रश्नगत अवैध कनेक्शन काटकर उसकी शिकायत का निस्तारण कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.11(382)लोआस/2017

परिवादी श्री भागीरथ मेघवाल पुत्र श्री गोरखाराम मेघवाल, निवासी ग्राम गौरीसर, तहसील रतनगढ़, जिला चुरू का अभिकथन था कि ग्राम गौरीसर स्थित बस स्टेण्ड के समीप स्थित गोचर भूमि पर किये गये अतिक्रमण को हटाया नहीं जा रहा है।

इस सम्बन्ध में अतिरिक्त जिला कलक्टर, चुरू से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार गैरमुमकिन गौचर भूमि पर अतिक्रमियों के विरूद्ध राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम, 1956 की धारा 91 के तहत कार्यवाही की गई एवं अतिक्रमियों को भौतिक रूप से बेदखल किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.11(73)लोआस / 2020

परिवादी श्री महावीर प्रसाद शर्मा पुत्र श्री मोतीलाल शर्मा, निवासी ग्राम बादेड़, पोस्ट बाकलिया, तहसील लाडनू, जिला नागौर का अभिकथन था कि खेत खसरा नम्बर 88 बाड़ेला पर किये गये अतिक्रमण को हटाया नहीं जा रहा है।

इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर, नागौर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार उक्त अतिक्रमण को हटवा दिया गया है।

इस प्रकार अतिक्रक्रमण को हटवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.11(235)लोआस / 2019

परिवादी श्री भंवर सिंह दरोगा पुत्र श्री रामेश्वर प्रसाद दरोगा, निवासी ग्राम जूनिया आनन्दपुरा, तहसील केकड़ी, जिला अजमेर का अभिकथन था कि राजकीय प्राथमिक विद्यालय, आनन्दपुरा, तहसील केकड़ी की खातेदारी भूमि खसरा नम्बर 6544 / 3872 से अतिक्रमण नहीं हटाया नहीं जा रहा है।

इस सम्बन्ध में अतिरिक्त जिला कलक्टर (प्रशासन) एवं प्रभारी अधिकारी, राजस्व शाखा, अजमेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार राजीव गांधी स्कूल, आनन्तपुरा विद्यालय की भूमि से अवैध अतिक्रमण प्रशासन द्वारा हटा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(19)लोआस / 2021

परिवादी श्री बबलू सैनी पुत्र श्री कालूलाल सैनी, निवासी ग्राम छत्रपुरा, पोस्ट मोहनपुरा, जिला बूंदी का अभिकथन था कि ग्राम छत्रपुरा के ग्राम विकास अधिकारी श्री ज्ञानीराम मीणा की मिलीभगत से पवन कुमार द्वारा आम रास्ते पर अतिक्रमण किया गया है।

इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, बूंदी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पंचायत के उप सरपंच, सरपंच, वार्ड पंच, ग्राम विकास अधिकारी, कनिष्ठ लिपिक व गांव के मोतबीरों की उपस्थिति में प्रश्नगत अतिक्रमण को हटवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.12(91)लोआस / 2019

परिवादी श्री ओमप्रकाश विश्नोई पुत्र श्री मानाराम विश्नोई, निवासी ग्राम पोस्ट उपरला, तहसील चौहटन, जिला बाड़मेर का अभिकथन था कि ग्राम पंचायत उपरला में सरकारी कार्य योजनाओं के कार्यों में मनरेगा टांकों तथा ग्रेवल सड़क व स्वच्छ भारत मिशन में घटिया सामग्री का उपयोग कर सरकार को लाखों रूपयों का आर्थिक नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के परिणामस्वरूप वर्ष 2014–15 में ग्राम पंचायत उपरला में सरकारी कार्य योजनाओं एवं स्वच्छ भारत मिशन में घटिया सामग्री का उपयोग कर सरकार को लाखों रूपयों का आर्थिक नुकसान पहुंचाने के सम्बन्ध में शिकायत की जांच के दौरान परिवादी को ग्राम विकास अधिकारी द्वारा समस्त रिकॉर्ड का अवलोकन करवाया गया। जिससे परिवादी संतुष्ट पाया गया।

इस प्रकार परिवादी की समस्या का निराकरण किया गया।

एफ.12(115)लोआस / 2021

परिवादी श्री अमराराम पुत्र श्री रामाराम, निवासी रूगाणियों की ढ़ाणी, ग्राम पंचायत केशरपुरा, पंचायत समिति पाटोदी, जिला बाड़मेर का अभिकथन था कि महात्मा गांधी नरेगा योजना के तहत टांका निर्माण कार्य में हुये घोटाले की निष्पक्ष जांच नहीं की जा रही है।

इस सम्बन्ध में मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद, बाड़मेर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी के खेत का टांका निर्माण कार्य ग्राम पंचायत केसरपुरा में वित्तीय वर्ष 2016–17 में स्वीकृत हुआ था, जिसे वर्तमान में सम्पूर्ण सामग्री की आपूर्ति कर मौके पर नियमित निरीक्षण का कार्य पूर्ण करा दिया गया है एवं उक्त कार्य महात्मा गांधी नरेगा साईट पर भौतिक रूप से पूर्ण किया हुआ है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.16(46)लोआस / 2019

परिवादी श्री जितेन्द्र शर्मा पुत्र श्री जयराम शर्मा, निवासी 60, मलवा, टोंक रोड़, शिवदासपुरा, जिला जयपुर का अभिकथन था कि आयुक्त, नगर परिषद, सवाईमाधोपुर द्वारा अपने पद का दुरूपयोग करते हुये अमानत राशि नहीं लौटायी जा रही है।

इस सम्बन्ध में उपनिदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, भरतपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को धरोहर राशि लौटा दी गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.16(117)लोआस / 2021

परिवादी श्री महेश कुमार पुत्र श्री झूंथाराम, निवासी मौहल्ला नवहालों का, वार्ड नं. 11, श्रीमाधोपुर, जिला सीकर का अभिकथन था कि पड़ौसी नानगराम नवहाल के भूखण्ड में स्थित टीकर का पेड़ मेरे घर के ऊपर गिरने की संभावनाओं के चलते

तहसीलदार को पेड़ कटवाने हेतु प्रार्थना पत्र पर दिये आदेश की पालना नगरपालिका, श्रीमाधोपुर द्वारा नहीं की जा रही है।

इस सम्बन्ध में उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी के पड़ौसी नानगराम नवहाल की भूमि में स्थित प्रश्नगत टीकर के पेड़ के सम्बन्ध में नगरपालिका, श्रीमाधोपुर द्वारा दोनों पक्षों में समझौता करवाकर समस्या का समाधान कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.16(163)लोआस / 2017

परिवादी श्री रामजीलाल मीणा पुत्र श्री कंवरपाल मीणा, निवासी 25, महाराणा प्रताप कॉलोनी, जिला सवाईमाधोपुर का अभिकथन था कि भूखण्ड संख्या 111, महाराणा प्रताप कॉलोनी, सवाईमाधोपुर का पट्टा जारी नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में आयुक्त, नगर परिषद, सवाईमाधोपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत भूखण्ड का पट्टा नियमानुसार जारी कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.16(164)लोआस / 2015

परिवादी आगाज सेवा समिति (एनजीओ) जरिए सचिव अब्दुल वाहिद, पुराना पावर हाउस के सामने, डिस्पेन्सरी नम्बर 02 के पास, देवीपुरा रोड़, सीकर का अभिकथन था कि श्री दिलीप सोनी बी / 12, तोदी नगर, सांवली रोड़, सीकर द्वारा नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा 194 व 245 की अवहेलना कर, बिना स्वीकृति, बिना सेट बैक छोड़े, नक्शे के विपरीत दो मंजिला अवैध कॉम्प्लेक्स का निर्माण किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में आयुक्त, नगर परिषद, सीकर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार सेटबैक में भूखण्डधारी द्वारा किये गये ग्राउण्ड व प्रथम मंजिल निर्माण को पूर्ण रूपेण हटवा दिया गया है। सेटबैक में किया गया अवैध निर्माण भी पूर्णतया हटवा दिया गया है।

इस प्रकार प्रश्नगत अवैध निर्माण के विरूद्ध प्रभावी कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.16(169)लोआस/2018

परिवादी श्री विकास बंसल पुत्र श्री सीताराम बंसल, निवासी अग्रवाल बेकर्स, बस स्टैण्ड, देवली, जिला टोंक का अभिकथन था कि श्रीमती शिखा जैन द्वारा आवासीय भवन में वोडाफोन का ऑफिस बनाकर आवासीय भूमि को व्यावसायिक उपयोग में लिया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में नगरपालिका, देवली से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत आवासीय भवन में दुकान बन्द है तथा वोडाफोन का कारोबार संचालित नही हो रहा है। इसकी विडियोग्राफी व फोटोग्राफी भी करवायी गई।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.16(295)लोआस/2018

परिवादी श्री फूलचंद सैनी पुत्र स्व0 श्री देवाराम सैनी, निवासी ग्राम ढ़ाणी राकड़िया की, वार्ड नम्बर 20, दिल्ली रोड़, शाहपुरा, जिला जयपुर का अभिकथन था कि नगरपालिका, शाहपुरा द्वारा वार्ड संख्या 20 एन.एच. 8, ढ़ाणी राकड़िया होकर गायत्री नगर जाजैखुर्द होकर वार्ड नम्बर 21 व अन्य ढ़ाणियों को जोड़ने वाले मुख्य सड़क को निर्माण के नाम पर खोद–खोदकर काम को रोक दिया गया।

इस सम्बन्ध में उपनिदेशक, स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मैसर्स कृष्णा कन्स्ट्रेक्शन कम्पनी, शाहपुरा को

कार्यादेश दिया गया था जिसके क्रम में फर्म द्वारा सीसी सड़क एवं नाली निर्माण का कार्य पूर्ण कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.16(496)लोआस / 2017

परिवादी श्री सुरेश कुमार सैनी पुत्र श्री गगोली राम सैनी, निवासी वार्ड नम्बर 30, तीन गोदी, मौहल्ला कामां गेट, डीग, जिला भरतपुर का अभिकथन था कि नगर पालिका, डीग द्वारा अतिक्रमण को हटाने के आदेश जारी करने के उपरान्त भी श्री शोभाराम द्वारा अपने मकान के आगे आम–रास्ते पर अतिक्रमण कर रास्ता बन्द कर दिया गया है।

इस सम्बन्ध में उपनिदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, भरतपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार नगर पालिका, डीग द्वारा प्रश्नगत आम रास्ते के अतिक्रमण को हटवा दिया गया है।

इस प्रकार आम रास्ते पर किये गये अतिक्रमण को हटवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.16(547)लोआस / 2018

परिवादी श्री एस.एन. गुप्ता पुत्र श्री एम.एल. गुप्ता, निवासी ए–17–ए, अनिता कॉलोनी, बजाज नगर, जिला जयपुर का अभिकथन था कि उनकी दुकान के आगे नगर निगम के सफाई कर्मचारियों द्वारा कचरा एकत्रित किया जा रहा है एवं दुकानों के आगे ऑटोवालों द्वारा अवैध पार्किंग की हुई है।

इस सम्बन्ध में अतिरिक्त आयुक्त, नगर निगम, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक द्वारा मार्केट व आस–पास के क्षेत्र में सफाई करवाकर कचरा उठवा दिया गया है एवं पुलिस आयुक्त,

यातायात, जयपुर की रिपोर्ट के अनुसार परिवादी की दुकान के सामने खड़े ऑटो चालकों को समझाईश कर उक्त स्थान पर लगने वाले ऑटो को भविष्य में अन्य स्थान पर लगाने की हिदायत देते हुये ऑटो स्टैण्ड हटवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को वांछित अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.16(762)लोआस/2015

परिवादी श्री श्रीचन्द महरिया पुत्र श्री कजोड़, निवासी भास्कर हार्डवेयर, मुकुन्दगढ़ रोड़, वार्ड नम्बर 15, लक्ष्मणगढ़, जिला सीकर का अभिकथन था कि श्रीमती प्रियंका बुड़ानिया, अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका लक्ष्मणगढ़ द्वारा रिश्वत लेकर सरकार को नुकसान पहुंचाकर शहर में अवैध निर्माण करवाये जा रहे है।

इस सम्बन्ध में उप निदेशक (क्षेत्रीय), स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार श्रीमती प्रियंका बुड़ानिया, तत्कालीन अधिशाषी अधिकारी, नगरपालिका लक्ष्मणगढ़ के विरूद्ध सीसीए नियम 17 के तहत अनुशासनात्मक कार्यवाही कर उसका स्पष्टीकरण लेते हुये कार्यवाही ड्रोप की गई और हिदायत दी गई कि भविष्य में नगरपालिका हित के मामलों, राजस्व सम्बन्धी मामलों एवं आवश्यक प्रकरणों में उसके द्वारा त्वरित गति से निस्तारण कार्य सम्पन्न करवाया जावें।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.17(166)लोआस/2018

परिवादी श्री कैलाश चन्द, लक्ष्मी ट्रेडर्स, निवासी 27, विकास पथ, जिला अलवर का अभिकथन था कि आवासन मण्डल, अलवर द्वारा उनकी फर्म लक्ष्मी ट्रेडर्स के नाम से बनवाई हुई एफ.डी. की राशि भविष्य निधि के मद्दे रोक ली गई है और राशि नहीं दी जा रही है।

इस सम्बन्ध में सचिव, राजस्थान आवासन मण्डल, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी फर्म की सम्पूर्ण राशि नियमानुसार वापिस लौटा दी गई है।

इस प्रकार परिवादी को वांछित अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.30(12)लोआस/2017

परिवादी श्री ओमप्रकाश शर्मा पुत्र स्व0 श्री हरिवृत्त शर्मा, निवासी राजकीय सीनियर सैकेण्ड्री गर्ल्स स्कूल के सामने, पुराने पुलिस थाने के पास, तहसील रूपवास, जिला भरतपुर का अभिकथन था कि उनकी पुत्री करिश्मा शर्मा एवं पूजा लवानियां को छात्रवृत्ति नहीं दी जा रही है।

इस सम्बन्ध में श्रम आयुक्त, श्रम विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी की पुत्री करिश्मा शर्मा एवं पूजा लवानियां को नियमानुसार छात्रवृत्ति प्रदान की जा चुकी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.31(64)लोआस/2018

परिवादी श्री राजेन्द्र कुमार गोयल पुत्र श्री बसंतलाल गोयल, निवासी 8, राम कुटीर स्वामी, दयानन्द मार्ग, जिला अलवर का अभिकथन था कि तीन साल से पानी की सप्लाई नहीं हो रही है एवं पिछले चार माह से तो एक बून्द पानी नहीं आया है। इस सम्बन्ध में जलदाय विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस सम्बन्ध में मुख्य अभियंता (प्रशासन), जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी के निवास पर उच्च जलाशय से लगभग 50 से 55 मिनट की अवधि के लिये पेयजल आपूर्ति की जा रही है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.35(5)लोआस / 2020

परिवादी श्री गुरभाग सिंह पुत्र श्री हरमंदर सिंह, निवासी वार्ड 2, केसरीसिंहपुर, तहसील श्रीकरणपुर, जिला श्रीगंगानगर का अभिकथन था कि परविन्दर सिंह, अध्यक्ष, जल उपभोक्ता संगम द्वारा परिवादी का पानी काटकर गुरदीप सिंह के खाते में बांधा गया है।

इस सम्बन्ध में मुख्य अभियंता, जल संसाधन (उत्तर) से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार अधिशाषी अभियंता, जल संसाधन, उत्तर खण्ड, श्रीगंगानगर द्वारा खण्ड कार्यालय में परिवादी व उसके अधिवक्ता की उपस्थिति में राजस्व रिकॉर्ड में बाराबंदी से मिलान किया गया। जिसके अनुसार परिवादी द्वारा अपनी सहमति प्रदान की गई।

इस प्रकार परिवादी की समस्या का निराकरण किया गया।

एफ.35(101)लोआस / 2016

परिवादी श्री रामबिलास गुर्जर पुत्र श्री बद्री लाल गुर्जर, निवासी ग्राम व पोस्ट ककोड़, तहसील उनियारा, जिला टोंक का अभिकथन था कि खसरा नम्बर 1488 व 1489 जो सार्वजनिक तालाब की भूमि है, में पानी की आवक बन्द करवाकर कॉलोनी काट दी गयी है। इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर, टोंक, उपखण्ड अधिकारी, उनियारा एवं नायब तहसीलदार, बनेठा द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है।

इस सम्बन्ध में सचिवालय द्वारा की गई कार्यवाही के परिणामस्वरूप प्रश्नगत भूमि पर से अवैध प्लाटिंग के निशानात हटा दिये गये है एवं श्री गोलछा से वसूली योग्य राशि 4,19,898.82/— में से 2,76,069/— रू. की वसूली कर ली गई है एवं 1,43,829.82/— रु. के सम्बन्ध में प्रकरण माननीय राजस्थान उच्च न्यायालय में विचाराधीन है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.35(107)लोआस/2019

परिवादी श्री हरीश देवंदा पुत्र श्री मालीराम, निवासी मुकाम पोस्ट गोवास, तहसील नीमकाथाना, जिला सीकर का अभिकथन था गैर मुमकिन नदी/नाला को अवरूद्ध कर नदी/नाला की भूमि पर अनधिकृत रूप से मिट्टी डालकर समतल कर अतिक्रमण कर लिये गये है।

इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर, सीकर एवं उपनिदेशक क्षेत्रीय, स्थानीय निकाय विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रश्नगत अतिक्रमण को हटवा दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.35(394)लोआस/2018

परिवादी श्री रामलाल बैरवा पुत्र श्री गोपी बैरवा, निवासी ग्राम हाड़िकला, तहसील पीपलू, जिला टोंक का अभिकथन था कि मुकदमा संख्या 29/2018, थाना घाड़, जिला टोंक में पीड़ितों को राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत दूसरी किश्त की राशि नहीं दी जा रही है।

इस सम्बन्ध में जिला कलेक्टर, टोंक से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को राजस्थान पीड़ित प्रतिकर स्कीम के तहत दूसरी किश्त की राशि प्रदान कर दी गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.35(410)लोआस/2018

परिवादी श्री रविन्द्र सिंह ठाकुर पुत्र श्री हुकम सिंह परमार, निवासी ग्राम पोस्ट तसीमौं, तहसील सैंपऊ, जिला धौलपुर का अभिकथन था कि खसरा नम्बर 2471 पर वर्ष 2010 में फर्जी पट्टे के आधार पर किये गये अतिक्रमण को हटाया नहीं जा रहा है।

इस सम्बन्ध में कार्यालय जिला मजिस्ट्रेट, धौलपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ग्राम पंचायत तसीमौं द्वारा अपने अधिकार क्षेत्र से बाहर जाकर बारानी गोखा सिवाय चक जमीन के जारी किये गये पट्टे को विकास अधिकारी, पंचायत समिति, सैंपऊ द्वारा निरस्त कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.35(426)लोआस/2018

परिवादी श्री बाबूलाल शर्मा, निवासी 139, महाराणा प्रताप नगर, केशव विद्यापीठ, जामड़ोली, जिला जयपुर एवं श्री कैलाश चन्द गुप्ता पुत्र श्री ब्रजमोहन गुप्ता, निवासी पुरानी अनाज मण्डी, दौसा का अभिकथन था आपातकाल 1975 के विरोध में सत्याग्रह करने वाले बंधुओं को राज्य सरकार द्वारा लोकतंत्र सेनानी घोषित कर पेंशन का लाभ देने के आदेश की पालना में दौसा कलक्टर द्वारा 30 बंधुओं को लोकतंत्र सेनानी मानते हुये उनकी पेंशन स्वीकृति के आदेश दिय गये थे लेकिन इसके बावजूद भी डिप्टी डायरेक्टर, पेंशन विभाग श्रीमती दीपा गुप्ता द्वारा पेंशन आदेश जारी नहीं किये जा रहे है।

इस सम्बन्ध में निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी के प्रकरणों का निस्तारण कर उनके पीपीओ, संबंधित कोषागार को भुगतान हेतु भिजवा दिये गये हैं।

इस प्रकार परिवादीं को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.35(431)लोआस/2018

परिवादी श्रीमती अनीता देवी चौहान पत्नी श्री छीतरमल चौहान, निवासी वार्ड नम्बर 23, धायल अस्पताल के पीछे, रींगस, तहसील श्रीमाधोपुर, जिला सीकर का अभिकथन था कि उनके आवासीय मकान के ऊपर से विद्युत उच्च वोल्ट (11 केवी) की लाईन हटवाई नहीं जा रही है जिससे दुर्घटना होने की संभावना बनी रहती है।

इस सम्बन्ध में अधिशाषी अभियंता, अजमेर विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, रींगस, जिला सीकर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार लाईन शिफ्टिंग का कार्य पूर्ण कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.47(3)लोआस / 2021

परिवादी श्री बाबूलाल यादव पुत्र श्री कुन्दन, निवासी खेड़ला बुजुर्ग, तहसील महुआ, जिला दौसा का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृति के उपरान्त जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में वरिष्ठ अतिरिक्त निदेशक (सतर्कता), राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिला कार्यालय, जोधपुर द्वारा परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.47(19)लोआस / 2021

परिवादी श्रीमती चन्द्रकान्ता माथुर पत्नी स्व0 श्री भवानीशंकर माथुर, निवासी 117 / 420, थड़ी मार्केट, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जिला जयपुर का अभिकथन था कि उनके पति की मृत्यु उपरान्त उन्हें पारिवारिक पेंशन नहीं दी जा रही है।

इस सम्बन्ध में अतिरिक्त निदेशक, पेंशन एवं पेंशनर्स कल्याण विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को बकाया भुगतान के साथ पारिवारिक पेंशन शुरू कर दी गयी है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.47(51)लोआस / 2019

परिवादी श्री भंवरलाल गुर्जर पुत्र श्री तेजाराम गुर्जर, निवासी 20, विद्या पार्क नंबर 01, सेन्ट्रल स्कूल रोड़, एयरफोर्स, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृति के उपरान्त जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिला कार्यालय, जोधपुर द्वारा परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.47(93)लोआस / 2019

परिवादी श्रीमती यशोदा देवी पत्नी स्व0 श्री प्रभुराम सैन, निवासी मुकाम पोस्ट पादूकलां, तहसील रियाबड़ी, जिला नागौर का अभिकथन था कि उन्हें उनके पति की सेवानिवृति के उपरान्त जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.47(110)लोआस / 2019

परिवादी श्रीमती लक्ष्मीदेवी पत्नी स्व0 श्री मदननाथ, निवासी जड़ाऊ कच्चा मार्ग, रियाबड़ी, तहसील रियाबड़ी, जिला नागौर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृति के उपरान्त जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.47(164)लोआस/2019

परिवादी श्री चन्द्र शेखर सिंह पुत्र श्री मोहन सिंह, निवासी ग्राम पोस्ट इन्द्रोका, वाया तिंवरी, जिला जोधपुर का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृति के उपरान्त जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार जिला कार्यालय, जोधपुर द्वारा परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.47(165)लोआस/2019

परिवादी श्री जगदीश चंद जोशी पुत्र श्री घीसुलाल जोशी, निवासी सुथारों का बास, पिपलिया कलां, जिला पाली का अभिकथन था कि उन्हें सेवानिवृति के उपरान्त जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में निदेशक, राज्य बीमा एवं प्रावधायी निधि विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी को जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार जीपीएफ राशि का पूर्ण भुगतान दिलवाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

माह जून 2022

एफ.3(414)लोआस / 2019

परिवादी श्री पूनमचंद जैन पुत्र श्री धर्मचंद जैन, निवासी आरटीआई कार्यकर्ता बटक भैरूपाड़ा, जिला बूंदी का अभिकथन था कि श्री कजोड़ सिंह एच.सी. संख्या 554 पुलिस थाना सदर द्वारा गलत रूप से चालान किया गया व सही राशि राज्य सरकार में जमा नहीं करवायी गयी।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, बूंदी से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार दोषी पुलिसकर्मी को सीसीए नियम 17 के तहत आरोप पत्र जारी कर, कार्मिक का स्पष्टीकरण प्राप्त कर प्रकरण निर्णीत कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(145)लोआस / 2021

परिवादी श्री हरीश कुमार पुत्र स्व0 श्री किशनलाल, निवासी ग्राम दूधवा, तहसील सूरजगढ़, जिला झुंझुनू का अभिकथन था कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 189 / 2021 व 190 / 2021 पुलिस थाना पिलानी, झुंझुनू के अनुसंधान अधिकारी श्री सुभाष चंद लाम्बा द्वारा पद का दुरूपयोग, भ्रष्ट आचरण एवं विधि विरूद्ध कृत्य कर दोनों प्राथमिकियों का निष्पक्ष एवं विधि सम्मत अनुसंधान नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, झुंझुनू से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 189 / 2021 में अभियुक्तगण के विरूद्ध आरोप पत्र संख्या 94 एवं प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 190 / 2021 में अभियुक्तगण के विरूद्ध आरोप पत्र संख्या 108 किता किये जाकर सक्षम न्यायालय में प्रस्तुत कर दिये गये है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.3(42)लोआस / 2019

परिवादी श्री सुरेन्द्र सिंह जाट पुत्र श्री मानसिंह जाट, निवासी ग्राम नंगला देशवाल पोस्ट जाटोली (थून), तहसील डीग, जिला भरतपुर का अभिकथन था कि प्रथम सूचना रिपोर्ट संख्या 462/18 थाना कुम्हेर, जिला भरतपुर में दर्ज दहेज–हत्या प्रकरण 304–बी के आरोपियों को घटना के छः माह बाद भी गिरफ्तार नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक, भरतपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार प्रकरण संख्या 462/18 पुलिस थाना कुम्हेर के मामले में अभियुक्तगण श्री मनोज, श्री किशनसिंह व श्रीमती चन्द्रवती को बाद अनुसंधान गिरफ्तार किया जाकर, उनके विरूद्ध सक्षम न्यायालय में आरोप पत्र प्रस्तुत किया जा चुका है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.8(59)लोआस / 2018

परिवादी श्री राधेश्याम सैन पुत्र श्री गोपीचंद सैन, निवासी एजेंसी एरिया देवली, जिला टोंक का अभिकथन था कि उनकी पत्नी शीला सैन, जो कि राजकीय सेवा में थी, की आकस्मिक मृत्यु के उपरान्त उनके पुत्र को अनुकम्पा नियुक्ति नहीं दी जा रही है।

इस सम्बन्ध में अतिरिक्त निदेशक (अराजपत्रित), चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी के पुत्र को चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी के पद पर अनुकम्पा नियुक्ति प्रदान कर दी गई है।

इस प्रकार इस सचिवालय के हस्तक्षेप उपरान्त परिवादी को वांछित अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.9(7)लोआस / 2021

परिवादी श्री भंवरलाल पूनिया पुत्र स्व0 श्री सुगना राम, मैसर्स पूनिया कन्स्ट्रक्शन कम्पनी पड़िहारा, जिला चूरू का अभिकथन था कि मैसर्स पूनिया कन्स्ट्रेक्शन कम्पनी को आवंटित कार्य से संबंधित बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में मुख्य अभियंता (पथ) एवं अतिरिक्त सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग, जयपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार मैसर्स पूनिया कन्स्ट्रक्शन कम्पनी को संबंधित बिलों का भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.9(9)लोआस/2019

परिवादी श्री प्रदीप कुमार गुप्ता पुत्र श्री सतीशचंद्र अग्रवाल, निवासी मकान नम्बर 70–ए, राजेन्द्र विहार, न्यू आकाशवाणी कॉलोनी, नयापुरा, जिला कोटा का अभिकथन था कि उनके द्वारा राजकीय महाविद्यालय, कोटा में किये गये विभिन्न निर्माण कार्यों के अंतिम बिलों का भुगतान नहीं किया जा रहा है।

इस सम्बन्ध में मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त सचिव, सार्वजनिक निर्माण विभाग से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी के अंतिम बिलों का भुगतान कर दिया गया है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.10(92)लोआस/2018

परिवादी श्री अमीलाल सुथार पुत्र श्री पूर्णराम सुथार, निवासी 6–डी–124, जय नारायण व्यास कॉलोनी, जिला बीकानेर का अभिकथन था कि कृषि भूमि चक 8 एमएल नेतेवाला, जिला श्रीगंगानगर के मुरब्बा नम्बर 104 के किला नम्बर 5 में मार्च 1969 से लिये गये विद्युत कनेक्शन को कनिष्ठ अभियंता व उनके स्टाफ द्वारा अनधिकृत रूप से 5 एमएल मुरब्बा नम्बर 101 के किला नम्बर 6 में शिफ्ट कर दिया गया है।

इस सम्बन्ध में जोधपुर डिस्कॉम, जोधपुर से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी अमीलाल सुथार ने अपने भाइयों से आपसी विवाद के कारण शिकायत की है। प्रकरण में कृषि कनेक्शन दो भाईयों के नाम से संयुक्त रूप में

जारी किया गया था। कनेक्शन के स्थान परिवर्तन से पूर्व अन्य नामधारी से सहमति ली जानी आवश्यक थी और चूंकि जहां पूर्व में कनेक्शन चल रहा था उसका भूमि स्वामित्व परिवादी अमीलाल का भी था इसलिए उसकी सहमति आवश्यक थी। जिसके लिये संबंधित सहायक अभियंता (ग्रामीण), श्रीगंगानगर द्वारा यह सहमति नहीं ली गई। सहायक अभियंता (ग्रामीण), श्रीगंगानगर के विरूद्ध विभागीय जांच की जाकर आरोप–पत्र जारी किया गया। सहायक अभियंता को भविष्य में सजग रहने की चेतावनी देते हुए उसके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही समाप्त कर दी गई।

इस प्रकार इस सचिवालय के द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जाकर अपचारी लोकसेवक के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.11(101)लोआस / 2020

परिवादी श्री उमाराम रबारी पुत्र श्री जगमालजी रबारी, निवासी लुणोल, तहसील रेवदर, जिला सिरोही का अभिकथन था कि उनके पिता के नाम दर्ज भूमि की राजस्व नक्शे में तरमीम नहीं की जा रही है।

इस सम्बन्ध में जिला कलक्टर, सिरोही से तथ्यात्मक रिपोर्ट तलब की गई । प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार परिवादी के पिता के नाम से स्थित खातेदारी भूमि की राजस्व नक्शे में तरमीम कर दी गई है।

इस प्रकार परिवादी को अनुतोष प्रदान किया गया।

एफ.11(967)लोआस / 2016

परिवादी श्री संदीप भटैया पुत्र श्री सुबेसिंह, निवासी ग्राम झेरली, तहसील सूरजगढ़, जिला झुंझुनू का अभिकथन था कि ग्राम झेरली स्थित खसरा नम्बर 215 गोचर भूमि पर किये गये अतिक्रमण को स्थानीय प्रशासन को शिकायत किये जाने पर भी हटाया नहीं जा रहा है।

